आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी 06:59 तक उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 5 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 225, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को रूस ने दी मान्यता 14
हम धर्म निरपेक्ष, कांग्रेस सांप्रदायिक पार्टी : रीजीजू 12

## सीयूईटी-यूजी के परिणाम घोषित, एक अभ्यर्थी को 4 विषयों में 100 पर्सेंटाइल

नई दिल्ली, एजेंसी

- देशभर के 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में शीर्ष पर्सेंटाइल हासिल किया

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) में एक अभ्यर्थी ने चार विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए जबकि देशभर के 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में शीर्ष पर्सेंटाइल हासिल किया है। एनटीए ने 13,54,699 अभ्यर्थियों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में सीयूईटी-यूजी आयोजित की थी। इन अभ्यर्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए विभिन्न विषयों की परीक्षा के लिए आवेदन किया था।

एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि केवल एक अभ्यर्थी ने अपने चुने हुए पांच विषयों में से चार में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। कुल 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं, जबकि 150 अभ्यर्थियों ने दो विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। कुल मिलाकर, सीयूईटी-यूजी 2025 में अभ्यर्थियों को 37 विषय पेश किए गए थे। अभ्यर्थी भाषा और सामान्य योग्यता परीक्षा समेत अधिकतम पांच विषय चुन सकते हैं। प्रश्न पत्र 13 भाषाओं में था, जिनमें अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल थे। सीयूईटी-यूजी 2025 परीक्षा 300 शहरों में आयोजित की गई थी। सीयूईटी-यूजी में इस साल रिकॉर्ड 13.5 लाख आवेदन आए।

## यूपी की आस्था नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट

### नौसेना विमानन की लड़ाकू शाखा में शामिल हुईं सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया, उड़ाएंगी फाइटर जेट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना के इतिहास में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया नौसेना विमानन की लड़ाकू शाखा में शामिल होने वाली पहली महिला बन गई हैं। आस्था मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बागपत जिले की रहने वाली हैं।

सब-लेफ्टिनेंट पूनिया भारतीय सेना में शामिल अग्रिम पंक्ति के उन्नत लड़ाकू विमान उड़ाएंगी। उनकी नियुक्ति के साथ ही भारतीय नौसेना में महिला लड़ाकू पायलट के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त होगा। अधिकारियों ने बताया कि पूनिया अब लड़ाकू पायलट के रूप में योग्यता प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण लेंगी। भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा में दूसरे बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के समापन का जश्न मनाया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सहायक नौसेनाध्यक्ष (वायु) रियर एडमिरल जनक बेवली ने तीन जुलाई को विंगिंग समारोह में लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढल और सब लेफ्टिनेंट पूनिया को प्रतिष्ठित विंग्स ऑफ गोल्ड प्रदान किया।



एक समारोह में सब लेफ्टिनेंट पूनिया को प्रतिष्ठित विंग्स ऑफ गोल्ड प्रदान किया गया।

### लैंगिक समावेशिता के प्रति नौसेना प्रतिबद्ध

भारतीय नौसेना समुद्री टोही (एमआर) विमानों और हेलीकॉप्टर में पायलट और नौसेना वायु संचालन में महिला अधिकारियों को पहले ही शामिल कर चुकी है। सब लेफ्टिनेंट पूनिया को लड़ाकू शाखा में शामिल करना नौसेना विमानन में लैंगिक समावेशिता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और समानता की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

### बचपन से पायलट बनने का था सपना

आस्था पूनिया यूपी के बागपत जिले की रहने वाली है। उनकी इस उपलब्धि से उनके पैतृक गांव बागपत के हिसावदा में खुशी का माहौल है। आस्था के पिता अरूण पूनिया मेरठ के सरधना स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में गणित के शिक्षक है। अरूण पूनिया ने बताया कि आस्था का बचपन से पायलट बनने का सपना था, जिसे उसने सच कर दिया।

# नए भारत के लिए आकाश भी अब सीमा नहीं रहा : मोदी

## त्रिनिदाद एवं टोबैगो में प्रवासी भारतीयों की सभा में बोले प्रधानमंत्री

- कहा-भारत शीघ्र दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्था में होगा शामिल

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमी कंडक्टर एवं क्वांटम कंप्यूटिंग संबंधी इसके मिशन विकास के नए इंजन बन रहे हैं। मोदी ने गुरुवार को प्रवासी भारतीयों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज अवसरों की भूमि है और इसके विकास एवं प्रगति का लाभ सर्वाधिक जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि नए भारत के लिए आकाश भी सीमा नहीं है।

प्रधानमंत्री पांच देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण में दो दिवसीय यात्रा के तहत गुरुवार को त्रिनिदाद एवं टोबैगो पहुंचे। यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों, सांसदों और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित 4,000 से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रह रहे भारतीय समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने अपनी धरती छोड़ दी लेकिन आत्मा नहीं छोड़ी। गंगा और यमुना को पीछे छोड़ दिया लेकिन अपने दिलों में रामायण को ले गए। आप सिर्फ प्रवासी नहीं एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक हैं। कहा कि भारत गिरमिटिया समुदाय का एक व्यापक डेटाबेस बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। मोदी ने कहा कि वह अयोध्या स्थित राम मंदिर की प्रतिकृति, सरयू नदी और महाकुंभ का जल लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि मैं कमला जी (प्रधानमंत्री) से अनुरोध करता हूं कि वह इस पवित्र जल को यहां गंगा धारा में अर्पित करें। मोदी ने कहा कि भारत के विकास को उसके नवोन्मेषी और ऊर्जावान युवा गति दे रहे हैं। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है। इनमें से आधे स्टार्टअप में निदेशक के रूप में महिलाएं हैं। लगभग 120 स्टार्टअप को 'यूनिकॉर्न' का दर्जा मिला है। कहा कि भारत के यूपीआई ने डिजिटल भुगतान में क्रांति ला दी है।



पोर्ट ऑफ स्पेन में प्रधानमंत्री मोदी का गीतों से स्वागत करते भारतीय समुदाय के लोग। • एजेंसी

## सुरंग, पुल वाले मार्गों पर टोल शुल्क में 50 % तक कमी

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों के उन खंडों के लिए टोल दरों में 50 प्रतिशत तक की कटौती की है, जिनमें सुरंगों, पुलों, फ्लाईओवर या एलिवेटेड सड़क जैसी संरचनाएं हैं। यह कदम मोटर चालकों के लिए यात्रा लागत को कम करेगा। राष्ट्रीय राजमार्गों पर मौजूद टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्कों का संग्रह राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 के अनुरूप एकत्र किए जाते हैं।

- सड़क परिवहन मंत्रालय ने शुल्क गणना के नियमों को बदला

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2008 के नियमों में संशोधन किया है और टोल शुल्क की गणना के लिए एक नई पद्धति या फॉर्मूले को अधिसूचित किया है। बुधवार को जारी इस अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग के संरचना या संरचनाओं वाले खंड के उपयोग के लिए शुल्क दर की गणना, संरचना की लंबाई को छोड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग के खंड की लंबाई में संरचना या संरचनाओं की लंबाई का दस गुना जोड़कर या राष्ट्रीय राजमार्ग के खंड की कुल लंबाई का पांच गुना, जो भी कम हो, की जाएगी। इसमें संरचना का मतलब एक स्वतंत्र पुल, सुरंग या फ्लाईओवर या एलिवेटेड राजमार्ग से है। मौजूदा नियमों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रत्येक किलोमीटर संरचना के लिए उपयोगकर्ता नियमित टोल का दस गुना भुगतान करते हैं।

## मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**हिंदू पक्ष की याचिका खारिज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित मुकदमों में से एक आवेदन को गुरुवार को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े मामलों से संबंधित भविष्य की सभी कार्यवाहियों में शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित संरचना कहकर संबोधित नहीं किया जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

मालूम हो कि हिंदू पक्षकार अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने पांच मार्च को कोर्ट से मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग को लेकर एक याचिका दाखिल की थी, जिस पर कोर्ट ने अपना फैसला 23 मई को सुरक्षित कर लिया था। दरअसल अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष मासरे आलम गिरी से लेकर मथुरा के कलेक्टर रहे एफएस ग्राउस तक के समय में लिखी गई इतिहास की पुस्तकों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि प्रश्नगत स्थल पर पहले मंदिर था। मस्जिद पक्ष की ओर से वहां पर मस्जिद होने का कोई साक्ष्य आज तक प्रस्तुत नहीं किया गया। न खसरा-खतौनी में मस्जिद का नाम है, न नगर निगम में इसका कोई रिकॉर्ड। मस्जिद पक्ष की ओर से कोई टैक्स भी नहीं दिया जा रहा है। शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट भी हो चुकी है। फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? अतः मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया जाना चाहिए। इस पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी।

### ज्ञानवापी पर सुनवाई टली

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में स्थित वजूखाने के एएसआई सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई टाल दी गई। अब सुनवाई आगामी 6 अगस्त 2025 को होगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने उपासना स्थल कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई लंबित होने के कारण दिया।

## बोलेरो कॉलेज की दीवार में घुसी, दूल्हे सहित 5 की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- बदायूं-मेरठ हाईवे पर जुनावई में हादसा, चार बराती घायल

**अमृत विचार :** संभल जिले के जुनावई थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम भीषण हादसा हुआ। बरात की बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलटने के बाद इंटर कॉलेज की दीवार में जा घुसी। हादसे में दूल्हा सहित 5 लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए।

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव हरगोविंदपुर निवासी सुखराम के बेटे सूरज की बरात शुक्रवार शाम बदायूं जिले की बिल्सी तहसील क्षेत्र के गांव सिरतौल के लिए रवाना हुई थी। बोलेरो में दूल्हे सूरज सहित 10 लोग सवार थे। तेज रफ्तार बोलेरो बदायूं-मेरठ हाईवे पर जुनावई में जनता इंटर कॉलेज के पास पहुंची अनियंत्रित होकर पलट गई और कॉलेज की दीवार में जा घुसी। हादसे में दूल्हा सूरज (22), उसकी भाभी आशा (26), आशा की बेटी ऐश्वर्या (02), विष्णु (06) पुत्र मनोज और एक अज्ञात की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।



## प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में सुनवाई पूरी

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में प्राइमरी स्कूलों के विलय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी करते हुए अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है।

न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ में कृष्णा कुमारी व अन्य की ओर से दाखिल दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई पूर्ण की। याचियों ने विलय संबंधी राज्य सरकार के 16 जून के आदेश को खारिज करने की मांग की है। उनकी ओर से अधिवक्ताओं एलपी मिश्रा व गौरव मेहरोत्रा की दलील थी कि सरकार का कृत्य संविधान के अनुच्छेद 21 ए में प्रदत्त 6 से 14 वर्ष के बच्चों के शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है, इससे वे अपने नजदीक में शिक्षा पाने से वंचित हो जाएंगे।

वहीं, सरकार की ओर से पेश अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेशिया, मुख्य स्थायी अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह व निदेशक बेसिक शिक्षा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप दीक्षित का तर्क था कि सरकार ने नियमों के तहत ही निर्णय लिया है।


## वैश्विक बाजार में शान बढ़ा रहे यूपी के आम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है। ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' का शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे। महोत्सव में देशभर के बागानों से चुनकर लाए गए 800 से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम महोत्सव न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। उन्होंने कहा कि आम उत्पादन को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं। सरकार की नीति से औद्यानिक फसलों का निर्यात कई गुना बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवर्जीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली। उन्होंने सभी से 9 जुलाई को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 50 करोड़ पौधों के रोपण से जुड़ने का आह्वान भी किया। योगी ने प्रगतिशील बागवानों और निर्यातकों को प्रशस्ति पत्र और एक पौधा देकर सम्मानित किया। महोत्सव की स्मारिका का विमोचन भी किया।



- तीन दिनी आम महोत्सव की योगी ने की शुरुआत, 800 से अधिक किस्मों के आम देख लोग चहके

### कमिश्नरी स्तर पर भी हों ऐसे आयोजन : योगी

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि कमिश्नरी स्तर पर भी ऐसे आयोजन होने चाहिए, ताकि स्थानीय बागवान अपनी फसलों की प्रदर्शनी और बिक्री कर सकें। उन्होंने बागवानों से हल्दी, अदरक और अन्य औद्यानिक फसलों के साथ फूड प्रोसेसिंग को अपनाने का आह्वान किया, ताकि उनकी आय को और बढ़ाया जा सके।



### आज का मौसम

बादल छाए रहने और धूप खिलने के आसार।



35.0⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी दिल्ली की ओर से कैंट स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में क्लस्टर अंडर– 17 गर्ल्स बास्केटबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह 7 :30 बजे।
- अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत की ओर से गुलाब राय इंटर कॉलेज में पौधरोपण सुबह 11 बजे।
- बरेली बार एसोसिएशन के सचिव व कार्यकारिणी सदस्य पद पर नामांकन बार भवन में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक।
- त्रिवटीनाथ मंदिर में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 बजे से।

## गंदगी की वजह से नालियां चोक, मच्छर पनप रहे

**बरेली, अमृत विचार** : शहर के मोहल्ला गंगानगर में गंदगी की वजह से नालियां चोक हैं। इससे मच्छर पनप रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार सफाई कर्मी नालियों की नियमित सफाई नहीं कर रहे हैं। हल्की बारिश में नालियां उफना जाती हैं। सड़क पर पानी भर जाता है। इससे आवाजाही में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि नालियों की नियमित सफाई कराई जाए।

# किला पुल की दो साल पहले 4.88 करोड़ से मरम्मत, फिर उगे पीपल

## पुल के दोनों ओर उग आए हैं कई बड़े-बड़े पेड़, जड़ें भी पुल की दीवारों में अंदर तक फैलीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली


**अमृत विचार :** सालों तक अनदेखी की वजह से किला पुल पहले भी जर्जर हो चुका है। दो साल पहले करीब 4.88 करोड़ रुपये खर्च कर पुल की मरम्मत कराई गई थी, ताकि पुल सही स्थिति में बना रहे, लेकिन मरम्मत करने के बाद अफसरों ने फिर पुल की तरफ नहीं देखा। अनदेखी की वजह से पुल के दोनों तरफ दीवारों में पीपल के बड़े-बड़े पौधे उग आए हैं। कई जगहों पर रेलिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

दरअसल, करीब 850 मीटर से अधिक लंबा किला पुल शहर का पहला पुल है। 2022 में तत्कालीन कमिश्नर संयुक्ता समद्दार ने इस पुल का निरीक्षण किया, जिसमें पुल जर्जर मिला। इसके बाद उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अफसरों से पुल की मरम्मत के लिए आगणन तैयार कराकर शासन को भिजवाया। उन्होंने शासन में पैरवी कर पुल के लिए 4.88 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत करा लिया, जबकि पहले भी अधिकारी मरम्मत के लिए आगणन भेज चुके थे, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई थी। बजट स्वीकृत मिलने के बाद संयुक्ता समद्दार ने पीडब्ल्यूडी के अफसरों को पुल की मरम्मत जल्द कराने के निर्देश दिए। जनवरी 2023 से शुरू हुआ कार्य अप्रैल 2023 तक पूरा हुआ था। करीब तीन माह तक पुल पर वाहनों की आवाजाही बंद रही थी। इसके बाद फिर पुल की सड़क

- **पीडब्ल्यूडी के अफसरों की अनदेखी की वजह से पूर्व में भी किला पुल की हालत हुई थी जर्जर**
- **रेलिंग भी कई जगहों से नजर आ रही क्षतिग्रस्त, विभाग के अफसर नहीं दे रहे ध्यान**

पर गड्ढे हो गए थे। अधिकारियों ने ठेकेदार से गड्ढों को भरवाया।

इसके बाद पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने पुल की सुध नहीं ली। यही वजह है कि पुल की दोनों तरफ



किला पुल की दोनों साइड की दीवारों में उगे पीपल के बड़े–बड़े पौधे। ● अमृत विचार

की दीवारों में पीपल के बड़े-बड़े पौधे उग आए हैं जो पुल की दीवारों को अंदर ही अंदर कमजोर बना रहे हैं। पौधों की जड़े दीवारों में फैल रही हैं। यही स्थिति बनी रही तो दो से तीन माह में पीपल के पौधे और बड़ा आकार ले लेंगे, जो दीवार को ही नुकसान पहुंचाएंगे।

## आज हल्की बारिश होने का अनुमान

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार शनिवार को हल्की बारिश हो सकती है। आईएमडी की अधिकारिक बेवसाइट के अनुसार जिले में अधिकतम 35.1 और न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। जबकि सुबह 90 और शाम को 86 प्रतिशत हवा में नमी दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को हल्की बारिश के आसार हैं।

# बाकरगंज में अगले माह से नहीं गिरेगा शहर का कूड़ा

## सथरापुर में बने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को चलाने की तैयारी में जुटा नगर निगम, एजेंसी की तलाश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सथरापुर में बने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के संचालन के लिए 10 एजेंसियों ने टेंडर डाले हैं। अब तकनीकी मूल्यांकन शुरू किया गया है। निगम का दावा है कि इसी माह एजेंसी फाइनल कर दी जाएगी। इसमें दिल्ली, महाराष्ट्र, कोलकाता की एजेंसी शामिल हैं। सॉलिट वेस्ट मैनेजमेंट शुरू होने के बाद शहर से निकलने वाले कूड़ा बाकरगंज में नहीं गिराया जाएगा।

शहर के 80 वार्डों से प्रतिदिन करीब 450 से 500 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। इसे निस्तारण के



बाकरगंज में डाला जा रहा है शहर का कूड़ा। ● अमृत विचार

लिए बाकरगंज के डंपिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जाता है, जबकि सथरापुर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण कराया गया है। करीब 24.18 करोड़ रुपये की लागत से बने प्लांट का काम पूरा होने के बाद संचालन के लिए तीन बार टेंडर निकाले गए थे, लेकिन कोई भी एजेंसी टेंडर डालने के लिए ही नहीं आई। इस वजह से चौथी बार टेंडर निकलना पड़ा है। इस बार दिल्ली, महाराष्ट्र और कोलकाता सहित अन्य जगहों की 10 एजेंसियों ने टेंडर डाले हैं।

विभाग के अधिकारी टेंडर के साथ लगे कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन कर रहे हैं। इसमें करीब एक सप्ताह का समय लगने का अनुमान है। इसके बाद सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को चलाने वाली एजेंसी को फाइनल कर दिया जाएगा।

- **सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट चलाने को दिल्ली, कोलकाता, महाराष्ट्र की 10 एजेंसियां इच्छुक**
- **नगर निगम के अधिकारी टेंडरों के तकनीकी मूल्यांकन में जुटे, एजेंसी जल्द होगी फाइनल**

### बाकरगंज में बना कूड़े का पहाड़ समाप्त करना समस्या

बरेली : बाकरगंज में करीब 50 साल से शहर का कूड़ा गिराया जा रहा है। इसके कारण यहां पर कूड़े का पहाड़ तैयार हो गया है। इससे समाप्त करने के लिए नगर निगम ने कई बार प्रयास किए और करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अब नए प्लांट के शुरू हो जाने पर कूड़ा गिरना बंद हो जाएगा। इससे बाकरगंज इलाके में रहने वाले लोगों को उम्मीद जगी है कि कूड़े का पहाड़ भी समाप्त हो जाएगा।

> सथरापुर के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के लिए एजेंसी बहुत जल्द तय हो जाने की उम्मीद है। काफी संख्या में एजेंसियों ने टेंडर डाले हैं, इनका तकनीकी मूल्यांकन किया जा रहा है।
> –संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

## पहले उपसभापति चुनाव, फिर पास होंगे विकास के प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक अगले सप्ताह होने की प्रबल संभावना है। इसमें सबसे पहले उपसभापति का चुनाव होगा। इसके बाद शहर के विकास के कई प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी मिलेगी। इसमें टैक्स पर छूट का भी प्रस्ताव पास होने की संभावना है।

इस बार नगर निगम की नई कार्यकारिणी की होने वाली बैठक हर बार से खास है, क्योंकि इसमें उपसभापति पद के लिए चुनाव होना है। वैसे तो उपसभापति भाजपा के नरेंद्र सिंह का होना तय है, क्योंकि 12 सदस्यीय कार्यकारिणी में भाजपा की संख्या 10 है, जबकि सपा के महज

- **कार्यकारिणी बैठक में हाउस टैक्स पर 10 प्रतिशत की छूट के प्रस्ताव को मिल सकती मंजूरी**

2 पार्षद हैं। निगम के सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो अगले सप्ताह कार्यकारिणी बैठक होगी। इसमें उपसभापति चुने जाने के बाद सड़क, नाली सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए जाएंगे। ताकि शहर के विकास को रफ्तार मिल सके। इसको लेकर निर्माण, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग के कार्यों का एजेंडा तैयार किया जा रहा है। कुछ पार्षद हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत के छूट के लिए प्रस्ताव लाने की तैयारी में हैं। इसको लेकर वह महापौर डा. उमेश गौतम से मांग भी कर चुके हैं।

# सीमेंट-कंक्रीट से बनवाए पैचवर्क

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जलनिकासी के पुख्ता इंतजाम नहीं होने से दो साल में उधड़ी सिटी स्टेशन के सामने की सड़क पर पैचवर्क का काम पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड ने शुरू कर दिया है। एक्सईएन का कहना है कि सीमेंट और कंक्रीट से पैचवर्क बनाए जा रहे हैं, ताकि बारिश के दिनों में यह फिर से न उखड़े।

चौपुला पुल से किला की ओर जाने वाले इस मार्ग के एक ओर रेलवे का परिसर है। इस तरफ नाला नहीं होने की वजह से बारिश के सीजन में यहां जलभराव होता है। पीडब्ल्यूडी की यह सड़क निर्माण कराने के साल भर में ही क्षतिग्रस्त

- **एक्सईएन बोले- बारिश में नहीं टिकते बजरी-कोलतार के पैबंद**
- **जलनिकासी का इंतजाम करने के बाद सड़क की जाएगी दुरुस्त**



सिटी स्टेशन रोड पर उखड़ी सड़क का पैचवर्क कार्य करते श्रमिक।

होने लगी थी। विभाग की ओर से दो से तीन बार पैचवर्क कराया गया, लेकिन बारिश होने से यह पैचवर्क हर बार बह गया। एक्सईएन भगत सिंह का कहना है कि और कंक्रीट से पैचवर्क बनवाए जा रहे हैं, ताकि कांवड़ियों व अन्य लोगों को परेशानी न हो। मानसून जाने के बाद सड़क को दुरुस्त कराने से पहले जलनिकासी के इंतजाम किए जाएंगे।

# एनकैप के तीन साल के कार्यों का ऑडिट करेगा बीएचयू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम को राष्ट्रीय वायु प्रदूषण नियंत्रण (एनकैप) के तहत तीन साल के दौरान मिली धनराशि को लेकर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ( बीएचयू) की टीम ऑडिट रिपोर्ट तैयार करेगी। टीम मौके पर जा कर देखेगी कि केंद्र सरकार से मिली धनराशि को किस जगह पर कितना खर्च किया गया है। इससे संबंधित फाइलों का पूरा ब्योरा तैयार किया जा रहा है। टीम ने निगम के अधिकारियों से संपर्क किया है।

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय वायु प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 36 माह में नगर निगम




राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के तहत लगा साइनबोर्ड।

को 14278.51 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया था, लेकिन 8545.75 लाख रुपये ही अवमुक्त किए गए है। इसमें से नगर निगम, सीएंडडीएस, उप्र जल निगम, प्रभागीय वनाधिकारी, वन एवं वन्य जीव प्रभाग और लोक निर्माण विभाग को बजट दिया गया। वायु गुणवत्ता

- **नगर निगम सहित विभिन्न विभागों ने राष्ट्रीय वायु प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के तहत किए काम**
- **केंद्र ने 14278.51 लाख का बजट किया था स्वीकृत, अभी तक 8545.75 लाख हुए अवमुक्त**

सुधारने के लिए सभी कार्यदायी संस्थाओं को अलग-अलग कार्य दिए गए हैं। इसको लेकर अब बीएचयू की टीम कार्यों का आडिट रिपोर्ट तैयार करेगी। एनकैप के तहत होने वाले कार्यों को लेकर विभिन्न एजेंसियों के कार्यों का मूल्यांकन कराया जाना है। इसके पीछे यह भी कारण है कि कामों में मानक का पालन कराया और कमियों को दूर किया जा सके। इसको लेकर

### विशेषज्ञता होने के कारण बीएचयू को मिली जिम्मेदारी

बीएचयू को एनआईआरएफ (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) में उच्च स्थान प्राप्त है, इसलिए राष्ट्रीय वायु प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के कार्यों की ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी मिली है।

> राष्ट्रीय वायु प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर बीएचयू की टीम ने जानकारी ली है। एक टीम आने वाली है। जो एनकैप के कार्यों को देखेगी।
> –राजीव कुमार राठी, अधिशासी अभियंता

इससे संबंधित अधिकारी तैयारी में जुट गए हैं।

## स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत दो पदों के लिए हुआ साक्षात्कार

**बरेली, अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के लिए पब्लिक रिलेशन अधिकारी और पर्यावरण विशेषज्ञ के लिए आवेदन मांगे गए थे। इसको लेकर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में चयन प्रक्रिया के लिए अर्ह अभ्यर्थियों का स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी के सीईओ संजीव कुमार मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, सहायक लेखाधिकारी हृदय नारायण ने इंटरव्यू लिया। इसमें उम्मीदवारों से अनुभव, तकनीकी जानकारी और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से जुड़ी कार्यप्रणाली पर आधारित प्रश्न पूछे गए।

# ट्रेनों की एलएचबी बोगियों में लगेंगे कैमरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इज्जतनगर मंडल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लगातार कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में अब मंडल की तीन ट्रेनों में एलएचबी बोगियों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। पहले चरण में 100 एलएचबी बोगियों में कैमरे लगाए जाएंगे। ट्रायल के लिए इज्जतनगर मंडल की तीन प्रमुख ट्रेनों को चुना गया है, जिनमें कैमरे लगाकर उनकी कार्यक्षमता की जांच की जाएगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इन कैमरों की मदद से बोगी के भीतर हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी। इसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा, क्योंकि किसी संदिग्ध हरकत या आपराधिक गतिविधि की स्थिति में फुटेज का उपयोग पहचान और साक्ष्य के तौर पर किया जा सकेगा। कैमरों से प्राप्त फोटो और वीडियो को रेलवे की सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अपराधियों के

- **प्रथम चरण में 100 एलएचबी बोगियों में कैमरे लगाए जाएंगे**
- **तीन ट्रेनों में होगा ट्रायल, यात्रियों की सुरक्षा और पुख्ता होगी**

राष्ट्रीय डेटाबेस से भी जोड़ा जाएगा, जिससे पुराने या वांछित अपराधियों की पहचान आसान हो सकेगी।

ट्रायल सफल रहने के बाद इस योजना को अन्य एलएचबी बोगियों में भी विस्तारित किया जाएगा। एलएचबी कोचों में कैमरे लगने से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और अकेले यात्रा कर रहे यात्रियों की सुरक्षा में और अधिक मजबूती होगी। रेलवे का यह कदम प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना और ''''स्मार्ट रेलवे, सुरक्षित रेलवे'''' के तहत उठाया गया है। प्रत्येक एलएचबी कोच में चार से छह हाई-डेफिनिशन कैमरे लगाए जाएंगे, जो लाइव फीड रिकॉर्ड करेंगे। ये कैमरे न केवल वीडियो रिकॉर्ड करेंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर ऑडियो कैप्चर की सुविधा भी होगी।

यात्रियों और आरपीएफ के बीच समन्वय बेहतर बनाने के लिए कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। इससे आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव होगी।

## ढुलाई के लिए मिले दो बैटरी ऑपरेटेड प्लेटफॉर्म ट्रक

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने यात्रियों और व्यापारियों के लिए पार्सल सेवाओं को सुगम और आधुनिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। मुरादाबाद पार्सल कार्यालय को दो बैटरी ऑपरेटेड प्लेटफॉर्म ट्रक उपलब्ध कराए गए हैं। इन ट्रकों की खरीदारी जैम पोर्टल के माध्यम से की गई है।

मुरादाबाद स्टेशन पर अब तक पार्सल पैकेजों की ढुलाई के लिए पार्सल पोर्टर हाथ से खींचे जाने वाले ठेलों का उपयोग करते थे। प्रत्येक ठेले में अधिकतम 5–6 पैकेज ही लादे जा सकते थे। उसे खींचने के लिए 2 से 3 मजदूर लगते थे। इससे न केवल समय ज्यादा

- **रेलवे की पार्सल सेवाएं बेहतर होने के साथ समय की भी बचत होगी**

लगता था बल्कि मेहनत भी अधिक होती थी। अब इन बैटरी ऑपरेटेड प्लेटफॉर्म ट्रकों के आने से यह प्रक्रिया अधिक सरल और सुरक्षित हो जाएगी। इन ट्रकों की माल वहन क्षमता 2000 किलोग्राम तक है। इससे समय की बचत होगी और कार्य दक्षता में सुधार होगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यह सुविधा केवल मुरादाबाद तक सीमित नहीं रहेगी। जल्द बरेली स्टेशन पर भी बैटरी ऑपरेटेड प्लेटफॉर्म ट्रक उपलब्ध कराए जाएंगे।

## भारत गौरव ट्रेन कराएगी तीर्थ स्थलों के दर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** भारत गौरव ट्रेन 28 जुलाई से एक बार फिर रवाना होने जा रही है। इस बार यह विशेष ट्रेन बरेली जंक्शन से चलेगी और दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा कराएगी। इससे यात्री तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन जैसे मंदिरों के दर्शन कर सकेंगे।

भारत गौरव ट्रेन कुल 13 दिन की यात्रा पर रवाना होगी। 9 अगस्त को बरेली लौटेगी। इस धार्मिक यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रेन में तीन श्रेणियों में सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। हर श्रेणी के यात्रियों को यात्रा के दौरान नाश्ता, भोजन, ठहरने की व्यवस्था और गाइड की सुविधा भी दी जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यात्रियों को प्रतिदिन धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई जाएगी और सभी प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त समय भी मिलेगा।

# गोवर्धन परिक्रमा और गुरु पूर्णिमा मेले के लिए चलेंगी मेला विशेष ट्रेनें

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने गोवर्धन परिक्रमा एवं गुरु पूर्णिमा मेले को लेकर विशेष ट्रेनें संचालित करने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें शनिवार से 12 जुलाई तक प्रतिदिन आठ-आठ फेरों में चलाई जाएंगी।

रेलवे प्रशासन के अनुसार 05314 मेला विशेष गाड़ी प्रतिदिन मथुरा जंक्शन से दोपहर 14.20 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी मथुरा छावनी, हाथरस सिटी, सिकन्दरा राव व मारहरा होते हुए कासगंज शाम 16.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05313 मेला विशेष ट्रेन कासगंज से 16.50 बजे रवाना होकर मथुरा जंक्शन पर रात 19.35 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार 05316 कासगंज-मथुरा मेला विशेष गाड़ी मध्यरात्रि 00.30 बजे कासगंज से रवाना होगी और मारहरा, सिकन्दरा राव, हाथरस सिटी, मथुरा छावनी होते हुए तड़के 03.15 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी।




- **शनिवार से 12 जुलाई तक होगा इन ट्रेनों का संचालन**
- **आठ- आठ फेरों के साथ चलाई जाएंगी, मिलेगी राहत**

वापसी में 05315 विशेष ट्रेन सुबह 04.50 बजे मथुरा से प्रस्थान करेगी और निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए 07.00 बजे कासगंज पहुंचेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि यह विशेष गाड़ियां मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के लिए चलाई जा रही हैं।

### यशवंतपुर-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस के फेरे बढ़े, यात्रियों को राहत

**बरेली, अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए 06597/06598 यशवंतपुर–योगनगरी ऋषिकेश–यशवंतपुर एक्सप्रेस के परिचालन अवधि में विस्तार किया है। इस गाड़ी का संचालन पूर्व में 3 जुलाई तक घोषित किया गया था, जिसे अब बढ़ाकर अगस्त के अंत तक कर दिया गया है। 06597 योगनगरी ऋषिकेश को अब 10 जुलाई से 28 अगस्त तक यशवंतपुर स्टेशन से संचालित किया जाएगा। वहीं, वापसी दिशा में योगनगरी ऋषिकेश से यशवंतपुर तक संचालन 12 जुलाई से 30 अगस्त तक किया जाएगा। यह ट्रेन हरिद्वार एवं रुड़की स्टेशन पर ठहरेगी, जिससे उत्तराखंड आने–जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के अनुसार यह निर्णय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।


APPOINTMENT नियुक्ति

VARUN ARJUN UNIVERSITY

FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
| --- | --- |
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to **varunarjuntrust@gmail.com**

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India


# सावन : कांवड़ रूटों पर लगेंगे शिविर, दौड़ेंगी एमएमयू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 11 जुलाई को सावन मास आरंभ हो रहा है। कांवड़ियों को किसी भी प्रकार स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत न हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। शहर के नाथ मंदिरों में स्वास्थ्य टीमें तैनात रहेंगी। पूरे माह के हर सोमवार को टीमें मंदिरों में कांवड़ियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। सीएमओ के आदेश पर 11 टीमें गठित कर दी गई हैं।

प्रशासन की ओर से जो कांवड़ रूट निर्धारित किए गए हैं, उन पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात रहेंगी। रुटों के तहत जो भी सीएचसी

- **स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुटा 11 टीमें तैनात होंगी**
- **नाथ मंदिरों में हर सोमवार को लगाए जाएंगे शिविर**

क्षेत्र होगा। वहीं के एमओआईसी को निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं। शहर से लेकर देहात तक रूटों पर मेडिकल मोबाइल यूनिट भी दौड़ती नजर आएंगी। यात्रा के दौरान किसी कांवड़िये को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होगी तो तुरंत इलाज मुहैया कराया जाएगा। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि शासन के आदेश के अनुपालन में टीमों का गठन कर निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### कांवड़ रूटों पर ट्रांसफार्मरों को पॉलीथिन से ढकने का काम शुरू




**बरेली, अमृत विचार :** कांवड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम व बिजली विभाग ने कांवड़ रूटों के पास लगे ट्रांसफार्मरों को पॉलीथिन से ढकने का कार्य शुरू कर दिया है। यह कार्य विशेष रूप से अलखनाथ मंदिर, टीबरीनाथ मंदिर, मढ़ीनाथ समेत अन्य शिवालयों के पास किया जा रहा है। सावन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए शिव मंदिरों में आते हैं। इस दौरान मंदिरों के आसपास भीड़ व पानी से ट्रांसफार्मर के पास खतरा बढ़ जाता है। कई बार शॉर्ट सर्किट और करंट लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बिजली विभाग ने लोगों से अपील की है कि ट्रांसफार्मर के पास न जाएं और किसी प्रकार की गड़बड़ी दिखने पर तुरंत हेल्पलाइन पर सूचना दें।

### पुलिस-प्रशासन की 18वीं बैठक में हुआ समझौता, धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए निकाले जाएंगे मोहर्रम और कांवड़ यात्रा जुलूस

# जोगी नवादा का विवाद सुलझा, दोनों पक्षों में बनी सहमति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र स्थित जोगी नवादा में हर बार सावन और मुहर्रम के ताजिया को लेकर होने वाले विवाद को स्थायी तौर पर निपटा लिया गया है। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में दोनों पक्ष 18वीं बैठक में एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए ताजिया और कांवड़ यात्रा आपसी सहमति से निकालने को तैयार हो गए हैं। विवाद का हल निकलने पर दोनों पक्षों के अगुआ एक दूसरे से गले मिले। जोगी नवादा विवाद का हल निकलने पर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने राहत की सांस ली है।



विवाद सुलझने पर एक-दूसरे को माला पहनाकर स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

बता दें कि 2023 में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे का रास्ता रोका और गैर पारंपरिक बताकर नहीं निकलने दिया। इसके बाद विवाद बढ़ा और मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों से पथराव और फायरिंग भी हुई। उस वक्त पुलिस ने चार मुकदमे लिखे थे। मगर मामला इसके बाद भी शांत नहीं हुआ। वर्ष 2024 में फिर से कांवड़ यात्रा और मुहर्रम को लेकर विवाद हुआ। जोगी नवादा में पहले मुस्लिम पक्ष के लोगों ने कांवड़ निकलने का विरोध करते हुए हंगामा किया। इसके बाद हिंदू पक्ष के लोगों ने भी उनकी अंजुमन को नहीं निकलने दिया था। मामला इतना बढ़ा कि जिले के सभी थाना पुलिस की फोर्स को पूरी-पूरी रात तैनात करना पड़ा था। स्थिति यह थी कि पुलिस प्रशासन के लोग यह समझ नहीं पा रहे थे कि क्षेत्र में विवाद कब और कहां से शुरू हो जाएगा।

इस विवाद को सुलझाने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीमें लंबे समय से लगी थीं, लेकिन दोनों पक्ष समझौते को तैयार नहीं थे। कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार को पुलिस प्रशासन की टीम के साथ दोनों पक्षों के धर्मगुरु और स्थानीय लोगों की जोगी नवादा चौकी पर बैठक हुई। करीब आठ घंटे चली इस बैठक में तय हुआ कि दोनों पक्ष अपने-अपने त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाएंगे और एक दूसरे के साथ प्रेम भाव से रहेंगे। हो सके तो एक-दूसरे के त्योहार में भी शामिल हो सकते हैं। काफी देर बातचीत के बाद दोनों पक्षों के साथ सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के साथ यह 18वीं बैठक थी। इसमें दोनों पक्ष एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए आपसी सहमति से सभी त्योहार मनाने पर सहमति जताई। इसके बाद चौकी पर ही लिखित में समझौता हुआ और फिर सभी ने एक दूसरे को माला पहनाई और मिठाइयां खिलाकर खुशियां मनाई।

### नमाज के समय नहीं निकलेगी कांवड़ यात्रा

बता दें कि जोगी नवादा पार्षद बनवारी लाल के निकलने वाले कांवड़ यात्रा को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद था। शुक्रवार को आठ घंटे तक चली बैठक में दोनों पक्षों में सहमति बनी। दूसरे समुदाय के लोगों का आरोप था कि शाह नूरी मस्जिद के सामने से गैर परंपरागत तरीके से डीजे के साथ कांवड़ यात्रा निकलती है। इस पर सहमति बनी कि नमाज के बाद या पहले वहां से कांवड़ यात्रा निकलेगी। इसी तरह से हिंदू समुदाय के लोगों का आरोप था कि मोहर्रम के बारावफात का जुलूस इधर से नहीं निकलता था। बावजूद इसके अब जबरन इधर से जुलूस निकाले जाते हैं। इस पर भी दोनों पक्षों में सहमति बन गई है।

### एसएसपी की दूसरी बड़ी सफलता

एसएसपी अनुराग आर्य ने जिले की कमान संभाली तब से दो पुराने सांप्रदायिक मामलों को निपटाने में सफलता हासिल की है। सबसे पहले कई साल से मौर्य गली में स्थित पीपल के पेड़ की डाल के चलते जमीन में गहरा गड्ढा खोदकर मोहर्रम के जुलूस में शामिल ताजिया को निकाला जाता था। उन्होंने तत्कालीन बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडे को इस मामले को निपटाने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों की सहमति से उक्त पीपल की डाल को कटवा दिया, इससे विवाद खत्म हो गया। इसी तरह से एसएसपी के निर्देश पर सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने एक के बाद एक बैठक कर जोगी नवादा के विवाद को हल करा दिया।

### 2023 में कांवड़ियों पर लाठी चार्ज करने पर हटे थे एसएसपी

बरेली के चकमहमूद मुहल्ले से जोगी नवादा के रास्ते पर कांवड़ यात्रा निकालने को लेकर वर्ष 2023 में पहले रविवार को बवाल हुआ था। कांवड़िये साउंड सिस्टम लेकर गली में एकत्र हुए तो 300 मीटर दूर नई परंपरा बताकर मुस्लिम महिलाएं प्रस्तावित मार्ग पर धरने पर बैठ गई थीं। चार घंटे दोनों ओर से तनातनी होती रही, जिसे अधिकारी काबू नहीं कर सके। इस बीच किसी खुराफाती ने हवाई फायरिंग की तो पुलिस ने कांवड़ियों के जत्थे पर लाठीचार्ज कर दिया था। आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए थे। शाम छह बजे प्रकरण थमा, मगर इसके चार घंटे बाद तत्कालीन एसएसपी प्रभाकर चौधरी का तबादला कर लखनऊ पीएसी भेज दिया गया।

### आईएमसी प्रमुख ने बोला तीखा हमला



आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि बरेली पुलिस गरीब मुसलमानों पर दबाव बना कर कांवड़ यात्रा में नई परंपरा डालने का प्रयास कर रही है। अगर नई परंपरा डाली गई तो कोर्ट का भी सहारा लिया जाएगा और जरूरत पड़ी तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मौलाना ने यह बयान जोगी नवादा मामले में दिया है। उनका कहना है इस मामले में पुलिस का रवैया ठीक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्लिम पक्ष के लोगों को धमकाया जा रहा है। दबाव बना कर सारे शहर में दस्तखत करा कर कांवड़ यात्रा निकाली गई तब भी शासनादेश की अवहेलना है। उन्होंने कहा इस तरह की शिकायतें कई जगह से आई हैं।




## विदेश भेजने के नाम पर पांच लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक के बेटे-भाई समेत अन्य तीन लोगों को विदेश भेजने के नाम पर चंडीगढ़ के ठग ने पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। परतापुर जीवन सहाय निवासी इनाम अली ने बताया कि सेक्टर-45 चंडीगढ़ के रहने वाले मुनाजिर कुरैशी ने उसे झांसे में लिया और कहा कि वह उसके बेटे और भाई समेत तीन अन्य लोगों को पेरिस तथा अरब देशों में भेज देगा।

इसके एवज में पांच लाख रुपये ले लिए। आठ माह से फर्जी वीजा, पेरिस का फर्जी इन्वीटेशन लेटर भेज कर गुमराह कर रहा है। आरोप है कि बेटे का मेडिकल भी दिल्ली में कराया। उसका बेटा बाहर देश में पीएचडी कर रहा था। उसको भी तीन बार भारत बुलाया। आरोपी ने एडवांस के तौर पर सभी से पांच लाख रुपये ठग लिए।

# पति को छोड़ प्रेमी संग रह रही महिला की हत्या

### रामगंगा नगर सेक्टर-सात में दूसरे समुदाय के युवक के साथ रहती थी मीरा, घटना को अंजाम देकर प्रेमी फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली/बिथरी

**अमृत विचार :** पति को छोड़कर दूसरे समुदाय के प्रेमी के साथ विवाह करने वाली प्रेमिका की उसके दूसरे पति ने ही गला दबा कर हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हाथ से गला दबा कर हत्या करने की पुष्टि हुई है।



मृतक मीरा।



घटनास्थल पर जांच करते सीओ हाईवे निलेश कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

भुता थाना क्षेत्र के गांव मल्हपुर निवासी पवन शर्मा के साथ मीरा शर्मा (30) की शादी हुई थी। जो एक वर्ष पहले पति पवन शर्मा से अलग होकर अपने चार साल के बेटे गोविंदा के साथ दूसरे समुदाय के प्रेमी गुड्डू उर्फ आशिक निवासी शाहजहांपुर के साथ ईडब्ल्यूएस रामगंगा नगर कालोनी के सेक्टर-सात में रहती थी। पड़ोसियों ने शुक्रवार दोपहर पुलिस को सूचना दी की मीरा की लाश उसके कमरे में पड़ी है। सूचना पर सीओ हाईवे नीलेश मिश्रा और इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने पूछताछ में बताया कि पति-पत्नी में में आए दिन गाली-गलौज और मारपीट होती रहती थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। सीओ हाईवे निलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि महिला पति को छोड़ कर अपने प्रेमी के साथ विवाह कर एक साल से साथ में रह रही थी। चार वर्षीय बेटा गोविंदा ने बताया कि मामा ने उसकी मां की गला दबा कर हत्या कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। फिलहाल अभी तक परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

### बेटा गोविंदा बोला, मामा ने मां को मार डाला

मीरा को पहले पति पवन शर्मा से दो बेटे हैं। एक बेटा पवन के साथ रहता है, जबकि दूसरा चार वर्षीय बेटा गोविंदा अपनी मां के साथ रहता था। जो गुड्डू को मामा कहता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब पूछताछ की तो बेटे गोविंदा ने बताया कि मामा ने उसकी मां का गला दबा कर मार डाला। बिथरी चैनपुर थाना प्रभारी चंद्र प्रकाश शुक्ल ने बताया कि गुड्डू की तलाश की जा रही है। मीरा के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर अभी तक नहीं मिली है।

### पहला पति बोला, मेरा कोई लेना-देना नहीं

पुलिस ने जब पहले पति पवन शर्मा को फोन कर मीरा की हत्या की सूचना दी तो उसने कहा कि मेरा उस महिला के साथ अब कोई वास्ता नहीं है। वह मुझे और मेरे बच्चे को छोड़ कर चली गई थी। उसने मुझे धोखा दिया था, उसके साथ तो ऐसा होना ही था। वह बाहर रहकर कहीं पर मजदूरी करता है। हालाकि, पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है। दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हार्ट अटैक से जेल में स्मैक तस्कर आदेश की हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत होने की हुई पुष्टि

**अमृत विचार :** मणिपुर से कच्चे माल को लाकर फैक्ट्री में स्मैक बनाने के आरोप में बुधवार को जेल भेजे गए फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मनकरी गांव निवासी आदेश तिवारी (27) की हार्ट अटैक आने से मौत हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। जबकि, गुस्साए परिजनों ने मौत के बाद हंगामा करते हुए एसओजी टीम पर अवैध रूप से हिरासत में रखकर पिटाई करने और 10 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाया था।

एसओजी और इज्जतनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहल्ला नई बस्ती सराय कस्बा फतेहगंज पश्चिमी निवासी अकरम, आसिफ, जावेद, राशिद, गांव तिलियापुर के हारुन के साथ ही गांव मनकरी निवासी आदेश तिवारी को स्मैक बनाने और उसे सप्लाई करने के आरोप में बुधवार को जेल भेजा था। बंदी आदेश से मिलने के लिए उसके बड़े भाई अंशू और भाभी गौरी गुरुवार को जिला जेल पहुंचे थे। मुलाकात स्थल पर आदेश अपने भाई और भाभी से बातचीत कर रहा था।

इसी दौरान बंदी आदेश की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आदेश की मौत पर परिजनों का गुस्सा भड़क गया और जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर शुक्रवार को डॉक्टरों की पैनल ने वीडियो ग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम किया।

इसमें हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की तरफ से अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है।

# तबादला एक्सप्रेस : 28 इंस्पेक्टर, 26 दरोगा इधर से उधर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे इंस्पेक्टर रामसेवक लाइन से पहुंचे क्राइम ब्रांच
- मोहर्रम और कांवड़ यात्रा में बेहतर कानून-व्यवस्था को किए गए तबादले

**अमृत विचार :** आगामी त्योहारों को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शुक्रवार को तबादला एक्सप्रेस दौड़ाते हुए 28 इंस्पेक्टरों और 26 दरोगा को इधर से उधर किया है। साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे इंस्पेक्टर रामसेवक को पुलिस लाइन से क्राइम ब्रांच भेजा गया है।

एसएसपी ने मोहर्रम और कांवड़ यात्रा के मद्देनजर बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए सभी का तबादला किया है। इसमें पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह को डीसीआरबी प्रभारी, गिरीश प्रसाद को डीसीआरबी से पुलिस लाइन, प्रदीप चतुर्वेदी को पुलिस लाइन से रिट सेल, धर्मेंद्र सिंह को लाइन से प्रभारी मानवाधिकार सेल भेजा गया है। राजेश को पुलिस लाइन से प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ व सीसीटीएनएस, हरपाल को पुलिस लाइन से एसएसपी पीआरओ, चमन सिंह को लाइन से क्राइम इंस्पेक्टर शीशगढ़ के पद पर भेजा गया है। इंस्पेक्टर शिव बरन सिंह को निरीक्षक अपराध शीशगढ़ से हटाकर पुलिस लाइन, विपिन कुमार को लाइन से बिथरी चैनपुर क्राइम इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर वेद सिंह को निरीक्षक अपराध बिथरी चैनपुर से निरीक्षक अपराध नवाबगंज, आदेश कुमार को निरीक्षक अपराध नवाबगंज से निरीक्षक अपराध हाफिजगंज बनाया गया है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार को पुलिस लाइन से निरीक्षक अपराध हाफिजगंज, देवेंद्र कुमार को पुलिस लाइन से निरीक्षक अपराध थाना किला की जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षक धर्मेंद सिंह को निरीक्षक अपराध किला से पुलिस लाइन में तैनादी दी गई है। भारत सिंह को पुलिस लाइन से निरीक्षक अपराध सिरौली बनाया गया है। सुभाष कुमार को निरीक्षक अपराध सीबीगंज से हटाकर निरीक्षक अपराध इज्जतनगर और थाना सीबीगंज में तैनात निरीक्षक सुदेश पाल सिंह को निरीक्षक अपराध थाना सीबीगंज बनाया गया है

## दो बहनों से छेड़छाड़ विरोध पर पिता को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** डोहरा गौटिया निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनकी दो बेटियां सिलाई सीखने जाती हैं। पड़ोस में रहने वाले समीर, पंकज, पवन और राजेश लड़कियों को देखकर कमेंट करते हैं। लड़कियां तीन जुलाई को कोचिंग से घर लौट रही थीं। इन लोगों ने अश्लील कमेंट किए। लड़कियों के पिता, भाई और मामा इसकी शिकायत करने युवकों के घर गए। तभी समीर, पंकज, पवन, राजेश और धर्मेन्द्र ने लाठी डंडे और ईंट से मारा था। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# संपत्ति कर : तीन माह में सिर्फ 32 करोड़ वसूले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस बार करीब 61 करोड़ रुपये अधिक है लक्ष्य

**अमृत विचार :** नगर निगम को चालू वित्तीय वर्ष में 170 करोड़ रुपये का संपत्ति कर वसूल करने का लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य 2024-25 में 109.7 करोड़ रुपये की आय हासिल करने के बाद तय किया गया है। विभाग पहली तिमाही में केवल 32 करोड़ रुपये की ही वसूली कर सका है। वसूली बढ़ाने के लिए अधिकारियों ने अभी से सख्ती शुरू कर दी है।

पिछले वित्तीय वर्ष में हाउस टैक्स को लेकर विभाग की काफी किरकिरी हुई थी। इसके कारण प्रदेश में नगर निगम बरेली को डी श्रेणी में डाल दिया गया था। तत्कालीन मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सहित कई कर्मचारियों का वेतन भी रोक दिया गया था। कम वसूली के कारण विभाग को मार्च 2025 में काफी मेहनत करनी पड़ी थी। इस बार पहले जैसी स्थित न हो, इसके लिए अधिकारी अब इसी माह से वसूली की रफ्तार करने की योजना बना रहे। इसके लिए बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसा जाए। इसको लेकर अफसरों को जोनवार जिम्मेदारी सौंपी है, क्योंकि अक्सर यह देखा जाता रहा है कि मार्च में ही विभाग वसूली में तेजी करता था। क्योंकि लक्ष्य करीब 61 करोड़ रुपये बढ़ गया। शहर में करीब 70 से अधिक ऐसे बकायेदार हैं, जिन पर एक से दस करोड़ रुपये अधिक का टैक्स बकाया है। इसमें सरकारी विभाग भी शामिल हैं, जो बजट का इंतजार कर रहे हैं। 10 से 30 लाख रुपये अधिक की बकायेदारों की संख्या दो सौ के पार है। ऐसे बकायेदारों को विभाग नोटिस जारी कर रहा है।

# खाद्य पदार्थों के छह नमूने लिए

**बरेली, अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के बिक्री पर रोकथाम के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

शुक्रवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जिले में विभिन्न स्थानों से पनीर के छह नमूने संग्रहित कर जांच को प्रयोगशाला भेजे गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि बल्लिया के चकरपुर स्थित शिमला डेयरी से 24 किलोग्राम पनीर, जिसका अनुमानित मूल्य 7200 रुपये को नष्ट कराया। सेंधा बाजार स्थित गोपाल डेयरी से पनीर का 1 नमूना संग्रहित किया। टीडी शर्मा एग्री फूड प्रालि. से पनीर और घी का 1-1 नमूना, पुराना शहर के विनायक डेयरी और श्यामगंज स्थित विष्णु डेयरी से पनीर का नमूना लिया। दरअसल, संक्रामक रोग बढ़ रहे हैं। दूषित खान-पान की सामग्री ठेलों, खोमचों आदि दुकानों पर बेचे जाने का शक है। पूर्व में कई मिलावटी सामग्री के मामले पकड़े भी जा चुके हैं।

## अपहृत किशोरी बरामद

**शीशगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र से अपहृत किशोरी को पुलिस ने शीशगढ़ बस अड्डा से बरामद कर लिया, जबकि आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग गया।

प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि 1 जुलाई की रात को एक ग्रामीण की 13 वर्षीय बेटी को आरिफ निवासी गदरपुर भगाकर ले गया था। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण को भेज दिया।

# ई-बस चार्जिंग स्टेशन के लिए अफसर तलाश करेंगे जमीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रोडवेज के बेड़े में 30 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी
- आरएम ने जमीन चिह्नित करने को गठित की कमेटी

**अमृत विचार :** रोडवेज के बेड़े में 30 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी। मुख्यालय से इसकी मंजूरी पिछले महीने ही मिल चुकी है। वहीं, अब आरएम ने मुख्य प्रधान प्रबंधक के निर्देश पर इन बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने की कवायद शुरू कर दी है। चार्जिंग स्टेशन के लिए जिले में जगह चयनित की जानी है। इसके लिए क्षेत्रीय कमेटी गठित की है। जिसमें सेवा प्रबंधक के अलावा बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो के एआरएम को शामिल किया गया है। यह अधिकारी स्टेशन के लिए जगह चिह्नित कर प्रस्ताव बनाकर आरएम कार्यालय भेजेंगे। मौका मुआयना कर जमीन फाइनल की जाएगी।

जिले में अभी केवल 24 सिटी बसों का संचालन हो रहा है। इन बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन मिनी बाईपास स्थित सिटी बस डिपो में है। चूंकि अब रोडवेज के बेड़े में 30 साधारण इलेक्ट्रिक बसें शामिल होने वाली हैं। इन बसों के लिए कोई चार्जिंग स्टेशन नहीं है। ऐसे में बसों के आने के बाद संचालन कहीं प्रभावित नहीं हो, इसलिए चार्जिंग स्टेशन बनाने का निर्णय लिया गया है। इन बसों का संचालन रुहेलखंड, बरेली, बदायूं व पीलीभीत डिपो की ओर से किया जाएगा। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि बीते दिनों क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय की ओर से इलेक्ट्रिक बसों का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया था। इसे मंजूरी मिल चुकी है। बसों की आपूर्ति होनी है। जब तक यहां चार्जिंग स्टेशन नहीं बनेगा, तब तक बदायूं में इन बसों के चार्जिंग की व्यवस्था की जाएगी।

### नगर निगम शहर में बनवाएगा 16 चार्जिंग स्टेशन

शहर में ई-वाहनों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर शहर में 16 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने हैं। चार अप्रैल को मंडलायुक्त ने इसके लिए भूमि चयन करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने सर्वेक्षण शुरू करा दिया है। इसमें निर्माण विभाग के अभियंता स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे। इसके बाद स्थान चिह्नित कर सूची मुख्यालय को भेजी जाएगी। मुख्यालय से चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के लिए टेंडर निकाले जाएंगे।

**रिश्तों में धोखा** | जिला महिला अस्पताल के मेडिकोलीगल के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष छह महीने में ही बढ़ गए मामले

# मेडिकोलीगल : प्रेम-प्रसंग में बढ़ रहे दुष्कर्म के आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीते साल 2000 से अधिक तो अभी 6 माह में मामलों की संख्या पहुंची 1200 के पार
- इस वर्ष टूट सकता है रिकॉर्ड, जनपद में सर्वाधिक बारादरी थाना प्रभावित लगातार बढ़ रहे मामले
- अन्य की तुलना में प्रेमनगर थाना क्षेत्र में सबसे कम दर्ज हुए हैं मामले

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया युवा वर्ग की मनोदशा पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। छोटी उम्र में किशोरियां और किशोर प्रेम-प्रसंग के चक्कर में पड़कर रिश्तों को खराब कर रहे हैं। यही कारण है कि थानों तक पहुंचने वाले प्रकरणों के कारण परिजन कोर्ट- कचहरी के चक्कर लगा रहे हैं। जिला अस्पताल के मेडिकोलीगल के आंकड़े बता रहे हैं कि प्रेम-प्रसंग में दुष्कर्म के आरोप के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

जिला महिला अस्पताल में वर्ष 2024 में प्रेम प्रसंग, दुष्कर्म और दुष्कर्म के आरोप के कुल 2185 मामले मेडिकोलीगल कक्ष पहुंचे थे। वहीं इस वर्ष 30 जून तक 1157 मामले आ चुके हैं।

मेडिकोलीगल कक्ष से मिली रिपोर्ट के अनुसार, मेडिकल परीक्षण कराने आने वाले मामलों में करीब 50 फीसदी मामले नाबालिग के होते हैं। हैरत की बात तो ये है कि यहां रोजाना 5 से 10 मामले परीक्षण के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें देहात की तुलना में शहर के बारादरी थाना क्षेत्र से आने वाले मामलों की संख्या सर्वाधिक रहती है। वहीं प्रेमनगर थाने से सबसे कम मामले सामने आते हैं।




महिला अस्पताल स्थित मेडिकोलीगल कक्ष।

### पहले था परिवार का नियंत्रण, अब निकल गया डर

बरेली कॉलेज की समाज शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नवनीत कौर आहूजा बताती हैं कि समाज का परिवेश तेजी से बदल रहा है। एक दशक पहले की बात करें तो परिवार में लड़का हो या लड़की दोनों के लिए तमाम बंदिशें होती थीं, घर के बाहर अगर कोई पड़ोसी भी किसी लड़की को लड़के से बात करते देख लेता है तो फौरन टोकता था, लेकिन अब पड़ोसी तो दूर परिवार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं जिस प्रकार से सोशल मीडिया प्लेटफार्म में नई तकनीक जुड़ रही हैं इसने सामाजिक नियंत्रण को काफी हद तक खत्म करने का काम किया है। बच्चा घर में मौजूद होने के बाद भी दिन भर मोबाइल पर व्यस्त रहता है। मां-बाप कमाने में इतने व्यस्त हैं कि बच्चों से आपसी संवाद भी खत्म होता जा रहा है। युवाओं का स्क्रीन टाइम इतना बढ़ गया है कि एक ही कंटेंट जो किसी भी विषय से जुड़ा हो अगर बार-बार देखेगा तो उसकी मनोदशा प्रभावित होना लाजमी है।



प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# शिया समुदाय ने कदीमी जुलूस निकाला

## जंजीरी और कमा का मातम किया गया, मजलिस को मौलाना नेमत अली कुम्मी ने किया खिताब

कार्यालय संवाददाता, बरेली


जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल हुए शिया समुदाय के लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** हजरत अब्बास की शहादत की याद में 8 मोहर्रम को शिया समुदाय ने ऐतिहासिक और कदीमी जुलूस निकाला। जुलूस इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा से शुरू हुआ। मजलिस को दिल्ली से आए मौलाना नेमत अली कुम्मी ने खिताब किया। जिन्होंने हजरत अब्बास की बहादुरी और करबला की तपिश भरी रातों को बयान किया। उनकी तकरीर सुनकर मोमिनों की आंखें नम हो गईं।

ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि जुलूस किला चौकी, दूल्हा मियां मजार, इंग्लिशगंज, जामा मस्जिद रोड, चिड़ीमार कुआं, शबाब जैदी के इमामबाड़ा, जसोली नाला होते हुए मलूकपुर इमामबाड़ा फतेह निशान पहुंचा। वहां अंजुमनों ने नौहख्वानी की। इसके बाद जुलूस दरगाह आला हजरत रोड, इंदिरा मार्केट, कुमार टाकीज गली होते हुए जज साहब के इमामबाड़ा पहुंचा। यहां भी नौहख्वानी हुई। कुमार टाकीज रोड पर अंजुमन शमशीर ए हैदरी और ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी ने जंजीरी व कमा का मातम कर गम-ए-अब्बास मनाया। जुलूस का समापन देर रात इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में हुआ।


मोहनपुर में निकलता ताजिये का जुलूस। • अमृत विचार

### मोहनपुर में निकला ताजिये का जुलूस

**अमृत विचार, बरेली :** मोहनपुर में इस बार भी 8 वें मोहर्रम पर दर्जी तख्त, अंसारी तख्त, शेखों बाला तख्त, नई बस्ती तख्त, मसीत गंज गोटिया तख्त, मंसूरी तख्त अपने अपने इमामबाड़ों से ढोल ताशे और या हुसैन के नारों के साथ उठे। शनिवार को भी सभी तख्त अपने अपने क्षेत्र में जुलूस की शक्ल में निकलेंगे। मोहर्रम की 10 तारीख को उमरिया कर्बला पहुंचकर जुलूस समाप्त होगा। कार्यक्रम में सभी तख्त के मुताबल्लियों ने पैगाम इमाम हुसैन सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों को साफे बांधकर सम्मानित किया। संस्था संस्थापक हकीम आहिद हुसैन, अध्यक्ष उप्र डॉ. अख्तर आफाक खान, आसिफ शेख, असलम शेख, सेठ शाहनवाज, रियाज अंसारी, गुलशेर, इशरत मंसूरी, अनस अंसारी आदि मौजूद रहे।

### गोद लिए टीबी रोगियों को पोषण पोटली बांटी

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में कार्यक्रम हुआ, जिसमें अधिकारियों ने टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित की।

डीएम ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षय रोगियों को गोद लेकर उनको उपचार पूर्ण होने तक प्रत्येक माह पोषण पोटली का वितरण निर्धारित अधिकारियों की ओर से किया जाएगा। किसी मरीज का राशन कार्ड नहीं बना है तो वह अपना आवेदन दें, उनका राशन कार्ड बनवाने के लिए कार्रवाई पूर्ण कराई जाएगी। गोद लिए सभी क्षय रोगियों को उपचार चलने तक प्रत्येक माह पोषण पोटली उपलब्ध कराते रहें। 8653 गोद लिए गए क्षय रोगियों में से 6137 को पोषण पोटली प्रदान की गई। सीडीओ देवयानी, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह आदि अफसर मौजूद रहे।

# निजीकरण के समर्थन में जारी विज्ञापन से बिजली कर्मचारियों में बढ़ा आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बरेली


बैठक को संबोधित करते वक्ता और मंचासीन समिति के पदाधिकारी।

• विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने बैठक कर बनाई रणनीति

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की ओर से पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के समर्थन में जारी विज्ञापन से बिजली कर्मचारियों, अभियंताओं और जूनियर इंजीनियरों में गहरा रोष है। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में हुई।

संघर्ष समिति के संयोजक राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने कहा कि यह विज्ञापन भ्रामक तथ्यों और अंतर्विरोधों से भरा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि निजीकरण पर कोई अंतिम निर्णय लेने से पहले संघर्ष समिति को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि निजीकरण की प्रक्रिया लाखों करोड़ की सरकारी परिसंपत्तियों को कौड़ियों के भाव बेचने की साजिश है, जिसमें पॉवर कारपोरेशन के कुछ उच्च अधिकारी निजी घरानों से मिले हुए हैं।

विपुल शुक्ला ने कहा कि विज्ञापन में विश्वसनीयता की दुहाई देकर खुद ही यह मान लिया गया है कि मौजूदा प्रबंधन अपनी विश्वसनीयता खो चुका है। उत्तर प्रदेश खेतिहर मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव राजीव शांत ने कहा कि विज्ञापन में 2012 से अब तक बिजली व्यवस्था में हुए सुधारों का बखान करने के बावजूद निजीकरण को बेहतर विकल्प बताना असंगत है। इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश मेहता ने इसे जनविरोधी कदम करार दिया। सभा में निजीकरण विरोधी ''जेल भरो आंदोलन'' की तैयारियों की समीक्षा की गई। गिरफ्तारी के लिए तैयार कर्मचारियों की सूची भी बनाई गई। अध्यक्षता इंजीनियर अमित श्रीवास्तव और जबकि संचालन रविंद्र कुमार ने किया।

### सब्जियों की सेहत सुधारेगा मिनी सेंटर आफ एक्सीलेंस

**बरेली, अमृत विचार:** जिले में सब्जियों की खेती को बढ़ावा देने और किसानों को नवीन तकनीक से जोड़ने के लिए मिनी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबिल स्थापित किया जाएगा। इसमें एक हाईटेक वातानुकूलित नर्सरी तैयार की जाएगी। जिसमें विभिन्न सब्जियों के प्रतिवर्ष 14 से 15 लाख पौधे तैयार कर किसानों को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

उद्यान अधिकारी के मुताबिक बेमौसम, रोगमुक्त और उच्च गुणवत्तायुक्त सब्जियों की खेती को बढ़ावा देने के लिए जनपद में इजराइली तकनीक पर आधारित हाईटेक नर्सरी तैयारी की जाएगी। इसके लिए विभाग एक हेक्टेयर भूमि का चयन करेगा। जिसमें शिमला मिर्च, टमाटर, बैंगन आदि के साढ़े तीन लाख पौधे, ब्रोकली, चायनीज कैबेज आदि के साढ़े तीन लाख व खीरा, करेला, खरबूज, कद्दू, लौकी, तुरई के नौ लाख पौधे शामिल हैं।

# बार चुनाव : पहले दिन छह प्रत्याशियों ने कराया नामांकन


सचिव पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते शशिकांत तिवारी। • अमृत विचार

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली बार एसोसिएशन के सचिव पद पर मध्यावधि चुनाव नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को छह प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए। दिवंगत सचिव वीरेन्द्र प्रसाद ध्यानी के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए प्रत्याशियों ने सादगी से नामांकन करवाकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया।

संयुक्त सचिव प्रकाशन रोहित यादव ने बताया कि नामांकन शनिवार को दूसरे दिन भी दोपहर 12 से 4 बजे तक होंगे। शुक्रवार को सचिव पद पर अंतरिक्ष सक्सेना, शशिकांत तिवारी, दीपक पाण्डे, प्रदीप कुमार सिंह, राकेश कुमार श्रीवास्तव व डीडी पाण्डेय समेत छह प्रत्याशियों ने चुनाव मण्डल के समक्ष नामांकन कराया। वरिष्ठ कार्यकारिणी के 1 सदस्य पद पर किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं कराया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी अश्वनी कुमार राना, विशम्भर कुमार आनन्द, राकेश कुमार सक्सेना, प्रदीप कुमार आजाद, मो. जुबैर अमजद, रूप राम राना, आनन्द कुमार रस्तोगी व अमजद सलीम मौजूद रहे।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों को कबूल नहीं कर सकते : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार:** बिहार में होने जा रहे एशिया हॉकी कप में पाकिस्तानी टीम को एनओसी देने का विरोध तेज हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने खेल मंत्रालय से अपने फैसले पर पुनर्विचार की अपील की है।

जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि पहलगाम हमले के वक्त पाकिस्तानी खिलाड़ी और कलाकार, भारत के खिलाफ जहर उगल रहे थे। ऐसी सूरत में पाक खिलाड़ियों को हम कैसे कबूल कर लें। उन्होंने कहा कि अगर पाक खिलाड़ी भारत आते हैं तो उनका पुरजोर विरोध किया जाएगा। सर्व-समाज के साथ मिलकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

### विश्व हिंदू परिषद महानगर के सभी प्रखंडों में आयोजित करेगा परिचय वर्ग


विहिप कार्यालय पर आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारी। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद महानगर के सभी 12 प्रखंडों में परिचय वर्ग आयोजित करेगा। इसको लेकर शुक्रवार को विहिप कार्यालय श्री कृष्ण लीला स्थल पर बैठक हुई। रविवार से शुरू होने वाला परिचय वर्ग 15 जुलाई तक सभी प्रखंडों में होगा।

विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम ने बताया कि रविवार को शिवाजी नगर प्रखंड, विक्रम नगर प्रखंड एवं मालवीय नगर प्रखंड में परिचय वर्ग आयोजित किए जाएंगे। महानगर अध्यक्ष आशु अग्रवाल ,महानगर सहमंत्री जितेंद्र कश्यप, संजय शुक्ला, विकास सोमवंशी, भगवान स्वरूप, सर्वेश यादव, जितेंद्र सोनू ,आशु गोस्वामी ,मनीष अग्रवाल ,केशव गुप्ता, परम केसवानी, प्रियांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संगठन से व्यापारी नेताओं को जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली


बैठक में मौजूद यूनियन के पदाधिकारी और व्यापारी नेता। • अमृत विचार

• यूपी ट्रांसपोर्ट यूनियन ने की बैठक अफसरों पर अनदेखी का आरोप
• पदाधिकारियों ने परिवहन विभाग पर लगाए कई गंभीर आरोप

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ट्रांसपोर्ट यूनियन ने शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित एक हाल में बैठक हुई। जिसमें संगठन की शक्ति बढ़ाने और ट्रांसपोर्टर्स की आवाज और बुलंद करने के लिए शहर के कई व्यापारी नेताओं को संगठन से जोड़ा। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट हित में कई फैसले भी लिए गए।

संगठन में व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा को संरक्षक, राजकुमार राजपूत को जिला प्रभारी, अनिल अग्रवाल को जिलाध्यक्ष, विशाल गोयल को जिला महामंत्री और नवी यार खां को जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर संरक्षक विशाल मेहरोत्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को ट्रांसपोर्टर और व्यापारियों के हित में काम करने के आदेश दिए हैं, मगर जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अनावश्यक रूप से ट्रांसपोर्टरों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष राम कृष्ण शुक्ला ने कहा कि परिवहन विभाग ट्रांसपोर्ट्र्स का लगातार उत्पीड़न कर रहा है। अफसर ओवरलोड ट्रक चलवाकर सारा व्यापार खराब कर रहे हैं। जिस कारण ट्रांसपोर्ट्र्स परेशान हैं।

उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। इस दौरान दीपक द्विवेदी, प्रभजीत सिंह, राजन सिंह, फरहत अली, जिशान खान, सनी बग्गा, लईक अहमद आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA EYE AND LASER CENTRE
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

### शरद पूर्णिमा की रात्रि को गोपियों के साथ महारास रचाते हैं श्रीकृष्ण

**बरेली, अमृत विचार :** बाबा त्रिवटी नाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास पंडित सुरेश शास्त्री ने शरद पूर्णिमा की रात्रि को भगवान कृष्ण व गोपियों की रासलीला के बारे में बताया। कथाव्यास ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों को वचन दिया था कि मैं तुम्हारे साथ शरद पूर्णिमा की रात्रि के समय रास विहार करूंगा।


कथा सुनाते डॉ. सुरेश शास्त्री।

एक दिन वह पावन समय आया भगवान ने अपनी वेणु का वादन किया। वह वेणु केवल उन गोपियों को सुनाई पड़ी, जिनको भगवान ने वचन दिया। वेणु नाद सुन कर गोपियां के आने पर भगवान ने उनके साथ रास विहार किया।

कथा व्यास कहते हैं कि प्रभु श्रीकृष्ण गुरुकुल लीला में गुरु माता द्वारा सुदामा को दिए तीन मुट्ठी चने खा लेते थे। वही सुदामा जब द्वारकाधीश के पास जाते हैं तब बालसखा के प्रेमवश द्वार पर दौड़े चले आते हैं बालसखा के पैरों को अपने हाथों से धोते हैं। मंदिर कमेटी के प्रताप चंद्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल, सुभाष मेहरा आदि उपस्थित रहे।

# तकनीकी शिक्षा आज के समय में बेहद जरूरी : सुनील कुमार


नैनीताल रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित अभ्यास वर्ग में उपस्थित आचार्य। • अमृत विचार

• सरस्वती शिशु मंदिरों में आचार्यों के लिए अभ्यास वर्ग आयोजित

**बरेली, अमृत विचार:** विद्या भारती विद्यालय बरेली महानगर के सरस्वती शिशु मंदिरों में पढ़ने वाले सभी आचार्यों के लिए अभ्यास वर्ग शुक्रवार को नैनीताल मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया। शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के जिला समन्वयक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि संस्कृति और सभ्यता का संरक्षण शिक्षा ही करती है, अध्यापन कार्य के लिए शिक्षा, निरंतरता के लिए स्वाध्याय बहुत आवश्यक है, खेल-खेल में शिक्षा दें, तकनीकी शिक्षा आज के समय में बहुत आवश्यक है।

वंदना सत्र में जिला समन्वयक सुनील कुमार सिंह एवं बाल कल्याण समिति के सह मंत्री राकेश शर्मा, विद्यालय व्यवस्थापक दिनेश मलिक ने अभ्यास वर्ग का शुभारंभ किया। राकेश शर्मा ने कहा कि विचारों का आदान-प्रदान ही प्रशिक्षण है। विद्या भारती शिशु वाटिका प्रमुख राम किशोर श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक दर्पण की तरह हैं, जो अपने आचरण से एकाग्रता से शिक्षा प्रदान करें। द्वितीय सत्र में शिक्षाविद आरएन सक्सेना ने बताया कि शिक्षा एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसे मोटिवेट कर सुधार किया जा सकता है, असफलता से सफलता की ओर चलना चाहिए। समापन सत्र में राजीव सक्सेना ने विचार रखे। प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन राजेश कुमार त्रिपाठी ने किया। संकुल के सभी प्रधानाचार्य, 112 आचार्य उपस्थित रहे।

## बाधा दौड़ में निरीक्षक रणजीत ने अमेरिका में जीता कांस्य पदक

**बरेली, अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के रेल सुरक्षा बल पोस्ट हाथरस सिटी में तैनात निरीक्षक रणजीत यादव ने अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में देश का नाम रोशन किया। अमेरिका के अलबामा (बर्मिंघम) में 27 जून से 6 जुलाई तक आयोजित "वल्र्ड पुलिस एवं फायर गेम-2025" में उन्होंने 50 वर्ष आयु वर्ग की 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता है। मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रणजीत यादव ने कठिन परिश्रम से यह सम्मान अर्जित किया। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# बरेली कॉलेज : स्नातक की पहली ओपन मेरिट जारी, रही हाई

## बीए, बीएससी जीव विज्ञान, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीबीए और बीसीए की मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को आज से लेना होगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज ने शुक्रवार को स्नातक पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी जीव विज्ञान, बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीबीए और बीसीए में प्रवेश के लिए पहली ओपन मेरिट लिस्ट जारी कर दी। सभी पाठ्यक्रमों में सीटों के सापेक्ष अधिक आवेदन आने से मेरिट काफी हाई रही। बीए, बीएससी जीव विज्ञान और बीकॉम की मेरिट में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिए 5 से 6 जुलाई रात 12 बजे तक कॉलेज के पोर्टल बीसीबी ऑनलाइन एडमिशन पर लॉग इन कर प्रवेश लेना होगा। शुल्क भी ऑनलाइन जमा करना होगा। बाद में सीटों की उपलब्धता के अनुसार आगे की मेरिट जारी की जाएगी। बीकॉम आनर्स, बीबीए और बीसीए में विद्यार्थियों विभाग में 5 से 7 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा।



बरेली कॉलेज में मेरिट जारी करने के दौरान प्राचार्य, मुख्य प्रवेशनियंत्रक व अन्य।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि स्नातक में प्रवेश के लिए पहले चरण में बीए की 1840 सीटों के लिए 5099, बीएससी गणित की 880 सीटों के लिए 718, बीएससी जीव विज्ञान की 720 सीटों के लिए 2096, बीकॉम की 1040 सीटों के लिए 1444, बीकॉम आनर्स की 120 सीटों के लिए 390, बीबीए की 120 सीटों के लिए 627 और बीसीए की 160 सीटों के लिए 764 आवेदन आए हैं। बीएससी गणित में पहले से प्रवेश हो रहे हैं। इसके अलावा अन्य सभी की ओपन मेरिट जारी की गई है। उन्होंने बताया कि मेरिट में शामिल छात्रों का कॉलेज के पोर्टल पर प्रवेश लेने के बाद यदि ऑनलाइन पेमेंट फेल होता है तो छात्र छह घंटे बाद फी कन्फर्मेशन पर क्लिक करें। इसके बाद भी यूपीआई से पेमेंट सफल न होने पर नेट बैंकिंग या डेबिट कार्ड से पेमेंट करें। एडमिशन मेरिट के आधार पर ही होंगे। प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन प्रवेश और शुल्क जमा करने में किसी छात्र को कोई दिक्कत आती है तो वह सेमिनार कक्ष में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक प्रवेश सेल में संपर्क कर सकते हैं।

### ओपन मेरिट पर्सेंटाइल में

बीए की ओपन मेरिट 98.800 से 72.600, बीएससी जीव विज्ञान की 96.600 से 78.658, बीकॉम की 95.400 से 69.600, बीबीए की 95.062 से 75.720, बीकॉम आनर्स की 98.60 से 82.92, बीसीए की 79.424

### फर्जी तरीके से प्रवेश की कोशिश, 15 के भारांक संदिग्ध

स्नातक में प्रवेश के लिए कई छात्रों ने मेरिट में आने के लिए फर्जीवाड़ा किया है। प्रवेश समिति को 15 आवेदनों के भारांक संदिग्ध मिले हैं। इनमें किसी ने एनएसए, दिव्यांग, स्पोर्ट्स सहित अन्य प्रमाणपत्र लगाए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। प्रो वंदना शर्मा ने बताया संदिग्ध प्रमाणपत्रों की जांच की जा रही है। यह छात्र यदि ऑनलाइन प्रवेश लेते हैं तो इन्हें प्रवेश समिति के समक्ष बुलाया जाएगा। इनके ओरिजिनल प्रमाणपत्र देखने व पूछताछ के बाद ही सीट लॉक पर विचार किया जाएगा।

## मझगंवा के शिक्षक को नगर का बना दिया एआरपी

**बरेली, अमृत विचार :** मझगवां के उच्च प्राथमिक विद्यालय नूरपुर के सहायक अध्यापक मदन मोहन उपाध्याय को नगर क्षेत्र में विज्ञान का एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) बना दिया। जबकि शासन के नियमानुसार ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र में और नगर के शिक्षकों को नगर के क्षेत्र में ही एआरपी बनाया जाना है।

एक विकास खंड में पांच एआरपी चयनित होने थे। मार्च में हुए एआरपी चयन में नगर क्षेत्र में केवल 2 शिक्षकों ने ही एआरपी के लिए आवेदन किया था, जिसमें वे उत्तीर्ण नहीं हो सके थे। बीएसए संजय सिंह के अनुसार नगर क्षेत्र में किसी शिक्षक के चयनित नहीं हो पाने और केवल विज्ञान विषय में इकलौते शिक्षक वेटिंग लिस्ट में होने के कारण इनकी नियुक्ति एआरपी के रूप में नगर में हुई है।

## सार-संक्षेप

### पुण्यतिथि पर स्वामी विवेकानंद को किया याद



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में द्वारिका पुरम कालोनी में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की 124 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद दुनिया को भारत और भारतीयता का मर्म समझाने वाले, युवाओं के आदर्श एवं प्रेरणास्रोत हैं। प्रकाश चंद्र सक्सेना, अरुणा सिन्हा, कल्पना सक्सेना, सुनील शर्मा, दीप्ति शर्मा, राजेश सक्सेना, अंजलि सक्सेना, गंगा राम पाल, मुकेश, शोभा, सुधीर, मीरा, रीता, इन्द्र देव त्रिवेदी, ब्रजेश और उषा सक्सेना मौजूद रहे।

### डॉक्टर व सीए को औषधीय पौधे देकर किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब दिव्य शक्ति इकाई की ओर से शुक्रवार को डॉक्टर्स डे और सीए डे मनाते हुए शहर के चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउंटेंट को औषधीय पौधे देकर सम्मानित किया गया। चिकित्सकों में डॉ. सुधाकर आर्य, डॉ केके शर्मा, हकीम खुर्शीद, डॉ अदीब, डॉ सीपीएस चौहान, डॉ मुकुल सक्सेना, डॉ ममता निगम और चार्टर्ड अकाउंटेंट में रामानुज दीक्षित, शैली अग्रवाल, विनय कृष्ण, अमित टंडन, शुभि अग्रवाल को औषधीय पौधे देकर सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष डॉ. मिथलेश भदौरिया, उपाध्यक्ष निधि भार्गव, स्मिता भदौरिया, सुधा चौहान, मीनाक्षी अस्थाना, सचिव शिखा श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव अंजना सिंह, सुनीरा इंदीवर, कंचन आर्या, पुष्पा शाह आदि उपस्थित रहे।

### डॉक्टर्स डे पर किया गया सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब बरेली साउथ ग्लोरी की ओर से शुक्रवार को डॉक्टर डे मनाया गया। क्लब की सदस्यों व डॉक्टरों में डॉ. नीलू मिश्रा, डॉ. जगत बंसल, डॉ प्रगति अग्रवाल, डॉ. नितिन अग्रवाल, डॉ. श्वेता अग्रवाल, डॉ. बबीता अग्रवाल, डॉ. शाहजहां बेगम को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सीए डे पर सीए दिव्यांशी अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट व डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी डॉ. नीलू मिश्रा, क्लब प्रेसिडेंट डॉ. सुधा भाटिया, सेक्रेटरी अनुपमा शर्मा, क्लब एडिटर गीता जैन, पूर्व प्रेसिडेंट नूतन चौधरी, सरिता बंसल मौजूद रहीं।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**बरेली, अमृत विचार :** वन महोत्सव के तहत शुक्रवार को लाल फाटक स्थित वृद्धाश्रम पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें वृद्ध महिलाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि प्रभागीय वन अधिकारी दीक्षा भंडारी ने वृद्ध महिलाओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। कुल 150 पौधे रोपे गए। क्षेत्रीय वन अधिकारी वैभव चौधरी एवं वृद्ध आश्रम की केयरटेकर कांता गंगवार उपस्थित रहीं।

# स्कूलों के विलय के विरोध में सड़क पर उतरे शिक्षक

## शहर में निकाली वाहन रैली, शिक्षा बचाओ देश बचाओ के लगाए नारे, रैली में शामिल हुए एक हजार से अधिक शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों के विलय के विरोध में शिक्षक मुखर हो गए हैं। शुक्रवार को शिक्षकों ने तमाम संगठनों के साथ सड़कों पर उतरकर राज्य सरकार की स्कूलों को विलय करने की नीति के खिलाफ हुंकार भरी और नारेबाजी की। विरोध में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने शहर की सड़कों पर वाहन रैली निकाली। शिक्षकों का कहना है कि विलय से बच्चों का भविष्य खराब होगा। निशुल्क शिक्षा के अधिकार से बच्चे वंचित होंगे।



रैली में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया और जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। ● अमृत विचार



रैली में शिक्षक वाहनों के साथ हुए शामिल। ● अमृत विचार

शिक्षा बचाओ संघर्ष मोर्चा की अगुवाई में शिक्षकों ने शुक्रवार अपराह्न 3 बजे से वाहन रैली निकालते हुए शिक्षा बचाओ देश बचाओ के नारे लगाए। रैली में करीब 2000 से अधिक बाइक सवार शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया। ये रैली गांधी उद्यान से चौपुला होते हुए किले के रास्ते मिनी बाईपास से इज्जतनगर के रास्ते आईवीआरआई होते हुए डेलापीर से श्यामगंज फ्लाइओवर होते हुए गांधी उद्यान पर समाप्त हुई। 10 से अधिक संगठनों ने भी रैली में हिस्सा लिया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने बताया विद्यालयों के अनैतिक समविलियन मर्जर के विरोध में बाइक रैली निकाली। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने बताया, विद्यालयों का युग्मन निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम की आत्मा पर सीधा प्रहार है। कहा कि सरकार 50 से कम संख्या वाले विद्यालयों को विलय कर रही है, जबकि कई प्रदेशों में इस मर्जर पर कोर्ट ने रोक लगा दी है। विद्यालयों की विलय प्रकिया से गांव के छोटे बच्चों को दूर विद्यालयों में जाना होगा, दूरी बढ़ने की वजह से बच्चों के अभिभावक यदि नहीं भेजते हैं तो इससे बच्चा शिक्षा से वंचित होगा। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री केसी पटेल, जूनियर शिक्षक संघ मंडलीय मंत्री विनोद शर्मा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, यूटा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप, अटेवा के जिलाध्यक्ष मुनीश गंगवार, टेट संघर्ष मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद चौहान, क्रांतिकारी लोकाधिकार संगठन के सचिव फैसल, जिला मंत्री बलबीर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष योगेश गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमपाल, जिला उपाध्यक्ष मनोज गंगवार, जिला संयुक्त मंत्री तपन सिंह मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### तीन घंटे की रैली से लगा जगह-जगह जाम

शिक्षा बचाओ संघर्ष मोर्चा के तहत हजार से अधिक बाइक सवारों की रैली निकली तो जगह जगह जाम लग गया। गांधी उद्यान पर शिक्षक एकत्र हुए तो आधा घंटे तक जाम लगा रहा। सिटी स्टेशन, किला पुल, मिनी बाईपास समेत कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। रैली की वजह से शहर में तीन घंटे तक ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित रही।

# आईसीयू में 21 दिन से ज्यादा भर्ती मरीजों से नहीं लिया जाएगा बेड और नर्सिंग चार्ज



एसआरएमएस मेडिकल जर्नल मेडिकल साइंसेज सप्लीमेंट वन का विमोचन करते चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के 24वें स्थापना दिवस पर चेयरमैन देव मूर्ति की घोषणा**

**अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आईसीयू में 21 से ज्यादा दिनों तक भर्ती रहने वाले मरीजों से आईसीयू और नर्सिंग चार्ज नहीं लिया जाएगा। इसके साथ ही मरीजों के साथ ही यहां उपचाराधीन मरीजों के तीमारदारों को भी मात्र 12 रुपये में पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। एसआरएमएस में जल्द ही 250 बेड के आईसीयू के साथ ट्रामा यूनिट बनाई जाएगी। जिससे अधिकतम ट्रामा के मरीजों की जान को बचाया जा सके। इसके लिए ड्रोन के सहारे उपचार उपलब्ध कराना और जरूरतमंद लोगों को उनके घरों तक आईसीयू उपलब्ध कराना शामिल है। यह घोषणा एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के 24वां स्थापना दिवस समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने की।

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को 24वां स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह से पहले देव मूर्ति ने अपने पिता और संस्थान के प्रेरणास्रोत स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद स्वर्गीय श्रीराम मूर्ति के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर हवन पूजन किया। इस मौके पर कनेक्सस क्लब के विद्यार्थियों ने केक काटा और चेयरमैन देव मूर्ति को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। रक्तदान कैंप आयोजित हुआ। इसमें गुड लाइफ हास्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति और ट्रामा एवं इमरजेंसी मेडिसिन के एचओडी डा.योगेश चेट्टी सहित 40 लोगों ने रक्तदान किया। सम्मान समारोह में देव मूर्ति ने कहा कि 25 वर्ष पहले हमने मेडिकल कालेज का सपना देखा उसे पूरा किया। उसकी नींव रखी, जो आप लोगों की मदद से 23 वर्ष पूरा कर चुका है। इसके लिए आप सभी को धन्यवाद। सेवानिवृत्त होने वाले सेवाकर्मी भगवत सरन और मुकद्दर अली को गिफ्ट देकर विदाई दी। वहीं एक वर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने पर पांच विभागों जनरल मेडिसिन, स्त्री व प्रसूति रोग विभाग, ईएनटी, रेस्पिरेटरी डिपार्टमेंट, डर्मेटोलॉजी डिपार्टमेंट समेत अन्य को चेयरमैन की ओर से विशेष प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। जनरल मेडिसिन के एचओडी डा. एसके सागर और इमरजेंसी व ट्रामा मेडिसिन के डा. हर्षित अग्रवाल को चेयरमैन की ओर से विशेष प्रशंसा पत्र मिला। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य चिकित्सा और शिक्षा का है और इसे हम सब लोग मिल कर पूरा कर रहे हैं। प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला ने सभी का स्वागत किया स्थापना दिवस कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी डा. ईरा भारद्वाज और डीन यूजी डा.बिंदु गर्ग ने निभाई। इस मौके पर ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डा.श्यामल गुप्ता, सुभाष मेहरा समेत अन्य मौजूद रहे।

## जूनियर वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 8 से

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में 8 खेलों की जूनियर जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 8 से 15 जुलाई तक होंगी। इसके तहत जिम्नास्टिक प्रतियोगिता बालक बालिका वर्ग, वालीबॉल बालिका वर्ग, लॉन टेनिस बालक बालिका, फुटबॉल बालक वर्ग, भारोत्तोलन बालक वर्ग की प्रतियोगिता 8 व 9 जुलाई को होगी। वहीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता बालक-बालिका वर्ग 9 को, क्रिकेट प्रतियोगिता बालक वर्ग 10 से 14 जुलाई को होगी। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है। विजेता खिलाड़ियों को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

### पुण्यतिथि पर विवेकानंद के बारे में बच्चों को बताया

**रिठौरा, अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि पर पीएन दिवान पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
नि:शुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. (Home Science) B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. (Home Science) M.A. (Home Science) M.A. (Drawing & Painting)
D.PHARMA BTE CODE 2143 B.Ed. BTC D.El.Ed. B.EL.ED
डी.एस.आर. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No : 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777, 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार, Mob No : 9412287777

SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years
Educational Exellence



ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastracture
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

## एपीएस इंट्रा क्लस्टर बास्केटबॉल टूर्नामेंट आज से

**बरेली, अमृत विचार:** आर्मी वेलफेयर एजूकेशन सोसायटी दिल्ली, सेंट्रल कमांड के आदेश के अनुसार आर्मी पब्लिक स्कूल कैंट के तत्वावधान में सेंट्रल कमांड इंट्रा क्लस्टर अंडर-17 गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट शनिवार से शुरू होगा। 7:30 बजे विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर शशांक बहुगुणा टूर्नामेंट का आरंभ करेंगे। पहला मुकाबला आर्मी स्कूल लखनऊ और आर्मी स्कूल फतेहगढ़ के बीच होगा। दूसरा मुकाबला आर्मी स्कूल बरेली और आर्मी स्कूल आगरा के बीच से होगा।

# टीका लगा नहीं, पोर्टल पर वैक्सीनेशन पूरा दिखाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **शहर से लेकर देहात तक बच्चों के टीकाकरण में लक्ष्य पूरा करने को जिम्मेदार कर रहे खेल**
- **परिजन कर रहे शिकायत, बच्चा घर में है, मोबाइल पर वैक्सीनेशन पूरा होने के आ रहे संदेश**

**अमृत विचार :** बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए लक्षित बच्चों का टीकाकरण शत-प्रतिशत पूर्ण करने के शासन के निर्देश पर वैक्सीनेशन का ग्राफ बढ़ाने के लिए विभागीय जिम्मेदारों ने खेल आरंभ कर दिया है। बच्चों को बिना टीका लगाए ही विभागीय पोर्टल पर वैक्सीनेशन होने का फर्जी ब्योरा दर्ज कर संबंधित बच्चे के परिजनों के मोबाइल नंबर पर संदेश भी भेजे जा रहे हैं।




मॉडल साथिया यूनिट में टीकाकरण कक्ष।

शहरी क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों के अधीन आने वाले क्षेत्रों में बच्चों को प्रतिरक्षित करने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। बच्चे के पंजीकरण के दौरान पूरा ब्योरा दर्ज किया जाता है। पहला टीका लगाने के बाद दूसरा टीका लगवाने की तिथि निर्धारित होने पर अगर परिजन नहीं पहुंच रहे हैं तो कर्मचारी टीकाकरण का ग्राफ बढ़ाने को पोर्टल पर वैक्सीनेशन पूर्ण दर्ज कर बच्चे के परिजन के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मैसेज भेज रहे हैं।

> अस्पताल में पूरी जांच पड़ताल के बाद ही बच्चे को वैक्सीन लगाई जा रही है। शहरी क्षेत्र से बच्चे को लेकर टीका लगवाने आने वाले परिजनों के मोबाइल पर वैक्सीनेशन संबंधी मैसेज पहुंच रहे हैं, जबकि वह टीका न लगने का तर्क दे रहे हैं। इसकी सूचना सीएमओ को दे दी गई है।
> –**डॉ. त्रिभुवन प्रसाद**, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल।

### ऐसे उजागर हुआ खेल

शहरी क्षेत्र में टीकाकरण शिविर का आयोजन नहीं होने पर बच्चे के परिजन जब महिला अस्पताल में टीका लगवाने पहुंचे। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ ने जब पोर्टल पर बनी बच्चे की आईडी देखी तो वैक्सीनेशन पूर्ण होना दर्ज था। स्टाफ ने दोबारा टीका लगाने से मना कर दिया। परिजनों ने कहा कि वे बच्चे को लेकर ही नहीं गए तो टीका कैसे लग जाएगा। स्टाफ ने सीएमएस से भी इस बाबत शिकायत की है।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306


# खाद के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग की तो रद्द होगा लाइसेंस

## डीएम ने विकास भवन सभागार में उर्वरक वितरण की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि जिले का कोई भी उर्वरक विक्रेता खाद के साथ किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग करके बिक्री करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज होगा। लाइसेंस भी रद्द किया जाएगा, इसलिए कोई भी उर्वरक प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधि विक्रेताओं को खाद के साथ किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग न कराएं।

विकास भवन के सभागार में शुक्रवार शाम जिलाधिकारी ने उर्वरक वितरण की समीक्षा की। डीएम ने कृषि अधिकारियों, उर्वरक विक्रेताओं व कंपनियों के प्रतिनिधि को निर्देश दिए। कहा कि उर्वरक डीलर, रिटेलर अपने निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री करें। किसानों को उनकी कृषि जोत के आधार पर ही उर्वरक दिया जाए। अधिक मात्रा में एक भी कृषक को उर्वरक नहीं दिया जाए। विक्रेता जिन किसानों को उर्वरक दे रहे हैं। उसका पूरा विवरण अपने पास सुरक्षित रखें और निरीक्षण के समय अधिकारी को प्रस्तुत करें। बिक्री केंद्र पर उपलब्ध उर्वरक की मात्रा का विवरण और उसकी बिक्री दर नोटिस बोर्ड पर लिखने के निर्देश दिए। सीडीओ देवयानी ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ब्रजेश परिहार को निर्देश दिए कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को प्रचलन में लाने के लिए गांव-गांव और न्याय पंचायत पर जाकर पंचायत कर्मी और अपने स्टाफ के साथ किसानों के खेत पर प्रदर्शन लगवाएं। ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया और डीएपी का स्प्रे करवाएं। जिला कृषि अधिकारी से कहा कि यदि कोई कंपनी डिस्ट्रीब्यूटर या रिटेलर समिति का सचिव ओवर रेटिंग या टैगिंग करता हुआ पाया जाता है या उसके खिलाफ कोई शिकायत मिली तो गोपनीय जांच कराकर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाए। संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी समेत उर्वरक कंपनी के प्रतिनिधि, थोक और फुटकर उर्वरक विक्रेता, सहकारी समितियों के प्रभारी आदि मौजूद रहे।

**पीओएस मशीन से ही खाद की बिक्री करें विक्रेता**

सीडीओ ने कहा कि फुटकर विक्रेता अनिवार्य रूप से उर्वरक की बिक्री पीओएस मशीन के जरिये करे। कृषि विभाग के अधिकारी इसका निरंतर निरीक्षण करें, यदि पीओएस मशीन की रिपोर्ट व स्थलीय उपलब्धता में अंतर मिले तो तत्काल निलंबन व आवश्यक विधिक की कार्रवाई की जाए।



विकास भवन में अधिकारी व उवर्कर विक्रेताओं के साथ बैठक करते डीएम व सीडीओ।

## बार एसोसिएशन के विरुद्ध केस वापस

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली बार एसोसिएशन के विरुद्ध विचाराधीन परिवाद को वापस लिये जाने की वादी वीरेन्द्र पाल गुप्ता की केस वापसी अर्जी को मंजूर करते हुए सिविल जज जूनियर डिवीजन सिद्धांत यादव ने वाद की कार्यवाही समाप्त कर दी। बार के प्रमुख पदाधिकारियों पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए यह मुकदमा दायर किया गया था। वादी के मुताबिक उन्होंने अंतर आत्मा की आवाज पर यह निर्णय लिया। विधिक नियमानुसार वाद दायर करने के बाद वादी किसी भी समय अपने दावे को खत्म कर सकता है।

# आरसी जारी फिर भी चीनी मिलें नहीं कर रहीं भुगतान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बहेड़ी व नवाबगंज की चीनी मिल पर है 190 करोड़ से अधिक बकाया

**अमृत विचार:** आरसी जारी होने के बाद भी दो चीनी मिलें भुगतान नहीं कर पाई हैं। बहेड़ी की केसर और नवाबगंज की ओसवाल चीनी मिल पर किसानों का 190 करोड़ से अधिक का बकाया है। भुगतान न होने से किसान परेशान हैं।

दरअसल, जिले में करीब दो लाख किसान गन्ने की खेती से जुड़े हैं, जो फरीदपुर, मीरगंज, सेमीखेड़ा, नवाबगंज और बहेड़ी चीनी मिलों को गन्ने की आपूर्ति करते हैं। फरीदपुर, मीरगंज और सेमीखेड़ा चीनी मिल ने तो शतप्रतिशत भुगतान कर दिया है, अन्य दो चीनी मिलों पर बकायेदारी होने पर पिछले महीने इनकी आरसी जारी की गई।

बहेड़ी चीनी मिल ने आरसी जारी होने के बाद महज सवा तीन करोड़ रुपये का भुगतान किया है। जबकि नवाबगंज चीनी मिल ने एक रुपया भी नहीं दिया। बहेड़ी चीनी मिल पर पिछले और मौजूदा सत्र का करीब 155 करोड़ रुपये बकाया है। जबकि नवाबगंज चीनी मिल पर 39 करोड़ रुपये की देनदारी है। डीसीओ दिलीप सैनी का कहना है कि आरसी जारी करने के साथ ही चीनी मिल प्रबंधकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वह भुगतान करें। इसके लिए चीनी मिलों को नोटिस जारी किया गया है। बावजूद ये मिलें भुगतान नहीं कर पाई हैं। ऐसे में अब इन चीनी मिलों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जा सकती है।

# खतौनी के सत्यापन के समय खातेदारों के हिस्सों का अंकन सही तरह से करें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** चकबंदी आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी के आदेश पर शुक्रवार को चकबंदी निदेशालय की टीम ने तहसील फरीदपुर के ग्राम पदारथपुर और मल्हपुर में जन चौपाल का आयोजन कर चकबंदी के दौरान होने वाली ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

टीम के सदस्य संजय कनौजिया ने चकबंदी अधिकारियों को ग्राम में गाटा वार संख्या की पड़ताल के समय गाटे में स्थित किसी भी प्रकार की आबादी या पेड़ इत्यादि के स्वामी के नाम सहित जोत चकबंदी आकार पत्र 2 क के संबंधित स्तंभ में अनिवार्य रूप से अंकित करने के निर्देश दिए। टीम के अन्य सदस्य कृष्णकांत राय ने निर्देशित किया कि ग्राम में सत्यापन खतौनी के समय समस्त खातेदारों के हिस्सों का अंकन सही प्रकार करें, ताकि भविष्य में होने वाले विवादों की संख्या कम की जा सके। यह भी निर्देश दिए कि पक्की सड़क पर स्थित गाटों के किसानों को किसी भी स्थिति में उनके गाटों से न हटाएं। निर्देशों के अवहेलना की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। पवन कुमार सिंह बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, श्याम नारायण अग्निहोत्री चकबंदी अधिकारी फरीदपुर, प्रधान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।




जनचौपाल के दौरान किसानों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

- टीम ने फरीदपुर के गांव पदारथपुर व मल्हपुर में चौपाल में सुनीं किसानों की समस्याएं

## सार-संक्षेप

### एसएसपी ने आरटीसी कंट्रोल रूम का किया उद्घाटन




**बरेली, अमृत विचार:** पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शुक्रवार सुबह साप्ताहिक परेड में सलामी ली। इसके बाद उन्होंने नवनिर्मित आरटीसी कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। एसएसपी ने परेड के बाद पुलिस लाइन में स्थित क्वार्टर गार्ड, आदेश कक्ष, रजिस्टर और रिकॉर्ड्स की जांच की और तय मानकों के अनुसार अपडेट रखने के निर्देश दिए। भोजनालय और बैरकों में पहुंचकर उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के खाने की गुणवत्ता, साफ–सफाई और पानी की उपलब्धता देखी। निरीक्षण के बाद एसएसपी ने नवनिर्मित आरटीसी कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। यह कंट्रोल रूम पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से लैस है। जिससे रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण को रीयल टाइम में मॉनिटर किया जा सकेगा। कंट्रोल रूम में लगे हाई डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरों से इनडोर क्लास, मैस, मनोरंजन कक्ष और बैरकों के गेट तक की हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम, सीओ द्वितीय अजय कुमार, प्रतिसार निरीक्षक हरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने 266 गुम मोबाइल खोजकर मालिकों को लौटाए



**बरेली, अमृत विचार:** मई में गायब हुए 266 मोबाइल फोन सर्विलांस सेल और थानों की टीम ने बरामद किए। एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा ने शुक्रवार को ये मोबाइल मालिकों को लौटा दिए। बरामद मोबाइलों की कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस लाइन स्थित रविंद्रालय सभागार में एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा ने मोबाइल स्वामियों को उनके फोन सौंपे। मोबाइल रिकवरी में बेहतर काम करने वाले सात पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने दो–दो हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें मुकेश कुमार, संदीप कुमार, सोहेल खां, नाजिम हुसैन, मोहम्मद अराफात, जतिन सक्सेना और प्रीतम सिंह शामिल हैं।

### पशु कटान में पांच आरोपी गिरफ्तार, चार क्विंटल मांस बरामद



**बरेली, अमृत विचार:** अवैध तरीके से पशु का कटान करने के मामले में पांच आरोपियों को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर चार क्विंटल मांस बरामद किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपियों की पहचान कटरा चांद खां निवासी मुन्ना उर्फ साहनूर, कासिफ, टककुईया हकीम सुक्का मस्जिद के पीछे के मोहसीन और मोहल्ला काजीटोला निवासी असलम उर्फ इस्लाम के रूप में हुई है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि पुलिस टीम शुक्रवार देर रात गश्त कर रही थी। इस बीच जानकारी मिली कि मुन्ना खां कटरा चांद खां में अवैध तरीके से भैंस और पड्डों का कटान कर रहा है। टीम ने दबिश देकर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से तीन चाकू, कुल्हाड़ी, लकड़ी का गुटका और चार क्विंटल मांस बरामद हुआ है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि त्योहार होने के कारण मांस की मांग अधिक हो गई है। भैंस और पड्डों को पशु बाजार से लाकर उनका कटान कर मांस को बाजार में बेचने की तैयारी कर रहे थे। आरोपी एक और दो किलो के मांस के पैकेट बनाकर बेचने का काम करते थे।

### 19 साल पुराने गैंगस्टर केस में दो दोषियों को 2 वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार:** स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट गगन कुमार भारती ने 19 साल पुराने गैंगस्टर मामले में थाना शाही ग्राम सेवा ज्वालापुर निवासी यादराम व डूंगरपुर निवासी अमर किशोर को दोषी पाते हुए 2 वर्ष कारावास व प्रत्येक को 5–5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील अचल सक्सेना ने बताया कि 7 फरवरी 2006 को थानाध्यक्ष शाही सुभाषचंद्र यादव ने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त दोनों मुल्जिमों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। अभियोजन ने तीन गवाह पेश किये।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ मनाएगा स्थापना दिवस




संघ के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक करते पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राम लाल कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को संघ की मासिक बैठक लोक निर्माण विभाग के प्रेरणा सदन सभागार में हुई। जिलाध्यक्ष ने संघ की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि संगठन ने यूपी के लगभग एक लाख ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का सम्मान बढ़ाया है।

गुरुवार को संघ को शासकीय मान्यता प्राप्त हुई। इसी क्रम में रविवार को संघ का स्थापना दिवस संघ के बिथरी चैनपुर ब्लाक स्थित जिला कैंप कार्यालय में मनाया जाएगा। जिला महामंत्री महेश चंद्र वाल्मीकि ने सफाई कर्मचारियों से स्थापना दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष रविंद्र कश्यप, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह कोली, जिला ऑडिटर, ओमप्रकाश गंगवार, तेजपाल पटेल, ज्ञान बाबू वाल्मीकि, सर्वेश कुमार मौर्य, अशोक वाल्मीकि, अरविंद शर्मा, राजपाल वर्मा, नरेश भारती, हेतराम राजपूत, राकेश वाल्मीकि, अजीत यादव, संतराम दिवाकर, हेतराम मौर्य, राम गोपाल गंगवार, चौधरी जोगेंद्र सिंह, हरनारायण राजपूत, नन्हेंलाल वाल्मीकि, संतोषी देवी, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

## शोहदे से परेशान होकर युवती ने छोड़ी पढ़ाई, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार:** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में युवती को शोहदे ने इस कदर परेशान किया कि उसने परेशान होकर पढ़ाई छोड़ दी। मामले में दो सगे भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला अशरफ खां छावनी निवासी महिला ने बताया कि उनकी बेटी से भूरा मिस्त्री, भैय्ये टेलर और उवैश आए दिन रास्ते में छेड़छाड़ करते हैं, इसलिए बेटी की पढ़ाई भी छूट गई है। इसके बाद तीनों लोग अलग-अलग नंबर से फोन कर बेटी को परेशान करने लगे। जब युवती के परिजन शिकायत करने गए तो उनकी पिटाई की गई। परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उवैश बेटी की शादी नहीं होने दे रहा है। तीनों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## 3.70 लाख में नीलाम हुए कबाड़ वाहन

**बरेली, अमृत विचार:** बारादरी थाना परिसर में लावारिस व मुकदमों से संबंधित कबाड़ हो चुके वाहनों की शुक्रवार को नीलामी हुई। नीलामी में कई जिलों से 71 ठेकेदारों ने पहुंच कर बोली लगाई। बोली की न्यूनतम राशि 1.40 लाख रखी थी, जबकि 3.70 लाख रुपये में बोली फाइनल हुई। शहर के थानों में नीलामी कराने वाला बारादरी थाना पहला थाना बना।

एसएसपी अनुराग आर्य की तरफ से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत यह नीलामी की गई। मौके पर बनी तीन सदस्यीय कमेटी अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम आलोक कुमार, सीओ सिटी तृतीय पंकज श्रीवास्तव और एआरटीओ की मौजूदगी में नीलामी कराई गई। नीलामी में बरेली समेत आसपास के इलाकों से 71 कबाड़ी पहुंचे। सबसे ऊंची बोली मोहम्मद हसीब खान निवासी वली नगर थाना शाही ने 3.70 लाख रुपये लगाई। उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़कर कीमत 4.36 लाख हो गई। 26 मोटरसाइकिल-स्कूटी, दो टेंपो और दो कारें शामिल रहीं।

## मनरेगा से होंगे पौधरोपण, तीन साल करनी होगी देखरेख

**बरेली, अमृत विचार:** सड़क और नाली निर्माण के साथ–साथ अब मनरेगा योजना के तहत पौधरोपण भी होगा। पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदना, खाद, पौधा लगाना, पानी की व्यवस्था, तीन साल तक नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी भी श्रमिकों की होगी। अगर इस दौरान कोई पौधा सूख गया तो ग्राम पंचायत की ओर से श्रमिक की मजदूरी काट ली जाएगी। डीसी मनरेगा हसीब अंसारी ने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों में पौधरोपण करने की योजना बनाई गई है। योजना के मुताबिक पौध लगाने के लिए मजदूरों को महात्मा गांधी नरेगा योजना में मस्टररोल के आधार पर भुगतान किया जाएगा। यही नहीं, प्रत्येक सरकारी भवन में लगाए जाने वाले पौधे की देखरेख राजकीय संपत्ति की तरह होगी। यदि किसी व्यक्ति की ओर से इन पौधों को नुकसान पहुंचाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के साथ कृषि विभाग की रहेगी।


बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


# नौकरी का झांसा देने वाले पर दर्ज होगी एफआईआर

कार्यालय संवाददता, बरेली

- जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता ने मीरगंज थाने में आरोपी के खिलाफ दी तहरीर
- अमृत विचार की खबर का संज्ञान लेकर सीडीओ ने रिपोर्ट दर्ज कराने के दिए थे निर्देश


जल जीवन मिशन योजना में नौकरी दिलाने के बहाने ठगी की कोशिश

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन योजना में प्रधानों को फर्जी आवेदन पत्र भेजकर गांव के बेरोजगारों को नौकरी लगवाने का झांसा देने वाले ठग पर अब कानूनी शिकंजा कसेगा। सीडीओ ने 24 और 26 जून को अमृत विचार में प्रकाशित खबर का संज्ञान लिया। सीडीओ के निर्देश पर सहायक अभियंता ने ठगी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को मीरगंज थाने में तहरीर दी है। एक्सईएन ने प्रधान समेत अन्य लोगों से अपील की है कि वे किसी के झांसे में न आएं। विभाग ने कोई भर्ती नहीं निकाली है।

दरअसल, जिले के 1806 ग्रामों में ओवरहैड टैंक और पाइप लाइन के जरिये घर-घर पानी पहुंचाने की योजना पर काम चल रहा है। ऐसे में ठग सक्रिय हो गए हैं। जिन-जिन गांव में ओवरहेड टैंक बनाए जा रहे हैं, वहां के प्रधानों के नंबर पर आवेदन फार्म भेजकर 1450 रुपये शुल्क की मांग कर रहे हैं। यही नहीं, गांव के बेरोजगारों को ओवरहेड टैंक की देखरेख और उसे चलाने के लिए 18 से 20 हजार रुपये मानदेय पर नौकरी देने का झांसा दिया जा रहा है। सहायक अभियंता रुमान सगीर की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि फोन करने वाला ठग खुद का नाम अरुण कुमार बताकर प्रधानों को ओवरहेड टैंक पर गांव के बेरोजगारों को नियुक्त के लिए प्रधानों को फर्जी नियुक्ति पत्र दिलाने का लालच दे रहा है।

मीरगंज के गांव बलपुरा, ग्राम धनेटा, ग्राम सिंधौली, दियोरिया और नंदगांव के ग्राम प्रधान शिकायत कर चुके हैं। यही नहीं विभाग के अवर अभियंता राकेश कुमार ने भी प्रधान बनकर ठग से बात की तो उसने कहा कि प्रधानी का चुनाव नजदीक है। युवाओं को नौकरी दिलाओ कमीशन पाओ।

एक्सईएन कुमकुम गंगवार ने बताया कि फोन करने वाला अपना नाम अरुण कुमार और लखनऊ जल निगम से बताकर ठगी की कोशिश कर रहा है। अब कोई ठगी का शिकार न हो, इसके लिए ठग के खिलाफ सीडीओ के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है

**कई लोग हो चुके ठगी के शिकार**

जल जीवन मिशन के तहत नौकरी मिलने के झांसे में आकर कई प्रधान ठग के जाल में फंस गए हैं। उन्होंने 1450 रुपये के हिसाब से भुगतान भी कर दिया है। प्रधानों का नाम नहीं छापने की गुजारिश पर विभाग के जेई ने बताया कि मीरगंज और बहेड़ी में कई प्रधानों ने आरोपी की ओर से व्हाट्स एप पर भेजे गए आवेदन पत्र के बाद ठग के बार कोड पर भुगतान भी कर दिया। इसके बाद वह टालमटोली करता रहा। यह मामला अफसरों तक पहुंचा तो ग्रामीणों की इसकी जानकारी लग सकी।

# बेकाबू बाइक सवार ने बच्चे को उड़ाया, मौत

## बेटे का शव देखकर मां हुई बेसुध, सूचना मिलते ही घर में मचा कोहराम

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

- मां के साथ ननिहाल आया था शिवम, सड़क के किनारे लघुशंका करते समय हुआ हादसे का शिकार

**अमृत विचार :** मां के सामने एक पांच साल के बच्चे की बाइक की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। एक पल में ही बच्चे की मौत से मां की दुनिया उजड़ गई, वह बेजान बच्चे का शव देखकर बेसुध हो गई। इसकी सूचना मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया।

थाना कटरा शाहजहांपुर के ग्राम कटैया निवासी शिवम (5) पुत्र ताराचंद मां शिवकुमारी के साथ ननिहाल ग्राम भदपुरा आया था। गुरुवार रात शिवकुमारी बेटे शिवम को फतेहगंजपूर्वी से टेंपो से लेकर मायके भदपुरा जा रही थी। रास्ते में बेटे को लघुशंका लगने पर वह टेंपो से उतर कर नीचे लघुशंका कर रही थी, इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बेटे की मौत से घर में कोहराम मच गया।

**सड़क हादसे में दूध विक्रेता घायल:** फतेहगंज पश्चिमी नेशनल हाईवे पर गांव थानपुर के पास किसी वाहन की टक्कर से दूधिया गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों और परिजनों की मौजूदगी में एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मोहल्ला नई बस्ती निवासी ओमकार दूध का व्यवसाय करते है। शुक्रवार सुबह वह गांव मोहम्मद गंज से दूध लेकर लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर गांव थानपुर के पास किसी वाहन ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए।

## कारों की भिड़ंत में महिला समेत तीन घायल



**रिठौरा, अमृत विचार :** कारों की भिड़ंत में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए, पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भिजवाया। शुक्रवार रात 9 बजे ईको सवारियां भरकर सैटेलाइट बस अड्डे जा रही थी। नगर में बरेली –पीलीभीत हाईवे किनारे स्थित रूहेलखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने बरेली की ओर से आ रही एक कार से भिड़ंत हो गई, हादसे के बाद भीड़ जमा हो गई। मौका देखते ही दोनों वाहनों के ड्राइवर मौके से भाग निकले। राहगीरों की सूचना पर रिठौरा पुलिस चौकी से एसआई तुलसीदास ने ईको में सवार घायल महिला पूजा सुड़ियावा मुंडिया, विमल ठिरिया नवादा सहित एक अन्य को एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी नवाबगंज भिजवाया। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। फिलहाल खबर लिखे जाने तक कार चालक के परिजन घायलों का उपचार कराने में अस्पताल पहुंचे थे।

## एक नजर

### एमआर से लूट करने वाले पुलिस की पकड़ से दूर

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** एमआर से लूट के बाद बंधक बनाकर छोड़ने वाले एक सप्ताह बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है। हालांकि, पुलिस जांच की बात कह रही है। वहीं क्षेत्र में ऐसे अपराधियों के पकड़े नहीं जाने से आक्रोश का माहौल है। 25 जून को खजुरिया संपत निवासी अमित कुमार काम के बाद घर जा रहे थे, रास्ते में बेनीपुर पुलिया के पास तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और कनपटी पर तमंचा रखकर लूटने के बाद उसे उसके ही कपड़ों से बांधकर छोड़ गए। बदमाशों ने उनकी बाइक, दो फोन,पर्स,घड़ी और कुछ दवाओं के बिल लूट लिए। वहीं,रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बदमाशों की तलाश की जा रही है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### झूलते बिजली के तारों और खंभों को दुरुस्त करें

**मीरगंज , अमृत विचार :** एसडीओ मीरगंज सूर्यप्रताप सिंह ने प्रभारी अवर अभियंताओं (जेई) को निर्देश दिए है क्षेत्र में पहुंचकर विद्युत सुरक्षा को लेकर जन जागरूकता बढ़ाएं। एसडीओ ने बताया कि ट्रांसफार्मरों के आस–पास जलभराव, क्षतिग्रस्त बिजली लाइन और असुरक्षित खंभे कभी भी जनता के लिए खतरा बन सकते हैं। ऐसे में सभी जेई अपने–अपने क्षेत्र में इन समस्याओं की स्थल पर जांच करें और आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छोटी– छोटी कमियां जन सुरक्षा के लिए कभी भी खतरा बन जाती है। उन्होंने ग्राम प्रधानों, नगर निकाय चेयरमैन से अपील की है कि वे जनहित में जलभराव वाले स्थानों के चारों ओर कांटों वाले तार या दीवार से घेराबंदी करें, ताकि अनजान असुरक्षित स्थल से दूर रहकर विद्युत दुर्घटना से बचा रहे।

## जीजा ने साली से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** बड़ी बहन की मदद करने उसके घर आई साली से जीजा ने दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवती ने बताया उसकी बड़ी बहन का निकाह नौ साल पहले कस्बे के ही एक मोहल्ला निवासी युवक से हुआ था, उसकी बहन गर्भवती थी। घर में मदद के लिए बहनोई 8 मार्च को उसे घर बुलाकर ले गया। 12 मार्च को उसकी बहन अपनी सास के साथ डॉक्टर को दिखाने गई थी। इसी बीच उसके बहनोई ने उससे दुष्कर्म किया। उसने बताया 27 जून को उसके पिता की मौत हो गई। अगले दिन तीजा था। उसके घर में मेहमान थे। वह अपने घर के ऊपर वाले कमरे में किसी काम से गई थी। इसी बीच बहनोई पहुंच गया और उससे दुष्कर्म की कोशिश की, चीख सुनकर मेहमान आ गए। मेहमानों को देखकर आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


## सार-संक्षेप

### कलशयात्रा के साथ रामकथा शुरू



**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे के महाराजपुरम कॉलोनी स्थित गायत्री शक्ति पीठ स्थल पर कलशयात्रा के साथ रामकथा शुरू हो गई। कलशयात्रा गायत्री शक्ति पीठ से शुरू होकर कस्बे के निर्धारित मार्गों से होती हुई पुन: गायत्री शक्तिपीठ पर संपन्न हुई। आयोजक कृष्णा सखी महिला मंडल की ओर से बताया गया कि रामकथा का वर्णन 4 से 10 जुलाई तक शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक कथावाचक सुशील मिश्रा द्वारा किया जाएगा। इस दौरान लक्ष्मी शर्मा, सरिता, रिचा, कल्पना, मिथलेश, रश्मि, किरन, मीनू, राजेश सक्सेना, अशोक माहेश्वरी, संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, आदि मौजूद रहे।

### नहीं पकड़ में आया तेंदुआ, लोगों में दहशत का माहौल



**नवाबगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज के ग्राम फैजुल्लापुर स्थित बंद पड़े खेतान फैक्ट्री के परिसर में एक सप्ताह से तेंदुए के होने से लोगों में दहशत का माहौल है। फैक्ट्री के चौकीदार अजय पाठक ने शुक्रवार को फिर दीवार पर बैठे तेंदुए का वीडियो बनाकर वायरल किया है । वन विभाग उसे पकड़ने में अभी तक कामयाब नहीं हो सका है । विभाग की ओर से लगाए गए दो बकरों का पिंजरा भी तेंदुए को अपनी ओर नहीं खींच पा रहा है ।

### 10 किलो पॉलिथीन जब्त, वसूला जुर्माना



**शेरगढ़ , अमृत विचार :** नगर पंचायत की टीम ने ईओ दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कस्बे में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों से 10 किलो पॉलिथीन जब्त कर जुर्माना वसूला गया। ईओ ने दुकानदारों को बताया सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित है। किसी भी दशा में इसका उपयोग नहीं किया जाए। सामान रखने के लिए जूट का थैला या पेपर का लिफाफा प्रयोग में लाएं। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि नगर पंचायत प्रशासन की ओर से समय–समय पर बृहद स्तर पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया जाता है और हर बार दुकानदारों से इसके प्रयोग के लिए मनाही की जाती है लेकिन दुर्भाग्य है कि दुकानदार ग्राहकों को जागरूक करने के बजाय खुद ही मनमानी पर उतारु हैं।

### समूह की महिलाओं ने लगाया पक्षपात का आरोप

**मीरगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चल रहे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने विकासखंड में चल रही स्वयं सहायता समूह के लिए सरकार की योजनाओं को चहेती महिलाओं को ही जानकारी देने और चयन करने का आरोप लगाया है। महिलाओं का कहना है कि सरकार की ओर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके लिए कई योजनाएं और कई पदों पर भर्तियां चल रही हैं। ब्लॉक से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग की ओर से उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल पाती। महिलाओं का आरोप है कि सरकार योजनाएं बहुत चला रही है और न ही सरकार पक्षपात कर रही है लेकिन ब्लॉक में महिलाओं के साथ पक्षपात किया जा रहा है। महिलाओं को किसी भी योजना और रिक्त पदों की जानकारी नहीं मिल पाती है । इसकी शिकायत सीडीओ और डीएम से करने की बात कही।

### गैनी में निकाला गया मेहंदी का जुलूस

**अलीगंज, अमृत विचार :** गैनी गांव में मेहंदी का जुलूस निकाला गया, जिसमें एसडीएम आंवला विदुषी सिंह और सीओ आंवला नितिन कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। एसडीएम ने अलीगंज सिरौली तिराहे पर आगामी पर्वों के मद्देनजर जल भराव देख तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराई। उन्होंने जुलूस के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## जनसूचना के बदले डाक से भेज दिए 140 कोरे कागज

**आंवला, अमृत विचार :** गांव में प्रधान की ओर से कराए गए विकास कार्यों की जानकारी हासिल करने के लिए ग्रामीण ने जनसूचना मांग ली।

संबंधित सूचना अधिकारी ने 7 माह बाद डाक से 140 कोरे कागज भेज दिए। ग्रामीण ने एसडीएम से इसकी शिकायत की है। मझगवां ब्लॉक के गांव अतरछेड़ी निवासी जयेंद्र पाल सिंह ने बताया कि उन्होंने जनसूचना अधिकार के तहत ग्राम पंचायत के कराए गए विकास कार्यों को लेकर 28 नवंबर 2024 को जन सूचना मांगी थी। उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी उन्हें जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व उन्हें डाक विभाग से पंजीकृत डाक प्राप्त हुई। उसे खोलकर देखा तो उसमें 140 कोरे कागज थे।

## दुकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भोजीपुरा, अमृत विचार:** पुलिस ने पिछले माह किराना स्टोर में हुई चोरी की खुलासा करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने बताया उसने भाई के इलाज के लिए चोरी की थी। आरोपी ने पीपलसाना चौधरी निवासी आफताब अहमद की दुकान से 30 जून की रात नकब लगाकर गल्ले में रखे सात हजार रुपये और डीवीआर चोरी कर लिया था। पुलिस ने गुरुवार को अभयपुर तिराहे से उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से डीवीआर और 2900 रुपये बरामद हुए। उसने अपना नाम सूरज निवासी नौआनगला थाना हाफिजगंज बताया। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीन सोलंकी ने बताया आरोपी ने बताया परिवार में वह उसकी पत्नी और एक छोटा दिव्यांग भाई है।

## भूत- प्रेत का डर दिखाकर ठग लिए जेवर और बर्तन

संवाददाता, शीशगढ़

- आभूषण मांगने पर आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार:** घर पर काले साये (भूत-प्रेत ) का असर बताकर ग्रामीण से कुछ लोगों ने दो तोले सोने के जेवर, बर्तन ठग लिए। अपनी सामान वापस मांगने पर ठगों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया।

शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। कस्बे के मोहल्ला तालाब निवासी साजिद ने बताया कुछ साल से उसकी तबीयत खराब रहती है। यह बात उसने अपने परिचित कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी शकील को बताई। आरोप है शकील ने उनके घर पर भूत- प्रेत का काला साया बताकर अपने परिचित नूर मोहम्मद और युनुस निवासी रुद्रपुर ( उत्तराखंड) और इरफान निवासी ग्राम जाफरपुर से इलाज कराने को कहा। उन लोगों ने इलाज के लिए दो तोला सोने केजेवर, पांच बर्तन और पांच रंग की मिठाई लाकर अपने बताए हुए स्थान पर रखने को कह कर वापस भेज दिया। ग्रामीण का आरोप है कि उक्त सामान रखने के बाद वापस नहीं मिला। उन लोगों से वापस मांगा तो उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तीन तलाक देकर पत्नी को घर से निकाला

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** दहेज के लिए युवक ने पत्नी से मारपीट की, विरोध करने पर तीन तलाक देकर बच्चे के साथ उसे घर से निकाल दिया।

मोहल्ला ऊंचा निवासी पीड़िता की मां ने फरीदपुर कोतवाली पहुंचकर बताया उन्होंने बेटी निकाह नवंबर 2023 में कस्बे के मोहल्ला ऊंचा निवासी फैजान हुसैन के साथ किया था। हैसियत से ज्यादा दान दहेज भी दिया था, लेकिन शादी के कुछ समय बाद से ही उनका दामाद फैजान आए दिन दहेज कम देने का ताना देने लगा। उसने दहेज के लिए उसकी बेटी को प्रताड़ित करने लगा। इस दौरान उसकी पुत्री ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसका सारा खर्चा उसने वहन किया। बुधवार की शाम फैजान ने पत्नी के साथ मारपीट और गाली गलौज करने लगा जब उसकी पुत्री ने विरोध किया तो फैजान ने उसे तीन बार तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी फैजान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर कराया गर्भपात

**बहेड़ी, अमृत विचार :** प्रेमविवाह की वजह से शादी में दहेज नहीं मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, यहां तक कि उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने ऐसा आरोप लगाते हुए पति समेत नौ ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बहेड़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला शाहगढ़ निवासी महिला ने बताया उसने आसिफ निवासी मोहल्ला शाहगढ़ से 30 अप्रैल 2024 को प्रेम विवाह किया था। इसलिए ससुराल वाले उससे खुश नहीं थे। उस पर मायके से और दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करते थे। इस बीच वह चार माह की गर्भवती हो गई तो पति ने अपने घर वालों की मदद से उसके साथ मारपीट की, इसके बाद एक अस्पताल में ले जाकर गर्भपात करा दिया। इसके बाद उसे ससुराल में बंधक बनाकर रखा ताकि किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं कर सकें, यहां तक कि उसका मोबाइल भी अपने पास रख लिया। इसके बाद 20 जून 2025 को वह मौका पाकर ससुराल से मायके भाग आई। इसके बाद उसके पति ने समझौते के नाम पर स्टांप पर हस्ताक्षर कराके छोड़ दिया। इसके बाद उसके पति ने फोन करके बताया उसे तलाक दे दिया। इसके बाद पीड़िता ने पति समेत नौ ससुरालियों पर मारपीट और तलाक देने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## अब चार माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

- देवशयनी एकादशी से चातुर्मास होगा प्रारंभ

**बरेली, अमृत विचार :** रविवार को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ होगा और भगवान विष्णु शयन मुद्रा में चले जाएंगे। चार माह तक मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे।

चातुर्मास 6 जुलाई से आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी से शुरू होकर 2 नवम्बर कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तक चलेगा। यह भगवान विष्णु के शयनकाल का समय रहेगा। आचार्य रमाकांत के अनुसार चातुर्मास में भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करनी चाहिए।

**राजा बलि के साथ चार माह पाताल में रहते हैं नारायण:** चातुर्मास से जुड़ी एक प्रमुख पौराणिक कथा राजा बलि और भगवान विष्णु के वामन अवतार से संबंधित है। वामन रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि से दो पगों में पृथ्वी और आकाश नापा और तीसरा पग बलि के सिर पर रखा। प्रसन्न होकर विष्णु ने बलि को पाताल लोक में निवास और चातुर्मास में उनके साथ रहने का वरदान दिया। इसीलिए देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि का कार्यभार भगवान शिव को सौंपते हैं।

## बिजली कटौती से लोग हुए परेशान

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार:** कस्बे समेत क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई है। लोग अघोषित कटौती, लो वोल्टेज और ट्रिपिंग से तंग आ गए है। परेशान उपभोक्ताओं की कोई परेशानी सुनने वाला नहीं है। शुक्रवार को 33 केवी लाइन की मरम्मत किए जाने के नाम पर सुबह से विद्युत कटौती रही जो 10 घंटे बाद भी बहाल नहीं हो पाई थी । कस्बे में बना 33 केवी उपकेंद्र और क्षेत्र में बिजली के जर्जर तार और खंभे जरा सा झटका लगते ही टूटकर गिर जाते है, । अधिकारियों की माने तो उपकेंद्र की ट्रालियों की हालत दयनीय है, इससे ट्रिपिंग की समस्या बढ़ जाती है।

## पुलिस पर युवकों व महिला को छोड़ने का आरोप

संवाददाता, नवाबगंज

- रिछौला गांव में चल रहे सेक्स रैकेट पकड़ने का मामला
- पुलिस ने पकड़े गए पांच लोगों को भेजा जेल

**अमृत विचार :** दो दिन पहले पकड़े गए सेक्स रैकेट में पुलिस पर एक महिला और चार युवकों को छोड़कर चार महिलाओं और एक युवक को ही जेल भेजकर मामले को निपटाने का आरोप है।

दरअसल दो दिन पहले मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रिछोला गांव में बने कांशीराम आवास के पास बने एक मकान पर छापा मारकर संदिग्धावस्था में मौजूद पांच महिलाओं और पांच युवकों को मोबाइल, नकदी और आपत्तिजनक सामग्री सहित हिरासत में लिया था। जिसके दूसरे दिन पुलिस ने चार महिलाओं और एक युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। वहीं साथ में पकड़े गए पांच लोगों को ले देकर छोड़ने का आरोप लग रहा है।

इस मामले में कोतवाल एके श्रीवास्तव ने बताया कि देह व्यापार में लिप्त चार महिलाओं और एक युवक के विरुद्ध ही कार्रवाई की गई है, इनमें से एक आरोपी महिला की बहन थी, जो निर्दोष थी, बाकी के चार युवक मकान के बाहर खड़े तमाशबीन ही थे , जिनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26

CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANAGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| B.Com. (Honours) | 10+2 Any Stream | 4 Year |
| BA (Mass Communication/Journalism) | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| B.C.A. (IT & Multimedia) | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| M.A. (Mass Communication/Journalism) | B.A. in Respective Stream | 2 Year |
| M.A. (Eng/Hindi/Social/Psy/Pol/ Sci.) | B.A. in Respective Stream | 2 Year |
| Masters of Business Administration (MBA) | Graduation Any Stream | 2 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduation Any Stream | 2 Year |
| Master of Public Health (MPH) | Graduation Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
# क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट नं. M7971253 में मेरा नाम SALONI KATHALE दर्ज है जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सलोनी विठ्ठल कठाले SALONI VITTHAL KATHALE है, उक्त दोनों ही एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में सलोनी विठ्ठल कठाले SALONI VITTHAL KATHALE के नाम से जाना व पहचाना जाये। **सलोनी विठ्ठल कठाले SALONI VITTHAL KATHALE पत्नी श्री जितेन्द्र खटीक JITENDRA KHATIK निवासी नियर पंचवटी कॉलोनी वी एम वी रोड (अमरावती) महाराष्ट्र**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अमना को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व किसी भी लेन–देन का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **हरिओम पुत्र पोशाकी लाल निवासी प्रहलादपुर तह. व जिला बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स जागेश्वर डैवलेपर्स, पंजीकरण सं. BAR/0015362 दिनांक 09.06.2023 को हुआ। जिसका पता 5/116 सिविल लाइन्स चौपुला रोड, बरेली के दो भागीदार थे। जिसमें दिनांक 26.06.2025 को धर्मेन्द्र सिंह और लोटन सिंह को भागीदार बनाया गया तथा श्री अमित अग्रवाल पुत्र श्री लक्ष्मन सिंह अग्रवाल अपने निजी कारणों से दिनांक 26.06.2025 को इस फर्म से त्यागपत्र दे दिया है। अब इस फर्म से अमित अग्रवाल का कोई लेन देन नहीं है। वर्तमान में फर्म में तीन भागीदार राजीव कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार, लोटन सिंह है तथा सभी विधिक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गयी है। राजीव कुमार गुप्ता पार्टनर मैसर्स जागेश्वर डैवलेपर्स, 5/116 सिविल लाइंस चौपुला रोड, बरेली

**मैसर्स जागेश्वर डेवलेपर्स**
**राजीव कुमार गुप्ता, पार्टनर**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र गौरव पटेल, पुत्रवधू रुचि देवी के दुर्व्यवहार एवं गलत आचरण के कारण मैंने, मेरी पत्नी और बेटियों सहित उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। हम उनके किसी कृत्य के जिम्मेदार नहीं हैं और मेरा, मेरी पत्नी, बेटियों का उन दोनों से कोई सरोकार नहीं है। **मनोहरलाल पुत्र स्व0 भूपराम निवासी ग्राम जनकपुर थाना हैदराबाद, जिला–खीरी।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र दिलीप व उसकी पत्नी उमा को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य से मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राजकुमार पुत्र मुंशीलाल एवं अनीता देवी पत्नी राजकुमार नि. एकता नगर, नरऊ बुजुर्ग, बदायूं**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मनोज को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व किसी भी लेन–देन का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामदीन वाल्मीक पुत्र रम्मू वाल्मीक नि. ग्रा. धौरेरा माफी, थाना इज्जतनगर, तह. व जिला बरेली**

**सूचना**

मेरे छोटे भाई सुधांशु शर्मा व उसकी पत्नी खुशी शर्मा का मेरे प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। इस कारण मैं अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी खुशी शर्मा से अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सतीश शर्मा पुत्र मुन्ना लाल शर्मा निवासी जसोली बरेली**

**सूचना**

मेरे छोटे भाई सुधांशु शर्मा व उसकी पत्नी खुशी शर्मा का मेरे प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। इस कारण मैं अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी खुशी शर्मा से अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **जगदीश शर्मा पुत्र मुन्ना लाल शर्मा निवासी जसोली बरेली (उ.प्र.)**

येऽर्था : स्त्रीषु समायुक्ता : प्रमत्तपतितेषु च।
ये चानार्ये समासक्ता : सर्वे ते संशयं गता : ॥

आलसी, अधम, दुर्जन तथा स्त्री के हाथों सौंपी संपत्ति बरबाद हो जाती है। इनसे सावधान रहना चाहिए।

## संपादकीय

# ब्रिक्स सम्मेलन से उम्मीदें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पांच देशों की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव ब्राजील है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर पीएम मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए ब्राजील जाएंगे। शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया संघर्ष, जलवायु के प्रतिकूल प्रभाव और साइबर खतरों सहित कई अनिश्चितताओं और चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसी स्थिति में ब्रिक्स से बहुत अधिक उम्मीदें हैं। शिखर सम्मेलन में आर्थिक सुधारों से परे, आतंकवाद विरोधी एकता को मजबूत करने पर जोर दिए जाने की उम्मीद है। ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में, ब्राज़ील 'अधिक समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मज़बूत करना' थीम पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। शुरुआत में इस संगठन में ब्राजील, रूस संघ, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे, हाल ही में विस्तारित गठबंधन में अब मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी शामिल हैं। ब्रिक्स ऐसे देशों का समूह है जो विकासशील हैं और जिनके उद्देश्य विकसित देशों से भिन्न हैं। यदि ब्रिक्स मजबूत होता है तो विकासशील देशों की आवाज़ मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने ब्रिक्स की बैठक में वैश्विक दक्षिण के हितों के रक्षक के रूप में भारत की छवि को बेहतर बनाने का कठिन काम है।

उम्मीद है प्रधानमंत्री कूटनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में हलचल पैदा करेंगे, जिससे ब्रिक्स वैश्विक मामलों के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में और मजबूत होगा। हालांकि वैश्विक दक्षिण के बैनर तले जो नई वैश्विक व्यवस्था बनाने की कोशिश चल रही है, वह कितनी कारगर होगी, कहा नहीं जा सकता। लेकिन इससे वैश्विक दक्षिण के भारतीय एजेंडे को नई धार मिलेगी। 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत में होगा। शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी और वैश्विक दक्षिण के हितों को साझा करने से ब्रिक्स सदस्यों और सहयोगियों में यह विश्वास पैदा होगा कि भारत पर वैश्विक दक्षिण के प्रमुख नेताओं में से एक होने का भरोसा किया जा सकता है। निःसंदेह सम्मेलन वैश्विक दक्षिण में भारत की छवि चमकाने का अवसर है। यानी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने वाला है।

# पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता भारत के लिए चुनौती



संजय सक्सेना
स्वंतत्र पत्रकार, लखनऊ

दरअसल, पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी जनवरी 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 में से 182 वोटों के साथ अस्थायी सदस्य चुने जाने के बाद मिली है। यह अध्यक्षता, हालांकि प्रतीकात्मक और केवल एक महीने के लिए है, फिर भी पाक का यह छोटा सा कार्यकाल भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक चुनौतियां पेश कर सकता है।



विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान इन मंचों का उपयोग कश्मीर और अन्य मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए कर सकता है, जिससे भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ सकता है। वैसे जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता का भारत पर प्रभाव सीमित लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है। सबसे पहले, कश्मीर मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की पाकिस्तान की कोशिश भारत के लिए एक चुनौती है। भारत ने हमेशा कश्मीर को अपना आंतरिक मामला माना है और इसे द्विपक्षीय रूप से हल करने की वकालत की है।

भारत-पाकिस्तान के तल्ख रिश्तों के बीच पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की मासिक रोटेशनल अध्यक्षता संभाले जाने से भारत के एक विशेष वर्ग में बहुत तीखी प्रक्रिया हो रही है। सोशल मीडिया पर भी मोदी सरकार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए ऐसा माहौल बनाया जा रहा है जैसे मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से पिट गई है। पहली नजर में यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों के संदर्भ में विशेष रूप से महत्वपूर्ण लगती है, लेकिन ऐसा है नहीं।

दरअसल, पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी जनवरी 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 में से 182 वोटों के साथ अस्थायी सदस्य चुने जाने के बाद मिली है। यह अध्यक्षता, हालांकि प्रतीकात्मक और केवल एक महीने के लिए है, फिर भी पाक का यह छोटा सा कार्यकाल भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक चुनौतियां पेश कर सकता है, विशेष रूप से तब जब पाकिस्तान लम्बे समय से कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाने के लिए प्रयासरत है।

गौरतलब हो, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता एक रोटेशनल प्रक्रिया है, जिसमें 15 सदस्य देशों (5 स्थायी और 10 अस्थायी) को वर्णानुक्रम के आधार पर हर महीने यह जिम्मेदारी मिलती है। इस दौरान अध्यक्ष देश परिषद की बैठकों का एजेंडा तय करता है, प्रेसिडेंशियल स्टेटमेंट जारी करता है, और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा को दिशा देता है। वैसे पाकिस्तान ने अपनी अध्यक्षता की शुरुआत में ही कश्मीर मुद्दे को उठाकर भारत को असहज करने की कोशिश की है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रमुख कारण बताते हुए इसे क्षेत्रीय स्थिरता और मानवाधिकारों के लिए खतरा करार दिया। यह कदम भारत की आशंकाओं को सही साबित करता है, जो पहले से ही मानता था कि पाकिस्तान इस मंच का दुरुपयोग भारत के खिलाफ प्रचार के लिए करेगा।

गौर करने वाली बात यह भही है कि पाकिस्तान की रणनीति में दो प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं, जो 22 और 24 जुलाई को आयोजित होंगे। पहला, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना और दूसरा, संयुक्त राष्ट्र और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के बीच सहयोग पर केंद्रित है। इन दोनों बैठकों की अध्यक्षता पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान इन मंचों का उपयोग कश्मीर और अन्य मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए कर सकता है, जिससे भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ सकता है। वैसे जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता का भारत पर प्रभाव सीमित लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है। सबसे पहले, कश्मीर मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की पाकिस्तान की कोशिश भारत के लिए एक चुनौती है। भारत ने हमेशा कश्मीर को अपना आंतरिक मामला माना है और इसे द्विपक्षीय रूप से हल करने की वकालत की है। लेकिन, यूएनएससी जैसे मंच पर इस मुद्दे को उठाने से पाकिस्तान वैश्विक समुदाय का ध्यान इस ओर खींच सकता है, जिससे भारत को अपनी स्थिति को और मजबूती से रखना होगा। दूसरा, पाकिस्तान की अध्यक्षता के दौरान भारत को अपनी कूटनीतिक रणनीति को और सशक्त करना होगा। भारत ने हाल ही में यूएन मुख्यालय में द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म प्रदर्शनी आयोजित कर पाकिस्तान की आतंकवाद में कथित भूमिका को उजागर किया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस दौरान स्पष्ट किया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को वैश्विक मंचों पर और मजबूती से उठाएगा। लेकिन, पाकिस्तान की अध्यक्षता भारत के लिए एक कूटनीतिक चुनौती पेश करती है।

तीसरा, भारत में विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस, ने इस घटना को मोदी सरकार की कूटनीतिक विफलता करार दिया है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया कि पहलगाम में हाल के आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी मिलना भारत की विदेश नीति की नाकामी को दर्शाता है। इससे भारत में आंतरिक राजनीतिक दबाव भी बढ़ सकता है, जो सरकार के लिए एक अतिरिक्त चुनौती है। जबकि सरकारी पक्ष का कहना है भारत इस स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही सक्रिय है। वह वैश्विक मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा और यूएनएससी में अपने सहयोगी देशों, जैसे अमेरिका, रूस, फ्रांस, और ब्रिटेन, के समर्थन का उपयोग करेगा। ये देश पहले भी कश्मीर मुद्दे पर भारत के पक्ष में रहे हैं। इसके अलावा, भारत अपनी कूटनीतिक ताकत का उपयोग कर यह सुनिश्चित करेगा कि पाकिस्तान का कोई भी प्रस्ताव परिषद में समर्थन न पाए, क्योंकि किसी भी प्रस्ताव को पास होने के लिए सभी पांच स्थायी सदस्यों की सहमति आवश्यक है।

लब्बोलुआब यह है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता भारत के लिए एक रणनीतिक चुनौती है, लेकिन इसका प्रभाव सीमित है। यह अध्यक्षता केवल एक महीने की है और इसमें कोई विशेष शक्ति नहीं है। फिर भी, भारत को सतर्क रहना होगा, क्योंकि पाकिस्तान इस मंच का उपयोग अपनी छवि सुधारने और भारत के खिलाफ प्रचार के लिए कर सकता है। भारत की मजबूत कूटनीति और वैश्विक समर्थन इस चुनौती का सामना करने में सक्षम है, लेकिन यह स्थिति भारत की विदेश नीति की मजबूती और सतर्कता की परीक्षा होगी।

## प्रसंगवश

# दिखावे की दौड़ में हांफ रही जिंदगी



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

अब ज़िंदगी केवल जीने की चीज नहीं रही, बल्कि निभाने की ज़िम्मेदारी बन गई है-वो भी उस रूप में, जैसा समाज देखना चाहता है। यह दिखावा सिर्फ सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालने तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के हर छोटे-बड़े निर्णय में शामिल हो चुका है। यह अब हमारी सोच, प्राथमिकताओं, खर्चों, रिश्तों और मानसिक स्वास्थ्य तक को नियंत्रित कर रहा है। हर व्यक्ति नजर आने के दबाव में है। कौन क्या पहन रहा है, कहां घूम रहा है, किस ब्रांड की चीज़ें इस्तेमाल कर रहा है, किस रेस्तरां में खा रहा है, किस स्कूल में बच्चे पढ़ा रहा है-ये सब निर्णय अब ज़रूरत के आधार पर नहीं, सामाजिक छवि के आधार पर लिए जा रहे हैं। यह छवि बनाए रखने की होड़ ने 'साधारण' को एक तरह का अपराध बना दिया है। लोग कमाते कुछ हैं, दिखाते उससे ज्यादा हैं। और इस अंतर को पाटने के लिए उधार, ईएमआई, 'बाय नाउ पे लेटर' सुविधा देने वाले ऐप्स, क्रेडिट कार्ड-सब अब सामान्य जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं।

यह सब केवल बड़े या मेट्रो सिटी कहलाने वाले शहरों तक सीमित नहीं बल्कि छोटे शहरों और कस्बों में भी जीवन की प्राथमिकताएं बदल चुकी हैं। पहले जहां ज़रूरतें साधनों के अनुसार तय होती थीं, अब निर्णय इस बात से प्रभावित होते हैं कि लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे, और सोशल मीडिया पर क्या दिखेगा। चाहे बच्चों की स्कूलिंग हो या घर का इंटीरियर, शादी-विवाह हो या मामूली बर्थडे पार्टी-हर आयोजन, हर खरीदारी, हर चयन अब 'इंप्रेशन' के हिसाब से होता है। लोग उन वस्तुओं और अनुभवों के लिए पैसे खर्च कर रहे हैं-या उधार ले रहे हैं-जिनका उपयोग नहीं, बल्कि प्रदर्शन अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। ब्रांडेड मोबाइल, फर्नीचर, गाड़ियों से लेकर हॉस्पिटल और ट्यूशन तक-सब कुछ अब 'कौन देख रहा है' से तय हो रहा है। इस एक झूठी प्रतिष्ठा के पीछे लोग अपने पूरे वित्तीय संतुलन को दांव पर लगाने लगे हैं। परिणामस्वरूप एक क्षण की तारीफ़ के पीछे वर्षों की तंगी, तनाव और पछतावा जमा हो रहा है।

जब यह आर्थिक बोझ बढ़ने लगता है, तब व्यक्ति दोहरी ज़िंदगी जीने लगता है-बाहर से चमकदार, भीतर से घुटता हुआ। किश्तों की तारीखें, कर्ज़ की सीमाएं, और तुलना की आग मिलकर ऐसा दबाव बनाती हैं जो आत्मग्लानि, चिंता और अवसाद को जन्म देती हैं। अब मुस्कुराहटें भरोसेमंद नहीं रहीं-क्योंकि ज्यादातर हंसी अब कर्ज़ के नीचे दबी हुई है। और यही वह मोड़ होता है जहां यह समस्या सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी बन जाती है।

इस दबाव का दूसरा पहलू और भी खतरनाक है-त्वरित और आसान कमाई की भूख। क्रिप्टो करेंसी, ऑनलाइन सट्टेबाज़ी, शेयर बाज़ार में रातों-रात अमीर बनने की कोशिशें, 'एक क्लिक में करोड़पति' बनने के सपने-यह सब उस मानसिकता से जन्म लेते हैं जो मेहनत की बजाय शॉर्टकट में विश्वास दिलाती है। सोशल मीडिया पर तैरती हुई सफलताओं की कहानियां, जिनमें संघर्ष का ज़िक्र नहीं होता, एक ऐसी छवि बनाती हैं कि हर कोई बस क़रीब है बड़ी सफलता के। जबकि सच्चाई यह है कि इन शॉर्टकट्स में ज्यादातर लोग सब कुछ हार बैठते हैं-पैसे भी, मानसिक स्थिरता भी और कई बार आत्म-सम्मान भी।

यह संकट अब एक आयुवर्ग या वर्ग-विशेष तक सीमित नहीं है। नौकरीपेशा से लेकर गृहिणियां तक, छात्र से लेकर रिटायर बुज़ुर्ग तक-हर कोई इस मानसिकता से संक्रमित हो चुका है कि 'साधारण दिखना ठीक नहीं'। व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर अब हर कोई अपनी लाइफ को कुछ इस तरह पेश कर रहा है जैसे उसमें कोई कमी ही न हो। लेकिन इन पोस्ट्स के पीछे जो चुप्पी है, जो मानसिक थकावट है, उसकी कोई तस्वीर नहीं होती। और जब यह थकावट हद से बाहर हो जाती है, तब कई बार इंसान ऐसे फैसले ले लेता है जिनके परिणाम बेहद गंभीर और दुखद होते हैं। पूरे देश में ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं जहां लोग मानसिक तनाव और कर्ज के दबाव में आत्महत्या कर रहे हैं, या परिवार सहित दुखांत को गले लगा रहे हैं। कभी अपराध, कभी आत्मविनाश-यह अब अपवाद नहीं, आम होती घटनाएं बन चुकी हैं। और यही वह जगह है जहां समाज को सिर्फ चिंता नहीं, आत्ममंथन की ज़रूरत है।

# वैश्विक अस्थिरता के बीच परिवार की सुरक्षा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा को न भूलें : टर्म लाइफ इंश्योरेंस आपके परिवार को आपके न रहने पर आर्थिक संकट से बचा सकता है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता ने निवेशकों के मन में कई तरह के सवाल पैदा कर दिए हैं। कभी यूक्रेन-रूस युद्ध, कभी पश्चिम एशिया में तनाव, तो कभी अमेरिका-चीन के बीच व्यापार विवाद -ये सब मिलकर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झकझोर देते हैं। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, डॉलर की मजबूती और ब्याज दरों में बदलाव भी निवेशकों की नींद उड़ाने के लिए काफी हैं। ऐसे माहौल में सबसे जरूरी सवाल यही है कि कोई अपने निवेश पोर्टफोलियो को इन बाहरी झटकों से कैसे सुरक्षित रखे, और साथ ही भविष्य के लिए संपत्ति भी बना पाए।

सबसे पहली और मजबूत रणनीति है-पोर्टफोलियो में विविधताः हमारे यहां पुरानी कहावत है,'सारे अंडे एक ही टोकरी में मत रखो।' यही निवेश पर भी लागू होता है। अपने पूरे पैसे को एक ही एसेट में लगाना सबसे बड़ा जोखिम होता है। आपको इक्विटी, डेट, गोल्ड, रियल एस्टेट और इंटरनेशनल फंड्स में अपना निवेश बांटना चाहिए। इक्विटी यानी शेयर बाजार लंबी अवधि में सबसे ज्यादा रिटर्न देने वाला माध्यम है, लेकिन यह सबसे ज्यादा उतार-चढ़ाव वाला भी है। वहीं डेट फंड्स या बॉन्ड्स अपेक्षाकृत स्थिर रिटर्न देते हैं और जब बाजार गिरता है, तब आपके पोर्टफोलियो को संभालते हैं। सोना सदियों से आर्थिक संकटों में भी सुरक्षित विकल्प रहा है। अब डिजिटल गोल्ड, गोल्ड ईटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जैसे साधनों ने इसे और आसान बना दिया है। साथ ही थोड़ी राशि अंतर्राष्ट्रीय इक्विटी या फंड्स में लगाकर एक देश विशेष के संकट के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

दूसरा अहम कदम है- आपातकालीन फंड बनानाः कोविड महामारी ने यह सबक बहुत अच्छे से सिखा दिया कि जीवन में कोई भी संकट अचानक आ सकता है। इसीलिए कम से कम 12 से 24 महीने के खर्च जितनी राशि लिक्विड फंड या सेविंग अकाउंट में रखें, ताकि किसी इमरजेंसी में आपको अपने निवेश तोड़ने की नौबत न आए।

अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा को न भूलेंः टर्म लाइफ इंश्योरेंस आपके परिवार को आपके न रहने पर आर्थिक संकट से बचा सकता है। स्वास्थ्य बीमा भी उतना ही जरूरी है। इलाज के बढ़ते खर्च से आप अच्छी हेल्थ पॉलिसी लेकर ही निपट सकते हैं। इससे आपको अपने निवेश को हॉस्पिटल के बिल में न तोड़ना पड़ेगा और आपका पोर्टफोलियो सुरक्षित रहेगा। आपका पोर्टफोलियो तभी पूरी तरह असरदार होता है जब यह आपके जीवन के लक्ष्यों से जुड़ा हो।

बच्चों की पढ़ाई, शादी, अपने घर का सपना या रिटायरमेंट जैसी प्राथमिकताओं के हिसाब से निवेश करना चाहिए। लंबी अवधि के लिए इक्विटी फंड सबसे अच्छे माने जाते हैं, जबकि मध्यम अवधि में बैलेंस्ड या अल्ट्रा शॉर्ट टर्म फंड अच्छे रहते हैं। वहीं कम अवधि के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट या लिक्विड फंड बेहतर हैं।

बहुत सारे लोग बाजार में गिरावट देखकर घबरा जाते हैं और अपना निवेश निकाल लेते हैं। इतिहास गवाह है कि हर बार बाजार गिरे जरूर हैं, लेकिन कुछ सालों बाद उससे भी ऊंचे स्तर पर पहुंचे हैं। इसलिए अपने निवेश को समय दें और धैर्य रखें। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद लॉन्ग टर्म में सही पोर्टफोलियो अच्छा रिटर्न देता है।


आज के समय में एसआईपी यानी सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान सबसे अच्छा विकल्प बनकर उभरा है। यह आपको बाजार के उतार-चढ़ाव की चिंता किए बिना नियमित निवेश की आदत डालता है और औसत लागत को भी कम करता है। लंबी अवधि में कंपाउंडिंग का असर इतना जबरदस्त होता है कि आप खुद चौंक जाएंगे।

इसके अलावा ध्यान रखें कि ज्यादा कर्ज न लें, क्योंकि कर्ज भविष्य के निवेश की क्षमता को कम कर देता है। हर साल अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करें ताकि जरूरत पड़ने पर उसमें बदलाव किया जा सके। टैक्स प्लानिंग को भी नजरअंदाज न करें। और हां, क्रिप्टो जैसे अत्यधिक जोखिम वाले निवेश में अगर पैसा लगाएं भी तो बहुत छोटी राशि ही लगाएं अन्यथा निवेश न करना ही बेहतर है । वैश्विक अस्थिरता के दौर में घबराने के बजाय समझदारी से निवेश करें। विविधता, बीमा, आपातकालीन फंड और लक्ष्य आधारित निवेश से न केवल आपका पोर्टफोलियो सुरक्षित रहेगा। यही स्मार्ट इन्वेस्टमेंट की असली कुंजी है।

## सोशल फोरम

# खांटी धर्मनिरपेक्षता

बुद्धि-विवेक ही वे प्रकृति-प्रदत्त औज़ार हैं जो सभी धर्मों के सभी मनुष्यों में सामान्य हैं। उन्हीं के सहारे ईमानदारी और साफ नीयत से किए गए तर्क-वितर्क से सारे मुद्दों का, समय-सापेक्ष और कामचलाऊ ही सही, सर्वमान्य हल निकल सकता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

खांटी धर्मनिरपेक्षता के लिए दो बातें ज़रूरी हैं। एक, आदमी में पूर्ण व्यक्तिगत ईमानदारी हो कि वह चीजों को साफ नीयत से और पूरी वस्तुपरकता से देख सके। किसी भी समूह या दल से जुड़ने और जुड़े रहने के लिए ऐसी ईमानदारी को बचा पाना कठिन हो जाता है।

दो, आदमी किसी भी धर्म के ऐसे अंश में विश्वास न करता हो जो बुद्धि-विवेक-सम्मत न हो या बुद्धि-विवेक से परे कहा जाता हो। ऐसे अंश में विश्वास होते ही मनुष्य के लिए इस प्रतीति से बचना असंभव नहीं तो मुश्किल तो हो ही जाता है कि वह और उसके सहधर्मी सत्य को पा चुके हैं, इसलिए सही हैं और बाक़ी सब ग़लत या अंधेरे में हैं। ऐसा आदमी लाख कोशिश करे, मनसा, वाचा, कर्मणा सौ टका धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है।

बुद्धि-विवेक ही वे प्रकृति-प्रदत्त औज़ार हैं जो सभी धर्मों के सभी मनुष्यों में सामान्य हैं। उन्हीं के सहारे ईमानदारी और साफ नीयत से किए गए तर्क-वितर्क से सारे मुद्दों का, समय-सापेक्ष और कामचलाऊ ही सही, सर्वमान्य हल निकल सकता है। इतिहास में टर्की के कमाल पाशा (बाद में कमाल अतातुर्क) इसके ज्वलंत और निरपवाद उदाहरण हैं जिन्होंने पूर्ण धर्मनिरपेक्षता को ज़मीन पर लागू किया। स्वघोषित अज्ञेयवादी नेहरू को भी नरम धर्मनिरपेक्ष कहा जा सकता है। धर्मनिरपेक्षता को ज़मीन पर उतारने की कोशिश उन्होंने नहीं की, उनके लिए संभव ही नहीं था। उन्होंने इसे अपनी प्रतीति तक सीमित रखा।

कोई 'धार्मिक' भी हो और पूर्ण 'धर्मनिरपेक्ष' भी, यह तो आदमी नाम के प्राणी से कुछ ज़्यादा ही अपेक्षा करना है। अपवाद स्वरूप ही ऐसे लोग धर्मनिरपेक्ष हो सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# सहकारिता आंदोलन से बदलती लोगों की जिंदगी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले एक दशक में सहकारी आंदोलन ने लंबी छलांग लगाई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बाकी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, प्रबंधन की कमियां और कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी।

भारत में सहकारिता आंदोलन से लाखों महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया हैं। यह आंदोलन, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है। सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, दुग्ध उत्पादन, हस्तशिल्प, और सूक्ष्म वित्त में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं।

फिलहाल देश में 8 लाख से अधिक पंजीकृत सहकारी समितियां हैं, जिनसे लगभग 30 करोड़ लोग जुड़े हैं। 20 प्रतिशत कृषि ऋण, 35 प्रतिशत उर्वरक वितरण और 31 प्रतिशत चीनी उत्पादन अब सहकारी संगठनों द्वारा संभाला जाता है। इसके अलावा, डेयरी सहकारी समितियां भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 4.5 प्रतिशत का योगदान देती हैं। अनुमान है कि 2030 तक सहकारी क्षेत्र 11 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्यक्ष और स्व-रोजगार दोनों शामिल हैं।

दरअसल केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से विकास का यह मॉडल न केवल कश्मीर में बल्कि पूरे देश में सफल हो रहा है। कुछ साल पहले तक ग्रामीण भारत में सबसे बड़ी समस्या यह थी कि छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए लोगों को साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था और उसका बड़ा हिस्सा बिचौलियों को देना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें इससे राहत मिल रही है। आज, दिल्ली से दूर राज्यों में रहने वाली आदिवासी महिलाएं भी सहकारी समितियों के माध्यम से अपने घरेलू खर्च आसानी से चला सकती हैं। वे पोल्ट्री, डेयरी और कृषि के जरिए सालाना 1.5 से 2 लाख रुपये कमा रही हैं। सहकारी समितियों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें आसान शर्तों पर कर्ज मिल रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय को बढ़ा रही हैं और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य बना रही हैं।

पिछले एक दशक में सहकारी आंदोलन ने लंबी छलांग लगाई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बाकी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, प्रबंधन की कमियां और कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इन समस्याओं से निपटने के लिए सख्त कदम उठाए हैं, जैसे सहकारी समितियों में ऑडिट और जवाबदेही अनिवार्य करना।

दरअसल देश के सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने की शुरूआत नरेंद्र मोदी ने तब कर दी थी जब उन्होंने ग्रामीण विकास में सहकारिता के महत्व को समझते हुए इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। फिर अमित शाह को इसका मंत्री नियुक्त किया। जानकार जानते हैं कि 2014 से पहले सहकारी संगठनों से लोग निराश थे। सहकारी समितियां भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी थीं। उनके कामकाज में पारदर्शिता की कमी थी, लेकिन इस मंत्रालय ने अब एक सुसंगत, आधुनिक और डेटा-आधारित सहकारी संगठन का मॉडल स्थापित किया है।

जम्मू-कश्मीर में सहकारी आंदोलन का विस्तार, खासकर 2014 के बाद, विशेष रूप से उल्लेखनीय है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद, इस क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए सहकारिता को एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में देखा गया है। जम्मू-कश्मीर में सेब, केसर और अखरोट जैसे स्थानीय उत्पादों के लिए सहकारी समितियां बनाई गई हैं। इन समितियों ने किसानों को बेहतर बाजार, भंडारण सुविधाएं और उचित कीमतें दिलाने में मदद की है।

उदाहरण के लिए, कश्मीर के सेब उत्पादकों के लिए सहकारी समितियों ने न केवल स्थानीय स्तर पर मार्केटिंग को बढ़ावा दिया है, बल्कि उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने में भी मदद की है।

सहकारिता ने सामाजिक स्तर पर भी प्रभाव डाला है। महिलाएं सहकारी समितियों के माध्यम से नेतृत्व की भूमिकाएं निभा रही हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ी है। ये समितियां सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देती हैं, जिससे महिलाएं सामाजिक बंधनों को तोड़कर अपनी आवाज उठा रही हैं।

सहकारी संगठनों में बढ़ते जनविश्वास का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से कर्ज वितरण पिछले तीन वर्षों में पांच गुना बढ़ गया है। इसने 2021 में 25,000 करोड़ रुपये के कर्ज वितरित किए थे, जबकि अब तक 1.28 लाख करोड़ रुपये स्वीकृत और वितरित किए जा चुके हैं।

केंद्र सरकार का नारा, "सहकार से समृद्धि", इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण और कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सकता है। अमित शाह ने बार-बार जोर दिया है कि सहकारिता उन लोगों के लिए एक शक्तिशाली साधन है जिनके पास कम या कोई पूंजी नहीं है। यह समझना चाहिए कि भारत जैसे कृषि प्रधान और सामाजिक-आर्थिक रूप से विविध देश में, सहकारी आंदोलन की सफलता राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## सार-संक्षेप

### स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली




**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** स्कूल चलो अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में रैलियां निकाली गईं, जिनको प्रधानों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राथमिक विद्यालय सिमरा हरचंद सिंह में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग भगाओ के तहत रैली निकाली गई। रैली को प्रधान अरविंद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी क्रम में शाहपुर बनियान में रैली को प्रधानाध्यापक सुनील शुक्ला ने रवाना किया। ग्राम निवड़िया में प्रधानाध्यापिका अर्पणा शर्मा ने। अशोकपुर में प्रधानाध्यापिका सुमन कुमारी ने रैली को रवाना किया। इस दौरान विद्यालयों के अध्यापक समेत ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### स्कूलों के विलय के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्राथमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री मुकेश सिंह चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को एमएलसी कुंवर महाराज सिंह को विद्यालयों के विलय के विरुद्ध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से शिव स्वरूप शर्मा, सुनील शुक्ला, रोहित सिंह, सन्तोष कुमार, विनोद कुमार, कामरान खान, मनोज मिश्रा, शिवम अग्रवाल, अमित सिंह, भूप सिंह, हरपाल, शुभम सक्सेना, शशिभूषण पाठक, शंति भूषण पाठक समेत अन्य मौजूद रहे।

### इफको में लगाया गया रक्तदान शिविर



**आंवला, अमृत विचार :** इफको चिकित्सालय में इफको परिवार की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ एसडीएम आंवला विदुषी सिंह एवं इफको वरिष्ठ महाप्रबंधक सत्यजित प्रधान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आईएमए) बरेली की टीम ने करीब 106 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एसडीएम और वरिष्ठ महाप्रबंधक ने सभी से रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा रक्तदान महादान है। जीवन जीने के लिए रक्त की एक एक बूंद महत्वपूर्ण है। रक्तदान से किसी जरूरत मंद को जीवन मिल सकता है। शिविर में इफको परिवार ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान डॉक्टर सुनीता गुप्ता, डॉ. नीतेश भार्गव, डॉ. वरुण पांड्या, इफको महाप्रबंधक प्रदीप शर्मा, आर के शर्मा, महाप्रबंधक मुकेश खेतान, अमित गुप्ता, हीरा लाल, सुबह का महिला क्लब की अध्यक्ष केतकी प्रधान आदि मौजूद रहे।

### चौथे दिन बंद रही रेलवे क्रॉसिंग

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** बदायूं – दातागंज मार्ग पर बिलपुर रेलवे फाटक नंबर 344 पर रेलवे की ओर से शुक्रवार को चौथे दिन भी वीसीएन मशीन से रेल पटरियों पर मेंटीनेंस का कार्य जारी रहा। सूत्रों के अनुसार अभी चार दिन तक और रेलवे क्रॉसिंग बंद रहेगी। अब 7 जुलाई को रेलवे फाटक खोला जाएगा, जिसके चलते आने जाने वाले वाहन निवड़िया रेलवे क्रॉसिंग बहगुल नदी के पुल के नीचे एवं टिसुआ होकर निकाले जा रहे हैं। पैदल आने जाने वालों एवं साइकिल सवार यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों को जानकारी न होने की वजह से रेलवे क्रॉसिंग पर भारी वाहन पहुंच रहे हैं जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। इधर यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए थाना प्रभारी संतोष सिंह भी लगातार रेलवे फाटक पर बने रहते हैं फिर भी वाहन रेलवे फाटक पर पहुंच जाते हैं और जाम के हालात बन जाते हैं।

### पैदल चारधाम यात्रा पर निकले जत्थे का किया स्वागत

**रिठौरा, अमृत विचार :** पैदल चारधाम यात्रा पर निकले गुड्डू जाट गांव सुजावलगढ़ अलीगढ़ एवं कुलदीप कश्यप गांव ढंगाली कुरूक्षेत्र हरियाणा ने अब तक यमनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ की यात्रा करते हुए पशुपति नाथ काठमांडू नेपाल जाते समय रिठौरा शुक्रवार को रिठौरा पहुंचे। व्यापारियों एवं अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। गुड्डू ने बताया उनकी दो वर्ष की यात्रा है, कुल 18000 किलोमीटर की दूरी तय करनी है। प्रत्येक दिन 30–35 किमी दूरी तय करने के बाद ही विश्राम को रूकते हैं। इस दौरान बेंचे लाल प्रजापति, आनन्द कुमार, अरुण कुमार, राजीव प्रजापति, तोताराम यादव वीरपाल, आकाश बाबू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### किसानों को चूहा और छछूंदर से मुक्ति के उपाय बताए

**बहेड़ी, अमृत विचार :** कृषि रक्षा इकाई बहेड़ी की ओर से संचारी रोग चूहा – छछूंदर नियंत्रण अभियान के अंतर्गत ग्राम पतरासी में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी कृषि रक्षा इकाई इंद्रपाल सिंह ने बताया चूहा– छछूंदर से होने वाले रोग जैसे स्क्रब टायफस तथा लैपटोस्पारोसिस नामक बीमारियां होती हैं। इससे बचने के लिए चूहे और छछूंदर के बिलो पर 40 से 50 ग्राम भुने हुए चने या गेहूं के दाने आदि को जिंक फास्फाइड दवा 10 ग्राम को 4–5 बूंद सरसों के तेल में मिलकर बिल पर रख दें ताकि खाकर वह मर जाए। इसके अलावा एल्युमिनियम फास्फाइड दवा की 4–5 ग्राम बिलों में डालकर ऊपर से बिलो को बंद कर दें। गोष्ठी में किसान नन्हेंलाल, खेमकरण, बाबूराम, तुलाराम, छेदा लाल, नेत्रपाल करन सिंह गंगवार आदि कृषक मौजूद रहे।

### भदपुरा ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत की बैठक 9 को

**भदपुरा :** बीडीओ कमल सिंह चौहान ने बताया ब्लॉक परिसर में 9 जुलाई को क्षेत्र पंचायत की बैठक सुबह 11 बजे से होगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने –अपने विभाग की योजना की जानकारी देंगे। इस दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

# सात माह से अस्थायी डॉक्टर के भरोसे चल रहा पशु अस्पताल

## एक डॉक्टर पर दो अस्पतालों की जिम्मेदारी, समय से नहीं मिल रहा इलाज

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार:** ब्लॉक मुख्यालय का राजकीय पशु चिकित्सालय सात माह से प्रभारी डॉक्टर के भरोसे चल रहा है। सरकारी अस्पताल में समय से इलाज नहीं मिलने से पशु पालक पशुओं का इलाज प्राइवेट डॉक्टरों से कराने के लिए मजबूर है। किसानों की समस्याओं को देखते हुए रिछा राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अव्यवस्थाओं को दूर कराने की मांग की।

रिछा- जहानाबाद मार्ग किनारे स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय अधिकारियों की अनदेखी के चलते बदहाल होता जा रहा। यहां न तो भवनों की सफाई होती है और न ही टूट- फूट पर मरम्मत। सात माह से अस्थाई डॉक्टर के नहीं होने से किसान अपने पशुओं को लेकर यहां अब आते ही नहीं मजबूरन प्राइवेट डॉक्टरों से इलाज कराना पड़ता है। किसानों की समस्या को देखते हुए अतहर हुसैन नियाजी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में पशु चिकित्सालय की कुछ तस्वीरे भी भेजी हैं। जिसमें पशु चिकित्सालय की खस्ता हालत का जिक्र करते हुए उसकी स्थिति बताई है। ज्यादातर चारदीवारी गिर चुकी है, आवासीय भवन स्टाफ के न रहने के चलते जर्जर हो गए हैं। ज्यादातर के खिड़की- दरवाजे चोर निकाल ले गए। कार्यालय भवन को छोड़कर बाकी पूरी बिल्डिंग गिरताऊ हो गई है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पशु चिकित्सालय की चार-दीवारी बनाने और चौकीदार की व्यवस्था की जाए। यहां तैनात रहे पशु चिकित्सक डॉ. विमलेश गुप्ता का नवंबर 2024 में तबादला हो गया था, लेकिन यहां किसी पशु चिकित्सक की तैनाती अब तक नहीं की गई है। हालांकि अतिरिक्त चार्ज देवरनियां राजकीय पशु चिकित्सालय के डॉ. एके सिंह के पास है, मगर वह कभी-कभार ही आते हैं। यहां स्थाई पशु चिकित्सक की तैनाती करने की मांग की गई है।



देखरेख के अभाव में जर्जर होता पशु अस्पताल। ● अमृत विचार

● **मुख्यमंत्री से अस्पताल की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग**

## सचिवालय बंद होने से ग्रामीण परेशान

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** सरकार ने लोगों को गांव में सुविधा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सचिवालय बनवाया, लेकिन पंचायत सहायकों की लापरवाही से यह अधिकांश बंद रहते है। छोटे-छोटे कामों के लिए ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते है।

शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे रामलाल ने बताया वह जन्म प्रमाण पत्र बनवाने आए हैं और सचिव के इंतजार में बैठे हैं। प्रधान विनोद मौर्य ने बताया कि पंचायत घर ज्यादातर वहीं खोलते हैं, पंचायत सहायक अधिकतर बिना बताए गायब रहता है। आज वह सफाई कराने के लिए पंचायत घर पर गए थे। पंचायत सहायक प्रदीप कुमार ने बताया वह किसी काम से बाहर गए हैं प्रधान को बताकर आए हैं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विकास गौतम से पूछने पर बताया की पंचायत सहायक की ओर से उन्हें कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। खंड विकास अधिकारी हर्षेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पंचायत सहायक की ड्यूटी है वह नियमित पंचायत घर पर बैठे यदि कभी छुट्टी पर जाते हैं तो सचिव को लिखित सूचना देने का नियम है।

# एक-दूजे के हुए 11 जोड़े



सामूहिक विवाह के दौरान गरीब जोड़ों को आशीर्वाद देते समाजसेवी। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** कस्बे के एक बरात घर में 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ। नव जोडों को कस्बा समेत दूर दराज से आए लोगों ने उन्हें सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया।

समाजसेवी निहाल सिंह की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में क्षेत्र की 11 गरीब कन्याओं को चुना गया। कन्याओं के परिजनों ने स्वयं वर चुने। शुक्रवार को सभी कन्याओं का विधि विधान से विवाह कराया गया। बरातियों और घरातियों के लिए खान- पान की व्यवस्था की गई।

प्रत्येक जोड़े को बेड, ड्रेसिंग टेबल, अलमारी, फ्रिज, सिलेंडर, चूल्हा, सिलाई मशीन, एलईडी टीवी, डीनर सेट, मिक्सी, प्रेस, कुर्सी टेबल का सेट समेट अन्य उपहार स्वरूप भेंट किया गया। कन्याओं में मीनाक्षी, पूजा देवी, पिंकी चौहान, मधु, शिवानी, निशा, वेलावती, पूनम, मुन्नी देवी, रीना कुमारी और निकिता शामिल रहीं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्येय ने पहुंचकर वर और कन्या को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



विवाह के दौरान पूजन करते लोग।

### किशोरी का शोषण करने वाला गिरफ्तार, भेजा जेल

राजपुर कलां, अमृत विचार : निकाह का झांसा देकर किशोरी का शोषण करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे भेज दिया गया। अलीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ताहिर ने पड़ोस में रहने वाली एक किशोरी को निकाह का झांसा देकर एक साल तक उसका शोषण करता रहा, जिससे वह गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी होने पर किशोरी के भाई ने इसकी शिकायत प्रधान से की तो वह किशोरी और उसके भाई और ग्रामीणों के साथ बीते माह गैनी चौकी पहुंचे, लेकिन यहां पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की इसके बाद ट्रैक्टर ट्रालियों से सभी लोग थाना अलीगंज का पहुंचकर तहरीर दी, लेकिन पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने की जगह टालमटोल करने लगी।

# सभी संगठन एकजुट होकर समाजहित में काम करें

**आंवला, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय शुक्रवार को आंवला पहुंचीं, विभिन्न संगठनों ने उनका भव्य स्वागत किया।

ज्ञान दीप इंटर कॉलेज में ब्राह्मण महासभा मंडल की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने ब्राह्मणों को एकजुट रहकर समाज के हितों के लिए कार्य करने की अपील की। अपने संबोधन में कहा, बरेली क्षेत्र में ब्राह्मणों के अनगिनत संगठन बन गए हैं। सभी संगठनों को एकजुट होकर समाज के हर वर्ग के लिए काम करने की आवश्यकता है। महिला आयोग महिलाओं के हितों के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस दौरान कृष्ण पाल शर्मा, संजीव मोहन शर्मा, शिक्षक सुनील शर्मा, आशीष शर्मा एडवोकेट, अमित शर्मा, नितिन महाराज, संतोष गौड़, राहुल शर्मा, सचिन शर्मा, चन्द्रप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व इफको टाऊनशिप में इफको अधिकारी संघ अध्यक्ष शिशिर कुमार यादव, महामंत्री अनिल कुमार दुबे, कर्मचारी यूनियन महामंत्री गजेन्द्रपाल सिंह पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। बंजर होती धरती के बचाव के लिए महिलाओं की बढ़ती भूमिका को लेकर अतुल मिश्र ने ड्रोन दीदी और उनके द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी दी। इस दौरान रमेश द्विवेदी, सोनू शंकर गुप्ता, सौरभ तिवारी, आयुष श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।



राज्य महिला आयोग की सदस्य का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

● **महिला आयोग की सदस्य का आंवला में हुआ स्वागत**


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स अल्ट्राएग्रीटेक बायोऑगेनिकस पता 93, सिटी हार्ट कालोनी, स्टेडियम रोड, बरेली उत्तर प्रदेश जिसकी पंजीकरण सं-BAR/0014211 में दो साझेदार श्री सनी अग्रवाल पुत्र श्री सतीश चन्द्र अग्रवाल व श्रीमती गरिमा अग्रवाल पत्नी श्री सनी अग्रवाल स्वेच्छा से व अन्य साझेदारों की सहमति से दिनांक 01.03.2025 को सम्मलित हो गये हैं। नये साझेदारों के सम्मलित होने के पश्चात पूर्व दोनों साझेदार ए आइटर्वो बिजनेस एसोसियेटस प्राइवेट लिमिटेड (बतौर डायरेक्टर गरिमा अग्रवाल) व श्रीमती शैल अग्रवाल पत्नी श्री सतीश चन्द्र अग्रवाल दिनांक 1.03.2025 को ही स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो गये। सेवानिवृत्ति के पश्चात दोनों सेवानिवृत्त साझेदारों का फर्म पर या फर्म का सेवानिवृत्त दोनों साझेदारों पर कोई शेष बकाया नहीं है। वर्तमान में उपरोक्त फर्म में कुल दो साझेदार क्रमशः 1–सनी अग्रवाल 2–गरिमा अग्रवाल है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में मेरे द्वारा समस्त विधिक औपचारिकतायें पूर्ण कर ली गयी है।

**गरिमा अग्रवाल–साझेदार**
**मैसर्स अल्ट्राएग्रीटेक बायोऑगेनिक्स**
**पता 93 सिटी हार्ट कालोनी, स्टेडियम रोड, बरेली उत्तर प्रदेश जिसकी**
**पंजीकरण सं.–BAR/0014211**


# तमिलनाडु से पति की तलाश में आई महिला

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम मड़ौली निवासी युवक का तमिलनाडु निवासी महिला से प्रेम प्रसंग हो गया, फिर दोनों ने शादी की बच्चा भी हो गया। आरोपी करीब दो साल बाद पत्नी और बच्चे को छोड़कर गांव लौट आया। शुक्रवार को युवक की तलाश में महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की है। पीड़िता को लेकर महिला दरोगा आरोपी के गांव गई, लेकिन युवक और उसके परिजन घर में ताला डालकर भाग गए।

गांव मड़ौली निवासी युवक तमिलनाडु काम करने गया था, वहां थाना वेलाचारी विजयनगर निवासी युवती से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। नजदीकियां बढ़ने पर दोनों ने 12 फरवरी 2023 को शादी कर ली। युवती ने शुक्रवार को फतेहगंज पश्चिमी थाना पहुंचकर पुलिस को बताया दोनों से 16 जून 2025 को एक बच्चे का जन्म हुआ है। आरोप है आरोपी दो दिन बाद ही बच्चे को जहर देकर मारना चाह रहा था, उसने कोशिश भी कि, लेकिन सफल नहीं। उसके नाराजगी जताने पर आरोपी अगले दिन नकदी और लाखों के जेवरात लेकर भाग आया। वह उसकी तलाश में यहां आ गई। पीड़िता की तहरीर पर महिला दरोगा उसे लेकर आरोपी की तलाश में गांव गईं। लेकिन आरोपी घर में ताला डालकर परिजनों समेत घर से फरार हो गया। फिलहाल महिला रुकी है। थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया महिला की तहरीर पर पुलिस गांव गई थी। युवक फरार हो गया है, उसकी तलाश की जा रही है।

● **भनक लगते ही आरोपी परिवार के साथ घर में ताला लगाकर भागा**


## कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहांपुर

पृ.सं. 257/जि.पं.नि.अनु./2025–26

**ई-निविदा सूचना**

दिनांक: 04.07.2025

संशोधित निर्माण नियमावली के क्रम में जिला पंचायत, सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत शाहजहांपुर को प्राप्त शासकीय अनुदानों की धनराशि से निम्न कार्यो की अलग अलग ई–निविदायें दिनांक 25.07.2025 को समय 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई–निविदायें www.etender.up.nic.in पर अपलोड/डाउनलोड की जा सकती है। ई–निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 26.07.2025 को 11:00 AM से टेंडर समिति समक्ष खोली जायेगी। ई–निविदा की शर्ते निम्नवत् है शेष शर्ते किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

1. टेंडर के साथ रजिस्ट्रेशन का प्रमाण, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जी.एस.टी. सर्टिफिकेट, लेबर पंजीकरण, घोषणा पत्र, टेंडर शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त इसकी हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करनी होगी।
2. टेंडर शुल्क बड़ौदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक के खाता संख्या 56370100007586 आईएफएससी कोड BARB0BUPGBX में आरटीजीएस अथवा DD के रूप में जमा किया जायेगा।
3. 2 प्रतिशत अर्नेस्टमनी बड़ौदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक में नगद रूप से उपरोक्त खाते में अथवा FD/NSC जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो संलग्न करना होगा।
4. अपूर्ण या सशर्त ई–निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
5. सार्वजनिक निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनि कर्म विभाग द्वारा समय समय पर निर्गत शासनादेशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
6. पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिए जाने के पश्चात् कभी भी यह संज्ञान में आता है कि वह ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियां, असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा एवं इस आशय का शपथपत्र 100 रू. के स्टैम्प पर टेन्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. प्रत्येक निविदा के साथ पंजीयन नवीनीकरण की रसीद/पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित है।
9. आमंत्रित निविदाओं के कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर जारी किये जायेंगे आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. | विकास खण्ड | कार्य का नाम | धनराशि जी.एस.टी. रहित | 2% धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क मय जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | भावलखेड़ा | सुतनेरा ग्राम मुडिया में 100 मी. | 5.50 | 11000 | 1200 | 3 माह |
| 02. | निगोही | निगोही छतेनी के मकान से दुर्गेश के मकान तक नाला | 5.50 | 11000 | 1200 | 3 माह |
| 03. | मदनापुर | फाजिलपुर में 100 मी. नाला | 5.50 | 11000 | 1200 | 3 माह |
| 04. | बंडा | ग्राम कुंडरा में अमृत सरोवर | 21.10 | 42200 | 1200 | 3 माह |
| 05. | मदनापुर | मदनापुर गिरधरपुर में नाला 200 मी. | 11.00 | 22000 | 1200 | 3 माह |
| 06. | ददरौल | मधवामई से घुसगवां तक नाला | 21.50 | 43000 | 1200 | 3 माह |
| 07. | भावलखेड़ा | हथौड़ा में स्टेडियम के पीछे 150 मी. नाला | 8.80 | 17600 | 1200 | 3 माह |
| 08. | जलालाबाद | देवीपुर नगला हलू में संजय के मकान से सेडा तक 100 मी0 नाला | 5.50 | 11000 | 1200 | 3 माह |
| 09. | खुदागंज | ग्राम सूथा में इंटरलॉकिंग | 21.50 | 43000 | 1200 | 3 माह |
| 10. | भावलखेड़ा | हथौड़ा में स्टेडियम रोड पर अवशेष नाला निर्माण। | 10.60 | 21200 | 1200 | 3 माह |

**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**


# अकीदत से निकला आठवीं मोहर्रम का जुलूस

संवाददाता, सेंथल

**अमृत विचार:** मोहर्रम पर चल रही अजादारी के क्रम में आठ मोहर्रम को अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास की शहादत को याद कर आंसू बहाए। मजलिसों में हजरत अब्बास के मसाएब बयान किए गए।

इमामबाड़ा कला से कदीमी फतेह निशान का जुलूस-ए-अलम उठा। इसमें अकीदतमंदों ने जंजीर और छुरियों का मातम किया। जुलूस के स्वागत के लिए जगह-जगह चाय और शरबत की सबीलें लगाई गईं।

सुबह 11 बजे इमामबाड़ा कला से फतेह निशान का जुलूस-ए-अलम निकला तो उसकी जियारत के लिए हजारों अजादार जमा हो गए। अलम के निकलते है चारों ओर से या अब्बास की सदाएं बुलंद होने लगीं। जुलूस बस्ती का गश्त करता हुआ जैसे ही इमामबाड़ा खुर्द पर पहुंचा तो वहां सैकड़ों की तादात में अजादारों ने जंजीर और छुरियों का मातम किया। जुलूस के मोहल्ला चौधरी चौक पहुंचने पर आग का मातम किया गया और 18 बनी हाशिम के ताबूत की जियारत कराई गई। यहां अंजुमन असगरिया, अंजुमन हैदरी, अंजुमन हुसैनिया, अंजुमन पंजेतनी, अंजुमन जुल्फिकारे हैदरी, अंजुमन अजाए हुसैनी ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की।

**आंवला में निकाला गया मेहंदी जुलूस:** कस्बे के मोहल्ला फूटा दरवाजा घास मंडी स्थित इमाम बाड़े से हजरत कासिम की मेहंदी का जुलूस निकाला गया। जुलूस में "या हुसैन, या हुसैन" की सदाएं गूंज रही थीं। जुलूस फूटा दरवाजा और घेर मुहम्मद खां मोहल्लों में अपने परंपरागत रास्तों पर निकाला गया। इस दौरान शब्बू खां, वाहिद खां, सागर अली, लाडले, फैज़ खान, चांद बाबू, उमैर खान, अरशान खान, फरदीन खान आदि मौजूद रहे।

**अकीदत के साथ मनाया जा रहा है मोहर्रम:** नवाबगंज में मोहर्रम अकीदत के साथ मनाया जा रहा हैं। इस मौके पर अलम व ताजियों का जुलूस निकाल कर इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातमपुर्सी की जा रही है। गुरुवार रात सराय मोहल्ले से 7 तारीख को मेहंदी के ताजिए उठाए गए तो वहीं शुक्रवार को 8 तारीख का मशहूर ताजिया हाजी मुन्ने के यहां से उठाया गया जिसे देर रात तक जुलूस के साथ गलियों में घुमाकर मातमपुर्सी की गई। मोहर्रम के दौरान करबला के शहीदों की याद में मजलिसे हुई तो लोगों ने शरबत और लंगर की सबीलें लगाई। रात में होने वाले मोहर्रमदारी के जुलूसों के दौरान पुलिस व प्रशासन भी पूरी तरह चाक चौबंद रहा।



इमामबाड़ा कला से निकलता आठवीं मोहर्रम का जुलूस। ● अमृत विचार

### पुलिस की सुरक्षा में निकला मुगलों का तख्त जुलूस

**दुनका, अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के गांव दुनका में मोहर्रम की 8 तारीख पर निकलने वाला मुगलों का तहत जुलूस मुगल इमाम बाड़े से तय समय और रूट से निकाला गया। मोहल्ला नूरी नगर में लोगों ने जायरीनों को लंगर के रूप में मीठे चावल, शरबत और मिठाई का वितरण किया। जुलूस में गांव धनेली, बैरमनगर, नूर नगर, गणेशपुर, बसई, धर्मपुर, रतनपुर, मिर्जापुर, शाही, फिरोजपुर, शीशगढ़ समेत दर्जनों गांव के जायरीन जुलूस में शामिल हुए। इस मौके पर थाना शाही प्रभारी अमित कुमार सिंह, दुनका चौकी प्रभारी रामपाल सिंह तोमर फोर्स के साथ जुलूस को पुलिस सुरक्षा घेरे में लेकर शांतिपूर्वक निकलवाया, जुलूस शनिवार को भी भ्रमण करेगा।

# सिर में हथौड़ा मारकर दोस्त की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- उपचार कराने ले जाते समय चलती स्कूटी पर की वारदात

**अमृत विचार :** मामूली विवाद में दोस्त ने ही दोस्त के सिर पर हथौड़ा मारकर उसकी जान ले ली। घटना को चलती स्कूटी पर अंजाम दिया जब आरोपी अपने दोस्त को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहा था। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया।

डालनवाला थाना पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को सूचना मिली कि परेड ग्राउंड के पास एक व्यक्ति ने स्कूटी पर जाते समय स्कूटी चला रहे व्यक्ति के सिर पर पीछे से हथौड़े से वार कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस को आरोपी मौके पर ही खड़ा मिला, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर घायल को दून अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संतोष साहु हाल निवासी करनपुर देहरादून के रूप में हुई जो मूल रूप से झारखंड का निवासी था जबकि हत्यारोपी की पहचान शिबरन साहनी देहरादून व मूल निवासी छपरा बिहार के रूप में हुई।

## पीलीभीत में : 29 जुलाई को होने वाले आयोजन में होंगे विभिन्न कार्यक्रम


# पीटीआर बनेगा ग्लोबल टाइगर डे के आयोजन का साक्षी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी बुलंदी का परचम लहरा चुके पीलीभीत टाइगर रिजर्व में ग्लोबल टाइगर डे (अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस) पर भव्य आयोजन किया जाएगा।

इस भव्य आयोजन में देश के टाइगर रिजर्वों के अधिकारी और बाघों के संरक्षण में जुटे लोग शामिल होंगे। शासन से मिले दिशा निर्देश के बाद टाइगर रिजर्व प्रशासन इस भव्य आयोजन की तैयारियों जुट गया है। हर साल 29 जुलाई को विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है। इस दिन सभी टाइगर रिजर्वों में स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही राज्य स्तर पर भी एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

इस बार आगामी 29 जुलाई को मनाए जाने वाले विश्व बाघ दिवस कार्यक्रम की मेजबानी का दायित्व पीलीभीत टाइगर रिजर्व को दिया गया है। इसमें देश के टाइगर रिजर्वों से अधिकारी और बाघों के संरक्षण में जुटे लोग शामिल होंगे। भव्य आयोजन के दौरान बाघों के संरक्षण




एवं संवर्धन पर चर्चा करने के साथ मानव-वन्यजीव घटनाओं और टाइगर कॉरिडोर आदि पर भी मंथन किया जाएगा। शुक्रवार को शासन स्तर से मिले दिशा-निर्देश के बाद टाइगर रिजर्व प्रशासन 29 जुलाई को होने वाले भव्य आयोजन की तैयारियों में जुट गया है। कार्यक्रम स्थल समेत आयोजन के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

### टीएक्सटू अवार्ड हासिल कर चुका पीटीआर

महज चार साल में बाघों की संख्या दोगुनी होने के मामले में पीलीभीत टाइगर रिजर्व अंतरराष्ट्रीय टीएक्सटू अवार्ड हासिल कर चुका है। इसके अलावा बाघ संरक्षण में बेहतर योगदान पर कैट्स जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड भी टाइगर रिजर्व अपने नाम करा चुका है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 71 से अधिक बाघ पाए जाते हैं। यहां के बाघ अपनी कद-काठी को लेकर देश से लेकर विदेशों में मशहूर हैं। टाइगर रिजर्व से गुजरती नदियां व नहरें इसको और भी दिलचस्प बनाती हैं। जिसके दीदार के लिए देश-विदेश से सैलानी लाखों की संख्या में हर वर्ष पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचते हैं।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा हुई आरंभ

**देहरादून।** चीन के साथ हालात सुधरने के करीब छह वर्ष बाद उत्तराखंड के रास्ते देश की ऐतिहासिक कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुक्रवार को पुनः आगाज हो गया है। शुक्रवार को दिल्ली से श्रद्धालुओं का पहला जत्था चम्पावत के टनकपुर पहुंचा। दल का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया गया। जिनमें 32 पुरुष एवं 13 महिलाएं हैं। मुख्यमंत्री धामी उत्तराखंड की धरती से शनिवार सुबह पहले दल को कैलाश के लिए रवाना करेंगे। यह दल पिथौरागढ़ के आधार शिविर धारचूला पहुंचेगा।

## मिलावटी पनीर की फैक्ट्री पकड़ी, तीन का चालान

**गजरौला, अमृत विचार:** खाद्य विभाग और पुलिस टीम ने शुक्रवार को सूचना मिलने पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मिलावटी पनीर बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी में मौके पर पनीर, दूध और रिफाइंड बरामद हुआ है। टीम ने नमूने लेने के बाद सामान को नष्ट करा दिया है। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक समेत तीन का चालान किया है। छापेमारी से व्यापारियों में खलबली है। शहर की कई दुकानें बंद कर दी गईं।

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त विनय कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने शहर के फाजलपुर फाटक के निकट पनीर फैक्ट्री पर छापेमारी की। टीम को देखकर फैक्ट्री में काम करने वाले कारीगर मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके से 50 किलो पनीर, 12 किलो रिफाइंड, 12 किलो पाउडर व पांच क्विंटल दूध बरामद किया है। टीम ने सभी वस्तुओं के नमूने लिए। इसके बाद नाले में नष्ट करा दिया है। सहायक आयुक्त ने बताया कि फैक्ट्री की कई बार शिकायत मिल चुकी थी।

# अमर ज्योति कंपनी के निदेशकों की संपत्ति की जाएगी जब्त

## सदर विधायक ने बताया- सीएम ने प्रमुख सचिव गृह को दिया संपत्ति जब्त करने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विधायक महेश चंद्र गुप्ता और जिला बार एसोसिएशन के महासचिव ने मुख्यमंत्री से की थी मुलाकात

**अमृत विचार :** अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड कंपनी के निदेशकों और एजेंटों ने सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी की है। कंपनी में रुपये जमा करने वाले निवेशकों ने हंगामा किया और धरना भी दिया। पुलिस ने कंपनी के एजेंटों को गिरफ्तार किया है, लेकिन इनाम घोषित होने के बाद भी निदेशकों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। वे पुलिस की पहुंच से दूर हैं।

इस संबंध में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और जिला बार एसोसिएशन के महासचिव अरविंद परमार ने लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस बारे में बताया। सदर विधायक के अनुसार मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद को कंपनी के निदेशकों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई करने का



मुख्यमंत्री को कंपनी के कारनामों के बारे में बताते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

आदेश दिया है। सैकड़ों निवेशकों की करोड़ों की संपत्ति हड़पने वाले निदेशक सूर्यकांत मौर्य और उसके भाई शशिकांत मौर्य की दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

दोनों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। इसके चलते सदर विधायक ने जिला बार एसोसिएशन महासचिव के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को बताया कि गरीबों ने अपनी मेहनत की कमाई मुनाफा और धीरे-धीरे जमा करके एकमुश्त पाने के लिए कंपनी में जमा की थी, जिसके बाद से बरेली निवासी निदेशक फरार हो गए हैं।

लोग अपने रुपयों को लेकर परेशान हैं। बताया कि उन्होंने एसएसपी से भी मुलाकात की थी, जिसके बाद एसएसपी ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया। इनाम की धनराशि बढ़ाई गई है।

विधायक ने बताया कि निवेशक लगातार मालवीय अध्यापक आवास गृह पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। वह परेशान हैं। किसी को बेटी की शादी करनी है तो किसी को बच्चों की पढ़ाई कराना है, लेकिन कंपनी ने उनके साथ धोखा किया। निदेशकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने निदेशकों की गिरफ्तारी करने और उनकी संपत्ति सीज करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद फरार इनामिया निदेशकों की मुसीबतें बढ़ जाएंगी। सदर विधायक ने बताया कि वह निवेशकों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे।

## फर्जी निकाहनामा बनाकर ब्लैकमेल कर रही महिला

**पूरनपुर ,अमृत विचार:** विवाहित महिला ने एक युवक को अपने प्रेमजाल में फंसाकर फर्जी निकाहनामा बना लिया। अब महिला अपने परिजनों के साथ मिलकर युवक को धमकाकर मोटी रकम की मांग कर रही है। तहसील दिवस में शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर युवक की पत्नी ने एसपी से शिकायत की। कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर महिला समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जनपद शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गांव बिरहमपुर झांझरिया की रहने वाली किशमतुन की शादी कस्बे के शाहरुख खान से हुई है। आरोप है कि मोहल्ला बमनपुरी के रहने वाले यासीन की पत्नी शबनम ने उसके पति शाहरुख को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि महिला ने 22 जनवरी 2025 को एक फर्जी निकाहनामा भी तैयार कर लिया। आरोप है कि शबनम उसके जेठ अनवर खान और नंदोई आशिक को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फसाने की साजिश रच रही है। रुपये की मांग की जा रही है।

# बोलेरो से टक्कर मारी, फिर पीट-पीटकर मार डाला

संवाददाता, बेहजम

- परिजनों ने बताया जमीन के विवाद में की हत्या

**अमृत विचार:** घर से बाइक लेकर नीमगांव आ रहे थाना नीमगांव के गांव तिगोडवा निवासी 50 वर्षीय राजेंद्र की बाइक में हमलावरों ने बोलेरो से टक्कर मार दी। घटना के बाद बोलेरो भी अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसे में बाइक सवार राजेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने उसे आनन-फानन में घायल बताकर एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस इसे महज हादसा मान रही है, लेकिन परिजनों ने जमीन के विवाद में हत्या करने का दावा करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

गांव तिगोडवा निवासी राजेंद्र के तीन बेटे महेंद्र कुमार, बबलू और राहुल पंजाब में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। तीनों बेटे वर्तमान में पंजाब में हैं। वह अपनी पत्नी व अविवाहित बेटी सोनी के साथ रहते थे। परिवार वालों ने बताया कि राजेंद्र का गांव के जगदीश प्रसाद से जमीन को लेकर काफी पुराना विवाद चला आ रहा है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे राजेंद्र किसी काम से नीमगांव जाने के लिए बाइक से घर से निकले थे।

नीमगांव कस्बे में पेट्रोल पंप के पास पहले से एक बोलेरो खड़ी थी। बताते हैं कि जैसे ही राजेंद्र बाइक लेकर किसान इंटर कॉलेज के पीछे पहुंचा तभी पेट्रोल पंप पर खड़ी बोलेरो ने सामने से आकर उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताते हैं कि घायल राजेंद्र ने भागकर जान बचाने की कोशिश की, लेकिन इसी बीच मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने उसकी पीटकर हत्या कर दी। उधर टक्कर मारकर भागने के दौरान बोलेरो अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। घटना के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरबी ने राजेंद्र की सांस चलती देख उसे आनन-फानन में एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई।

# 62.50 लाख का साइबर ठग तमिलनाडु में पकड़ा गया

संवाददाता, रुद्रपुर

- आरोपी इंजीनियर ने बना रखी थी फर्जी मेट्रीमोनियल वेबसाइट

**अमृत विचार:** 62.50 लाख की साइबर ठगी का मुख्य आरोपी सिविल इंजीनियर को साइबर क्राइम सेल ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने फर्जी मेट्रीमोनियल वेबसाइट बनाकर युवकों को प्रेमजाल में फंसाकर साइबर ठगी को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

शुक्रवार को एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि नैनीताल जिले के एक युवक ने शिकायती पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराया था। उसने बताया था कि मेट्रीमोनियल साइट पर अनजान युवती का मैसेज मोबाइल पर आया। कुछ समय बाद युवती व्हाट्सएप एवं कॉलिंग से बातचीत करने लगी और खुद को कपड़ा व्यापारी बताने लगी। इसी दौरान युवती ने ऑफर दिया कि कम निवेश पर ज्यादा मुनाफे का व्यापार करते हैं, तो दोनों मिलकर जल्द ही बड़ा व्यापार कर सकते हैं। प्रलोभन देकर युवती ने योजनाबद्ध तरीके से 62.50 लाख की ऑनलाइन क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर दिया। जब मुनाफा देने का समय आया तो मोबाइल और संपर्क भी बंद कर दिया। प्रकरण की तफ्तीश एसटीएफ साइबर क्राइम थाना सेल को सौंपी गई। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए साइबर क्राइम सेल को पता चला कि युवती महज एक माध्यम है, जबकि साइबर ठगी का मुख्य साजिशकर्ता वेलमुरूगन निवासी जयनगर राकिया पल्लम पीरियूनालुर तिरुपुर तमिलनाडु का नाम सामने आया।

जिसके आधार पर साइबर क्राइम सेल ने कोयम्बटूर तमिलनाडु पुलिस की मदद से दबिश देकर आरोपी वेलमुरूगन को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी एक सिविल इंजीनियर है और फर्जी मेट्रीमोनियल वेबसाइट से लोगों को फंसाता था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## अयोध्या और गाजियाबाद में निजी विवि को मंजूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के संचालन को हरी झंडी दिखाई है, वहीं गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आशय-पत्र भी जारी किया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने इस बाबत शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने और युवाओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षण संस्थानों की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र के इन दोनों प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है।

महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट, दिल्ली द्वारा अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विवि को उप्र. निजी विवि अधिनियम, 2025 के अंतर्गत अधिसूचित करते हुए अनुज्ञा-पत्र सौंपा गया है।

# बीएनएसएस के प्रावधान ही पूर्वव्यापी रूप से अब लागू: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- मृत्युदंड या उम्र कैद मामलों में अग्रिम जमानत देने पर सीआरपीसी की रोक अब लागू नहीं
- गोलीबारी की घटना में देवरनिया बरेली में धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार करते हुए ऐसे मामलों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 438(6) के तहत लगे प्रतिबंध को हटा दिया। सीआरपीसी की धारा 438 के तहत गैरकानूनी गतिविधियां(रोकथाम) अधिनियम,1967, शासकीय गोपनीयता अधिनियम,1923, उत्तर प्रदेश गुंडागर्दी एवं सामाजिक क्रियाकलाप अधिनियम, 1986 तथा मृत्युदंड प्राप्त आरोपियों के मामलों में अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने वर्तमान मामले पर विचार करते हुए माना कि बीएनएसएस के प्रावधान राज्य संशोधन प्रतिबंधों को दरकिनार करते हुए उपरोक्त मामलों में अग्रिम जमानत पर रोक नहीं लगाते। बल्कि पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू होते हैं।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह की एकलपीठ ने 78 वर्षीय अब्दुल हमीद की दूसरी अग्रिम जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार 13 अगस्त 2011 को गिरधरपुरा गांव में गोलीबारी की घटना के कारण कई लोगों के खिलाफ पुलिस स्टेशन देवरनिया, बरेली में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। याची के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया। क्योंकि गवाहों के बयानों के अनुसार वह घटनास्थल पर मौजूद नहीं था। लेकिन सूचनाकर्ता के बयान बदलने के बाद ट्रायल कोर्ट ने वर्ष 2019 में सीआरपीसी की धारा 319 के तहत याची को तलब किया। जिसे चुनौती देते हुए याची ने डिस्चार्ज और अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की, जिसे खारिज कर दिया गया।

## नई दिल्ली में यूपीआईटीएस का हुआ मेगा रोड शो

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में एक वृहद और प्रभावशाली रोड शो का आयोजन कर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 की तैयारियों को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। अगली कड़ी में हैदराबाद, मुंबई, बेंगलुरू और अहमदाबाद में भी रोड शो होंगे। यह आयोजन प्रदेश को वैश्विक व्यापार मानचित्र पर स्थापित करने के मुख्यमंत्री योगी के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक अहम पड़ाव है।

इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इस रोड शो ने यूपी के उद्योगों, निर्यात क्षेत्रों और स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, व्यापारिक प्रतिनिधियों और दूतावास अधिकारियों के समक्ष आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया।

## चेक बाउंस होने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को एक साल का कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर आरोपी को छह माह की अतिरिक्त सजा होगी। महेंद्र सिंह लटवाल निवासी ग्राम दुर्गापाल, हल्दूचौड़ के अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया कि जुलाई 2016 में महेंद्र ने मेघश्याम सिंह रावत निवासी कृष्णा इन्कलेव कुसुमखेड़ा को 7.70 लाख रुपये की आर्थिक मदद की थी। यह रकम मेघश्याम ने व्यापार में लगाने के नाम पर ली थी। दो माह के बाद उसने महेंद्र को 7.70 लाख रुपये का बैंक चेक दिया। यह चेक बैंक में बाउंस हो गया।

# बेटा चला रहा था गाड़ी गलती से पिता पर चढ़ी, मौत

संवाददाता,बिलासपुर

- बिलासपुर क्षेत्र के खौंदलपुर गांव का मामला

**अमृत विचार:** गलती से एक पुत्र की अनियंत्रित सेंट्रो कार पिता के ऊपर चढ़ गई। इस हादसे में पिता की इलाज को लेकर जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। परिवार में हुई अचानक मौत से कोहराम मच गया है।

नगर से सटे गांव खौंदलपुर में शुक्रवार शाम एकाएक अफरा तफरी मच गई। एक अनियंत्रित सेंट्रो कार तेज रफ्तार से घर के बाहर कुर्सियों पर बैठे दो वृद्ध व्यक्तियों पर चढ़ गई। इस हादसे से मौके पर चीख पुकार मच गई। आनन फानन में घायलों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजन घायलों को उठाकर इलाज के लिए नगर के एक निजी चिकित्सालय ले गया। जहां से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया। मगर इलाज को लेकर जाते समय घायल नजीर अहमद 55 वर्षीय ने दम तोड़ दिया।दूसरे घायल को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। परिवार में हुई अचानक मौत से कोहराम मच गया।इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नजीर अहमद देर शाम अपने घर के बाहर बैठे थे।इसी बीच उनके पुत्र सलमान ने घर के बाहर खड़ी सेंट्रो कार स्टार्ट करके उसे चलाने का प्रयास किया। तभी गलती से उसके पैर से ब्रेक दबने के बजाए एक्सीलेटर दब गई।

जिससे कार अनियंत्रित हो गई। वह तेज रफ्तार से आगे बैठे पिता के ऊपर चढ़ गई। बताया कि पुत्र कार चलाना सीख रहा था। तभी अचानक से उससे यह हादसा हो गया। उधर, इस घटना से गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जल्द ही श्रीराम मंदिर से जोड़ा जाएगा सरयू रिवरफ्रंट

**अयोध्या,अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सरयू नदी के तट पर बन रहा सरयू रिवरफ्रंट अयोध्या की खूबसूरती और सुविधाओं को और बढ़ाने जा रहा है। यह रिवरफ्रंट श्रीराम मंदिर से जुड़कर पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा।

पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 23.46 करोड़ रुपये की लागत से सरयू रिवरफ्रंट का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य अयोध्या को एक ऐसी नगरी के रूप में स्थापित करना है। इसमें सीढ़ियों पर पत्थर लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त, छतरियों के फाउंडेशन का कार्य भी प्रगति पर है, जो इस परियोजना को और भव्यता प्रदान करेगा। इस रिवरफ्रंट पर श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान के साथ-साथ ध्यान, योग और अन्य आध्यात्मिक गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा, पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाएं जैसे बैठने की व्यवस्था, छायादार स्थल और सैर-सपाटे के लिए सुंदर पथ भी उपलब्ध होंगे।

# फेसबुक पर राष्ट्रीय ध्वज की अपमानजनक तस्वीरें लगाने वाले की याचिका पर जवाब -तलब

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय ध्वज की अपमानजनक तस्वीरें पोस्ट करने के मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से आपत्तिजनक पोस्ट की रंगीन तस्वीरों के साथ जवाबी हलफनामा मांगा और मामले को अगस्त के दूसरे सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दिया।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने अकील की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची ने फेसबुक पर ऐसी कोई सामग्री पोस्ट नहीं की है, जिससे भारतीय ध्वज का अनादर करने या पाकिस्तान के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने की मंशा प्रदर्शित होती हो। याची के अधिवक्ता ने आगे कहा कि याची के खिलाफ लगाए गए अपराधों में 7 साल तक की सजा का प्रावधान है, इसलिए वह जमानत पर रिहा होने का हकदार है। हालांकि याचिका का विरोध करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पाकिस्तान, तुर्की और चीन के अन्य देशों के झंडों के



विपरीत उल्टा भारतीय झंडा लगाने का कृत्य स्पष्ट रूप से राष्ट्र के प्रति अनादर प्रदर्शित करता है और अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान सहित दुश्मन देशों के हाथों भारत की हार को दर्शाता है।

अपर शासकीय अधिवक्ता ने याची द्वारा अपलोड की गई फेसबुक पोस्ट की रंगीन तस्वीरों के साथ जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले को 11 अगस्त से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध कर दिया और इस दौरान अपर शासकीय अधिवक्ता को मामले से संबंधित प्रासंगिक सामग्री रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया। बता दें कि याची के खिलाफ भारतीय ध्वज को अपमानजनक तरीके से पोस्ट करने और अप्रत्यक्ष रूप से भारत की हार को दर्शाने के आरोप में बीएनएस की धारा 152 और 197 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## उत्तराखंड में सौ से ज्यादा मार्ग बंद, जनजीवन असामान्य, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने ली जानकारी

# भारी बारिश से पहाड़ पर बढ़ी परेशानी, अलर्ट पर सरकार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में पर्वतीय क्षेत्रों में अतिवृष्टि से कहीं-कहीं जनजीवन असामान्य हो गया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्रों के अनुसार, पूरे राज्य में 105 मार्गों के बाधित होने की सूचना मिली। इन मार्गों को खोलने के लिए शुक्रवार दिन भर काम चलता रहा। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सरकार अलर्ट पर है।

राज्य में हो रही भारी बारिश रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित कर रही है। गुरुवार से हो रही भारी



बरसात से मलबा आने से चारधाम यात्रा बाधित होती रही लेकिन युद्ध स्तर पर काम करते हुए इन मार्गों को खोला जाता रहा। उत्तरकाशी जिले के कुछ गांवों में खाद्यान्न की कमी हो गई है। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की और रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम सहित आपदा के लिहाज से राज्य के संवेदनशील जिलों की स्थिति का आकलन किया।

सीएम धामी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दूरभाष के माध्यम से केदारनाथ धाम सहित राज्य के आपदा की दृष्टि से विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में हो रही अतिवृष्टि की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार की आपातकालीन राहत एजेंसियों एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) एवं आईटीबीपी (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) को तत्परता से तैनात किया जा रहा है ताकि चारधाम यात्रा बाधित न हो और श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही राज्य के अन्य संवेदनशील जिलों में भी सतत निगरानी रखते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में भी उन्होंने आश्वासन दिया।

### कहां, क्या समस्या आई सामने

शुक्रवार सुबह चट्टानों के गिरने से बद्रीनाथ राजमार्ग अवरुद्ध हो गया। हरिद्वार में गंगा, चमोली में अलकनंदा, नंदाकिनी और पिंडर, उत्तरकाशी में भागीरथी और पिथौरागढ़ जिले में काली, गोरी एवं सरयू नदियां उफान पर हैं और खतरे के निशान से बस कुछ मीटर नीचे बह रही हैं। उत्तरकाशी के बड़कोट क्षेत्र में स्यानाचट्टी में यमुना नदी के उफान से बनी झील का पानी इसके किनारों के पास स्थित मकानों और होटल में घुसना शुरू हो गया। यमुनोत्री राजमार्ग को फिर से खोलने के प्रयास चलते रहे, जो ओजरी और बनास सहित कई स्थानों पर टूट गया था।

# सिर्फ निगरानी तक सीमित रहेगा आउटसोर्स सेवा निगम

## जिस निगम का 11 लाख संविदाकर्मियों से लेकर बेरोजगार कर रहे थे इंतजार, उसका ढांचा बदल गया

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- नियुक्ति पत्र देने और 60 साल में सेवानिवृत्ति जैसे प्रावधान हटे, बन सकते थे स्थाईकरण का आधार
- एजेंसियां करेंगी तीन साल के लिए नियुक्ति, आरक्षण, वेतन-पीएफ आदि की होगी सख्त निगरानी

**अमृत विचार :** जिस आउटसोर्स सेवा निगम का राज्य के 11 लाख संविदाकर्मियों से लेकर युवा पीढ़ी को बेसब्री से इंतजार था, अब उसका ढांचा ही बदल गया है। यह निगम न पहले से काम कर रहे कार्मिकों को कोई नया नियुक्ति पत्र देगा, न ही 60 साल में सेवानिवृत्त की गारंटी। अब सिर्फ तीन साल तक नियुक्ति पत्र देने वाली आउटसोर्स एजेंसियों के चयन से लेकर उनके द्वारा समय से वेतन, नियुक्ति में आरक्षण, ईपीएफ व ईएसआई आदि मामले में सख्त निगरानी करेगा।

अमृत विचार ने एक जून के अंक में 'आउटसोर्स सेवा निगम बनाने में आड़े आ रहे श्रम कानून' शीर्षक से सारी स्थितियां स्पष्ट कर दी थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गुरुवार की देर शाम हुई उच्चस्तरीय बैठक में इसपर मुहर भी लग गई। मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि आटसोर्स सेवा निगम को रेगुलेटरी बॉडी की भूमिका में रखा जाए जो एजेंसियों की कार्यप्रणाली की निगरानी करे और नियमों के उल्लंघन पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबारमेंट, पेनाल्टी और वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करे।

हालांकि मुख्यमंत्री योगी ने इस साल फरवरी माह के विधानसभा सत्र में संविदा कार्मिकों की पीड़ा गिनाकर उन्हें शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए जब आउटसोर्स एजेंसियों को समाप्त करके आउटसोर्स सेवा निगम बनाने का एलान किया था, तो बेरोजगार युवकों ने खासा उत्साह दिखाया। इसका एक शासनादेश भी सामने आया, जिसमें कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत गैर लाभकारी उद्देश्यों वाले इस निगम के गठन का ब्योरा था।

इसमें मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निदेशक मंडल, उसके कार्य-अधिकार, कर्तव्य, नियमावली यानि सीमा नियम और अंतर्नियम के प्रावधान और इसी अनुरूप शासन, प्रशासन, निदेशालय, नगर निगम, स्थानीय निकाय, सरकारी संस्थाएं, सरकार से अनुदानित संस्थाओं, मंडल और जिला स्तर बनीं समितियों के जरिए चार श्रेणी के कार्मिकों को कुल 93 विभागों में नियुक्ति का मसौदा था। साथ ही निगम के संचालन व प्रशासन की पूरी गाइडलाइन थी।

### अप्रैल में हुई बैठक में उठे थे सवाल

मुख्यमंत्री की आउटसोर्स सेवा निगम को लेकर 25 अप्रैल को मुख्य सचिव समेत आउटसोर्स सेवा निगम का सीमा नियम (मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन) और अंतर्नियम (आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन) बनाने की जिम्मेदारी निभा रहे सचिवालय प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, न्याय विभाग और श्रम विभाग के एसीएस व प्रमुख सचिव के साथ हुई बैठक में ही श्रम कानूनों के मद्देनजर सवाल उठे थे।

### आपत्ति के बाद आउटसोर्स सेवा निगम का बदला चेहरा

दरअसल सरकारी विभागों और संस्थाओं में कार्यरत करीब 11 लाख संविदा कार्मिक कहीं 11 माह तो कहीं अधिकतम तीन साल के लिए एग्रीमेंट पर कार्यरत हैं। ऐसे में नए मानदेय पर 60 साल उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत आउटसोर्स सेवा निगम की ओर से प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर (एलआईपी) जनरेट करके संबंधित विभाग की चयन समितियों के अध्यक्ष के डिजिटल हस्ताक्षर से संबंधित कार्मिक देने की व्यवस्था से न्याय व श्रम विभाग सहमत नहीं हुआ। उनका तर्क था कि आउटसोर्स एजेंसी को बाहर करते ही नए नियमों पर नियुक्त कर्मी सरकारी विभाग में स्थाई कर्मी का दावेदार होगा। साथ ही, वह समान पद पर समान वेतन का दावा भी श्रम न्यायालयों से लेकर हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कर सकता है।

## एक नजर

### हर जिले में बढ़ेगी जन औषधि केंद्रों की संख्या

अमृत विचार, लखनऊ : भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का राज्य में संचालन स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज़) द्वारा किया जाएगा। राज्य सरकार ने शुक्रवार को साचीज को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। यह जानकारी साचीज की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अर्चना वर्मा ने दी, उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब तक 793 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। उप्र. शासन का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी जिलों में कुल 1,110 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण नॉन-ब्रांडेड जेनरिक दवाएं बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है।

### खाद की किल्लत नहीं 27 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध

**अमृत विचार , लखनऊ :** प्रदेश के कई जिलों से खाद की कालाबाजारी किए जाने की आ रही सूचनाओं के बीच राज्य सरकार ने दावा किया है कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए अब तक 27 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध हो चुकी है।

10 लाख मीट्रिक टन यूरिया और आपूर्ति की जा रही है, कुल उपलब्धता 37 लाख मीट्रिक टन तक रहेगी। पिछले वर्ष खरीफ में 32.84 लाख मीट्रिक टन यूरिया की खपत हुई थी, इस बार अधिक स्टॉक मौजूद है। कृषि मंत्री एसपी शाही ने लोकभवन में पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी।

# हर जिले में पांच शीर्ष सेक्टरों की तलाश, पहले ट्रेनिंग फिर नौकरी

## युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार को नई पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रमुख सेक्टरों में कार्यरत अग्रणी कंपनियों के साथ समन्वय कर दी जाएगी युवाओं को ट्रेनिंग

**अमृत विचार :** राज्य सरकार को तलाश है हर जिले में पांच ऐसे शीर्ष सेक्टरों की जहां पहले युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी और फिर नौकरी। जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारियों के जरिए यह योजना बनाई जा रही है।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नई पहल शुरू की गई है। इस कवायद में प्रमुख सेक्टरों में कार्यरत अग्रणी कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर युवाओं को रोजगार से पहले ट्रेनिंग दी जाएगी। उद्देश्य राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का है। दरअसल, राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उद्योगों की वास्तविक मांग के अनुसार प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने के उद्देश्य से उप्र. कौशल विकास मिशन ने एक नई रणनीति की शुरुआत की है। इस रणनीति के अंतर्गत पहली बार मिशन द्वारा जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारियों के माध्यम से कार्य योजना बनाई जा रही है। मुख्य विकास अधिकारियों को 26 सेक्टर की सूची दे दी गई है जिसमें से 5 सेक्टर को चयनित करना है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि सभी 75 जिलों में जिला प्रशासन की सहायता से शीर्ष सेक्टर्स की पहचान कर उनमें स्थानीय उद्योगों की मांग, रोजगार की संभावनाएं तथा तकनीकी दक्षता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जा रहा है। इसके बाद, इन कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर युवाओं को उनकी मांग के अनुरूप ट्रेनिंग दी जाएगी और ट्रेंड युवाओं को इन इकाइयों में सीधे रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे युवाओं को अपने ही जिले में गुणवत्तापूर्ण रोजगार मिलेगा। युवाओं को अपने घर के निकट ही रोजगार प्राप्त होगा।

कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने के मुताबिक, अभियान को अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध ढंग से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। हर चरण में जिलास्तर पर उद्योगों, प्रशासनिक अधिकारियों, प्रशिक्षण प्रदाताओं और मिशन टीम के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। इस अभियान की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

### शासन की ओर से निर्देश जारी

शासन की ओर से शुक्रवार को निर्देश दे दिया गया कि मुख्य विकास अधिकारी जिलों के उद्योगों के साथ समन्वय स्थापित कर मांग आधारित सेक्टरों और इकाइयों की पहचान शीघ्र सुनिश्चित कर लें, ताकि ट्रेनिंग प्रोगाम को समय से शुरू किया जा सके। यह योजना केवल ट्रेनिंग तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को उद्योग-समन्वित कौशल प्रदान करना है, जिससे उन्हें प्रशिक्षुता, इंटर्नशिप और स्थायी रोजगार से सीधे जोड़ा जा सके।

### आठ जिलों में बनेंगे आयुष अस्पताल

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में नेशनल आयुष मिशन उत्तर प्रदेश की 11वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक हुई। शुक्रवार को लोकभवन में हुई इस बैठक में आयुष सेवाओं के लिए 519.70 करोड़ रुपये, आयुष शिक्षा संस्थानों के लिए 86.17 करोड़ रुपये, फ्लैक्सी पूल के लिए 30.92 करोड़ रुपये और व्यवस्थापन लागत के लिए 15.01 करोड़ रुपये सहित कुल 651.81 करोड़ रुपये की राज्य वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 को स्वीकृति मिली।

आयुष सेवाओं में 19448 लाख रुपये नये प्रस्तावों, 214.78 करोड़ रुपये आवर्ती व्यय (आयुष दवाइयां, मानव संसाधन आदि), 110.43 करोड़ रुपये पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं की शेष राशि (अनावर्ती) पर व्यय किये जायेंगे। नवीन प्रस्तावों के तहत गाजीपुर, चित्रकूट, भदोही, महाराजगंज, फिरोजाबाद, सीतापुर, बहराइच और चंदौली में 8 नए 50 बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पताल स्थापित किए जाएंगे।

# पैमाइश और मेड़बंदी जैसे मामलों में न दिखे उदासीनता : मुख्यमंत्री



प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों से अपने लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने 45 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को किया सचेत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र दिया है। कहा कि भूमि विवाद, पैमाइश और मेड़बंदी जैसे मामलों में उदासीनता न दिखे। इनमें देरी से जनता में निराशा आती है। लोगों को त्वरित न्याय दिलाना कार्यशैली का हिस्सा होना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने आवास पर शुक्रवार को पीसीएस 2022 बैच के 7 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि यूपी जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना, बड़ी चुनौतियों से भरा है। यह चुनौतियां ही आपके व्यक्तित्व को निखारेंगी। योगी प्रशिक्षण के उपरांत प्रारंभिक 5-6 वर्षों का व्यवहार, दृष्टिकोण और कार्यशैली आने वाले तीन-चार दशकों की दिशा तय कर देता है।

# आरोपी डॉक्टर व कर्मियों पर कसी नकेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्राइवेट प्रैक्टिस करने वालों की होगी जांच : ब्रजेश पाठक
- महिला चिकित्सक पर निजी प्रैक्टिस करने का आरोप
- मरीजों से अवैध वसूली के आरोप में नर्स निलंबित

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मरीजों से अवैध वसूली के आरोपों में फर्रुखाबाद स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात उपचारिका (नर्स) को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में महिला डॉक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

उप मुख्यमंत्री ने मेडिकल संस्थान में डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की शिकायतों को संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। मालूम हो कि फर्रुखाबाद स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात नर्स विदेह कुमारी पर मरीजों से अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। साथ ही अस्पताल में अराजकता फैलाने के भी आरोप हैं। शिकायतों का उप मुख्यमंत्री ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया। नर्स को निलंबित करते हुए बहराइच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनाती के आदेश दिए गए हैं। साथ ही प्रमुख सचिव को निर्देश दिए हैं कि नर्स को आरोप पत्र देकर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए।

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि कुशीनगर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आब्स एण्ड गायनी विभाग में सहायक आचार्य के पद पर तैनात डॉ. रूचिका सिंह पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को डॉ. रूचिका के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि आजमगढ़ सीएचसी में तैनात डॉ. सुरजीत सिंह द्वारा हरदोई के जिला चिकित्सालय में तैनाती के दौरान मरीजों से दुर्व्यवहार एवं दूसरी गम्भीर शिकायतें मिली हैं। डॉ. सुरजीत पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

प्रमुख सचिव ने बताया कि बहराइच की पीएचसी गंगवल में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. विकास वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-पयागपुर में गलत मेडिकल सर्टिफिकेट बनाया था। जांच के बाद डॉ. विकास की एक वेतनवृद्धि एक वर्ष के रोकते हुए परिनिंदा का दंड दिया गया है। उधर, हमीरपुर मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ. गीतम सिंह ने महोबा में उप्र विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासनिक विलंब समिति की बीते 25 अप्रैल की बैठक में सूचना सहित प्रतिभाग न किये जाने के आरोप लगे हैं। यह शासकीय व पदीय दायित्वों में लापरवाही एवं उदासीनता है। लिहाजा डॉ. गीतम से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

### मरीजों से अभद्रता पर स्पष्टीकरण तलब

रायबरेली के खीरों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. इफ्तिखार अहमद पर महिला रोगियों से अभद्रता किये जाने के आरोप हैं। उच्चादेशों की अवहेलना करने का भी आरोप है। डॉ. इफ्तिखार से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### लॉटरी से नियुक्ति पर मायावती ने उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर बिहार में पटना विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में 'लॉटरी सिस्टम' से प्रधानाचार्य व शिक्षकों की नियुक्ति किए जाने की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्राधानाचार्य की नियुक्तियों को सही ठहराना, क्या इस व्यवस्था को भाजपा-शासित अन्य राज्यों में भी लागू होगी।

# पंचायत चुनाव में अति पिछड़ी जातियों को मिले अलग से कोटा : राजभर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायती राजमंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को पार्टी के महासचिव अरूण राजभर के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात के दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी और अनुसूचित जाति आरक्षण में इन वर्गों की अति व सर्वाधिक पिछड़ी जातियों को अलग से कोटा दिए जाने की मांग उठाई। साथ ही कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उनके सामने प्रस्ताव रखेंगे।

लंबे समय से ओबीसी के आरक्षण कोटे में बंटवारे की मांग करने वाले कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का कहना है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी और अनुसूचित जाति में अति व सर्वाधिक पिछड़ी जातियों के लिए अलग से सीटें आरक्षित किया जाना समय की मांग है।

# पीड़िता के कपड़े उतारना दुराचार का ही प्रयास: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,लखनऊ

- सत्र अदालत ने अभियुक्त को दस साल जेल की सजा सुनाई थी

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दुराचार के प्रयास के एक मामले में अभियुक्त को सत्र अदालत से मिली सजा को बरकरार रखते हुए कहा है कि पीड़िता के कपड़े उतारना दुराचार का प्रयास ही है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति रजनीश कुमार की एकल पीठ ने प्रदीप कुमार उर्फ पप्पू उर्फ भूरिया की अपील को खारिज करते हुए दिया। मामला अलीगंज थाना क्षेत्र का है।

वर्ष 2004 में एफआईआर दर्ज कराते हुए पीड़िता की मां ने आरोप लगाया था कि उसकी 16 साल की बेटी को अभियुक्त बहला-फुसला कर भगा ले गया है। दौरान विवेचना पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया, पीड़िता ने भी अपने बयान में अभियुक्त पर जबरन उसे ले जाने व रिश्तेदार के घर 20 दिनों तक रखने तथा उसके कपड़े उतार के दुराचार करने के प्रयास की बात कही। सत्र अदालत ने अभियुक्त को दस साल कारावास की सजा सुनाई थी।वहीं, अभियुक्त की ओर से दलील दी गई कि पीड़िता व अभियुक्त के पहले से प्रेम सम्बंध थे।

यह भी कहा गया कि अभियोजन के आरोप यदि सिर्फ बहस के लिए मान भी लिया जाए तो अभियुक्त पर सिर्फ कपड़े उतारने का आरोप है। इसे लज्जा भंग का अपराध माना जा सकता है, लेकिन दुराचार के प्रयास का नहीं। कोर्ट ने इस दलील को अस्वीकार कर दिया व कहा कि पीड़िता के बयान से स्पष्ट है कि अभियुक्त ने उसके कपड़े उतारे। लेकिन उसके विरोध के चलते वह शारीरिक सम्बंध नहीं बना सका। लिहाजा अभियुक्त के इस कृत्य को दुराचार का प्रयास ही माना जाएगा।


## वर्ग पहेली-22

**बाएं से दाएं**

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है; पहाड़ी।
5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।
6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।
8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।
3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।
4. 1. मोटी
7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।



### वर्ग पहेली -21 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मं | था | न | ■ | 2 सं | पा | त |
| दि | ■ | ■ | ■ | को | ■ | ■ |
| र | ■ | ■ | ■ | च | ■ | 3 गो |
| ■ | 4 अ | पो | 5 ह | न | ■ | टी |
| ■ | भि | ■ | म | ■ | 6 ठे | ■ |
| 7 ख | जा | ■ | 8 पा | ठि | क | ■ |
| ■ | त | ■ | या | ■ | ना | ■ |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी-18 .58 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** – आज व्यापार को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन को विवाह को लेकर प्रपोज कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों के बीच आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे।

**वृष** – आज भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

**मिथुन** – आज आपके व्यक्तित्व में सुधार आयेगा। दांपत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कर्क** – आज पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश क्रोधित हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी समस्या होगी। किसी बड़े कार्य की योजना बनायेंगे। अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**सिंह** – आज प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। जॉब में उच्चाधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है। अचानक घर में मेहमान आ सकते हैं।

**कन्या** – आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। प्रेम संबंधों में समस्या का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का वातावरण अत्यधिक अनुशासित रहने वाला है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। गुमी वस्तु आज आपको वापस मिल सकती है। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। बुरी संगत से आपको बचना चाहिए। सोच-विचार में अधिक समय व्यर्थ न गंवाएं। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। क्रोध के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें।

**धनु** – आज आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। मित्र आपकी अत्यधिक सहायता करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। दिन शांति और सुकून से व्यतीत होगा। लोग आपके विचारों को अत्यधिक महत्व देंगे।

**मकर** – आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत सक्रिय रहेंगे। लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**कुंभ** – आज धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है। आत्मिक सुख की अनुभूति होगी। जीवनसाथी का सहयोग आपको आह्लादित करेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी रोमांचक रहने वाला है।

**मीन** – आज दिन की शुरुआत काफी नकारात्मक रहने वाली है। नया कार्य आरंभ करने में कठिनाइयां हो सकती हैं। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में टोका-टाकी न करें। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए।

## आज का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| के. 5 मं. | बु. 4 | 3 सू. गु. | 2 शु. |
| 6 | 9 | 12 श. | 1 |
| 7 चं. | 8 | 10 | 11 रा. |

दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 19 .51 तक तत्पश्चात विशाखा।

## सुडोकू -29

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 3 | | | |
| | 8 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| 9 | | 7 | | 5 | 1 | | 8 | 6 |
| | | 2 | 3 | 9 | | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | 4 | 7 | 8 | | |
| 6 | 1 | | 5 | 2 | | 7 | | 9 |
| | 5 | | 8 | | 9 | | 4 | |
| | | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 28 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 5 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 | 3 |


# अमेरिका से व्यापार समझौता 9 जुलाई से पहले

## कृषि और वाहन क्षेत्र के कुछ लंबित मुद्दे अब भी सुलझाने की जरूरत, चर्चा जारी रहेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत के बाद भारतीय दल वाशिंगटन से लौट आया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस समझौते को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है, लेकिन कृषि और वाहन सेक्टर में कुछ मुद्दों को अभी भी सुलझाए जाने की जरूरत है, इसलिए चर्चा जारी रहेगी। भारतीय दल का नेतृत्व मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल कर रहे हैं। वे वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव हैं।

अधिकारी ने कहा कि वार्ता अंतिम चरण में है और इसके निष्कर्ष की घोषणा 9 जुलाई से पहले होने की उम्मीद है, जो भारत सहित कई देशों पर लगाए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के जवाबी शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन की अवधि का अंतिम दिन है। अधिकारी ने कहा, भारतीय टीम वाशिंगटन से आ गई है। वार्ता जारी रहेगी। कृषि और वाहन क्षेत्रों में कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हल करने की जरूरत है। भारत ने वाहन क्षेत्र में 25% शुल्क का मुद्दा उठाया है। इसने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की सुरक्षा समिति में इस मामले को उठाया है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को यह भी बताया है कि उसने इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखा है।



● अंतरिम व्यापार समझौते पर वार्ता के बाद भारतीय दल लौटा

भारत ने विश्व व्यापार संगठन को भेजे पत्र में कहा है कि 26 मार्च, 2025 को अमेरिका ने भारत में बने या वहां से आयातित यात्री वाहनों और हल्के ट्रकों तथा कुछ वाहन कलपुर्जों के आयात पर 25% मूल्यानुसार शुल्क वृद्धि के रूप में एक उपाय अपनाया है। वाहन कलपुर्जों पर यह उपाय 3 मई, 2025 से असीमित अवधि के लिए लागू होगा। पिछले साल अमेरिका ने वैश्विक स्तर पर 89 अरब डॉलर के वाहन कलपुर्जों का आयात किया। इसमें मेक्सिको का हिस्सा 36 अरब डॉलर, चीन का 10.1 अरब डॉलर और भारत का हिस्सा सिर्फ 2.2 अरब डॉलर का था। कृषि क्षेत्र में, अमेरिका डेयरी उत्पादों, सेब, वृक्षों से प्राप्त मेवों और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों जैसे उत्पादों पर शुल्क रियायतें चाहता है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण, भारत के लिए कृषि क्षेत्र में कोई रियायत देना कठिन और चुनौतीपूर्ण होगा। भारत ने अब तक जितने भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, उनमें से किसी भी व्यापारिक साझेदार के लिए डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है।

### समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं, राष्ट्र हित सबसे ऊपर: गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत समयसीमा के आधार पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है और अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब यह पूरी तरह अंतिम रूप ले लेगा, ठीक से संपन्न होगा और राष्ट्रहित में होगा। गोयल ने कहा कि भारत यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, अमेरिका, चिली और पेरू सहित विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर कहा कि यह एफटीए तभी संभव है जब यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद हो। गोयल ने कहा, राष्ट्रीय हित हमेशा सबसे ऊपर होना चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए यदि कोई समझौता होता है तो भारत विकसित देशों के साथ करार करने को तैयार है। गोयल ने कहा, भारत कभी भी समयसीमा या निर्धारित समय पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है। जब समझौता अच्छी तरह होगा, पूरी तरह से अंतिम रूप ले लेगा और देश के हित में होगा, तभी हम इसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल व्यापार वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की कोई योजना नहीं है।

# क्रिप्टोकरेंसी : डिजिटल वित्त की नई दिशा




क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या वर्चुअल मुद्रा है, जो क्रिप्टोग्राफी तकनीक पर आधारित होती है और सरकार या केंद्रीय बैंक के नियंत्रण से मुक्त होती है। यह विकेन्द्रीकृत प्रणाली से संचालित होती है, जिसमें ब्लॉकचेन तकनीक से लेनदेन को सुरक्षित और पारदर्शी रूप से रिकॉर्ड किया जाता है। बिटकॉइन, एथेरियम, और लाइटकॉइन जैसे कई क्रिप्टोकरेंसी बाजार में उपलब्ध हैं। इसका उपयोग ऑनलाइन भुगतान, निवेश और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए किया जाता है।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल मुद्रा है, जिसे सुरक्षित करने को क्रिप्टोग्राफी (गोपनीय गणना) का उपयोग होता है। यह इंटरनेट पर आधारित होती है और इसका संचालन किसी भी केंद्रीय संस्था जैसे बैंक या सरकार के नियंत्रण में नहीं होता।

### ब्लॉकचेन तकनीक

क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित होती हैं, जो एक ओपन, पारदर्शी और सुरक्षित डिजिटल बहीखाता होता है। इसमें हर लेनदेन का रिकॉर्ड एक ब्लॉक में दर्ज होता है और ये ब्लॉक आपस में शृंखला (चेन) के रूप में जुड़े रहते हैं।

### प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी

- **बिटकॉइन** : पहली और सबसे प्रसिद्ध क्रिप्टोकरेंसी।
- **एथेरियम** : स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए लोकप्रिय।
- **लाइटकॉइन**, रिपल, डोजकॉइन आदि भी अन्य प्रमुख क्रिप्टो टोकन हैं।

### इसका उपयोग

● ऑनलाइन भुगतान और खरीदारी ● अंतर्राष्ट्रीय फंड ट्रांसफर ● निवेश और ट्रेडिंग ● स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स और डीऐप्स (विकेन्द्रीकृत ऐप्स)

### निवेश के लाभ

तेजी से और सस्ते लेनदेन, बिचौलियों की आवश्यकता नहीं, गोपनीयता और पारदर्शिता, वैश्विक पहुंच और नियंत्रण से मुक्ति।

### जोखिम का दें ध्यान

कीमत में उतार-चढ़ाव, कानूनी स्थिति अस्पष्ट (कुछ देशों में प्रतिबंधित), साइबर हमलों और धोखाधड़ी का खतरा, तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता

# सेबी ने हेरफेर पर जेन स्ट्रीट पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट को प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित कर दिया है और कंपनी को 4,843 करोड़ रुपये के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश दिया है। यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा निर्देशित अब तक की सबसे अधिक वसूली गई राशि हो सकती है।

कंपनी पर सूचकांक विकल्पों में भारी मुनाफा कमाने के लिए समाप्ति के दिनों में सूचकांक स्तर में कथित रूप से हेरफेर करने का आरोप है। सेबी ने अंतरिम आदेश में जेएसआई इन्वेस्टमेंट्स, जेएसआई2 इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड और जेन स्ट्रीट ग्रुप (जेएस ग्रुप) की जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग (ऑनलाइन कारोबार) को बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। जेन स्ट्रीट ग्रुप की स्थापना 2000 में हुई थी। यह एलएलसी वित्तीय सेवा उद्योग में एक वैश्विक स्वामित्व वाली 'ट्रेडिंग' कंपनी है। यह अमेरिका, यूरोप और एशिया में 5 कार्यालयों में 2,600 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती है और 45 देशों में ट्रेडिंग का संचालन करती है। सेबी द्वारा गुरुवार को पारित अंतरिम आदेश के अनुसार, जेएस समूह की संस्थाओं ने एनएसई के सभी उत्पाद श्रेणियों और खंडों में जनवरी 2023 से मार्च 2025 तक एनएसई पर सूचकांक विकल्पों से 44,358 करोड़ से अधिक का मुनाफा कमाया। संस्थाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से धोखाधड़ी, हेरफेर या अनुचित व्यापार में शामिल होने या किसी ऐसी गतिविधि में शामिल होने से बचने का निर्देश दिया गया, जो मानदंडों का उल्लंघन करती हो।



● अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी को 4,843 करोड़ के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश

# ट्राई ने निर्यात को बने फोन में विदेशी सिम के प्रयोग की रूपरेखा पर मांगे सुझाव

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने केवल निर्यात को बनाए गए संचार उपकरणों में विदेशी सिम के उपयोग की अनुमति देने को लेकर एक प्रारूप बनाने के संबंध में शुक्रवार को परामर्श पत्र जारी किया। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने उद्योग जगत के अनुरोध पर दूरसंचार विभाग की तरफ से मांगे परामर्श पर यह पत्र जारी किया है।

परामर्श पत्र 'निर्यात उद्देश्यों के लिए बनाए उपकरणों में उपयोग के लिए विदेशी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के सिम/ ई-सिम कार्ड की बिक्री के लिए नियामकीय रूपरेखा पर केंद्रित है। ट्राई ने कहा कि यह पत्र उसकी वेबसाइट पर है। मौजूदा नियमों के तहत, विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों द्वारा उपयोग के लिए विदेशी दूरसंचार परिचालकों के सिम की बिक्री की अनुमति है।

# आईटीसी फर्जीवाड़ा रोकने पर जीओएम ने की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के राजस्व विश्लेषण पर गठित मंत्री-समूह (जीओएम) की शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की आईटीसी(इनपुट टैक्स क्रेडिट) धोखाधड़ी रोकने के लिए क्षेत्र-विशिष्ट सुधारात्मक कदमों पर चर्चा की गई।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में गठित जीओएम ने जीएसटी लागू होने से पहले और बाद के राजस्व रुझानों, इलेक्ट्रॉनिक बिल और उत्पादों के स्रोत एवं गंतव्य की निगरानी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली में सुधार पर तुलनात्मक विश्लेषण पर चर्चा की। मंत्री समूह ने राजस्व बढ़ाने के लिए राज्य-विशिष्ट नीतिगत सुझावों और जीएसटी चोरी को रोकने के लिए केंद्र और राज्य कर प्रशासन के बीच समन्वय पर भी चर्चा की।



● जीएसटी विश्लेषण को गठित मंत्री-समूह की बैठक में राजस्व प्रवृत्तियों की समीक्षा

सावंत ने एक्स पर कहा, जीएसटी राजस्व विश्लेषण पर बने जीओएम की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें राज्यवार राजस्व प्रवृत्तियों की समीक्षा हुई और बेहतर जीएसटी संग्रह के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों को चिह्नित किया गया। जीओएम ने जीएसटी के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावों में की जाने वाली धोखाधड़ी को प्रमुख मुद्दा बताया और राज्यों ने इसे रोकने के लिए उपाय सुझाए। अधिकारियों ने कहा कि मंत्री समूह ने दो लाख करोड़ की आईटीसी धोखाधड़ी को चिह्नित किया, जिसमें गुजरात, तेलंगाना और राजस्थान जैसे राज्यों ने जीएसटी राजस्व बढ़ाने के तरीकों पर प्रस्तुतियां दीं। जीओएम की जल्द दोबारा बैठक होगी और वह जीएसटी परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। जीएसटी संबंधी मामलों में शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद ने मार्च में जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण पर जीओएम बनाया था।



# हम धर्मनिरपेक्ष, कांग्रेस सांप्रदायिक पार्टी : रीजीजू

## केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर मुसलमानों को वोटबैंक बनाए रखने व गुमराह करने का लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कांग्रेस पर मुसलमानों को वोटबैंक बनाए रखने के लिए उनकी गरीबी दूर न करने तथा गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असल में भाजपा धर्मनिरपेक्ष है और मुख्य विपक्षी दल तथा उसकी सहयोगी पार्टियां सबसे बड़े सांप्रदायिक हैं।

उन्होंने हज समीक्षा बैठक के बाद यह भी कहा कि वोटबैंक बनने से मुसलमानों को नुकसान हुआ और कांग्रेस को इसका राजनीतिक फायदा। रीजीजू ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों के हमले पर पलटवार करते हुए कहा कि लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे देश में 6 अल्पसंख्यक समुदाय हैं और कांग्रेस उन्हें डराने तथा गुमराह करने की कोशिश नहीं करे। उनका कहना था, यहां किसी को कोई दिक्कत नहीं है। अल्पसंख्यकों को वही सुविधा मिलती है जो हिंदुओं को मिलती है। अल्पसंख्यकों को अतिरिक्त संरक्षण मिलता है। दुनिया का कोई देश अल्पसंख्यकों को इतनी सुविधा नहीं देता है। राजनीतिक लाभ उठाने के लिए राजनीतिक खेल खेला जा रहा है जो ठीक नही है।

रीजीजू ने दावा किया, मुसलमानों को गरीब कांग्रेस ने बनाया है। बिहार में एआईएमआईएम द्वारा महागठबंधन में शामिल होने की पेशकश पर मंत्री ने कहा, सेकुलर हम हैं जो धर्म और जाति देखकर काम नहीं करते हैं। सबसे बड़ी कम्यूनल पार्टी कांग्रेस और ये लोग हैं जो मुसलमानों को डराकर, उनकी गरीब दूर न कर उनका वोट हासिल करते हैं।



● हज समीक्षा बैठक में शामिल हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

### हमने हज का सर्वश्रेष्ठ आयोजन किया, अगले साल और सुधार करेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि 2025 में हज का अब तक का सबसे बेहतरीन आयोजन हुआ तथा अगले साल उनका मंत्रालय इसमें और सुधार करने का प्रयास करेगा। उन्होंने बताया कि इस साल हज के दौरान 64 भारतीय हजयात्रियों की मौत हुई जबकि 2024 में 200 से अधिक की मृत्यु हुई थी। हज समीक्षा बैठक के बाद रीजीजू ने कहा कि जिंदगी में एक बार हज करना हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है और इसको पूरा करने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र को लेकर चल रही है। 2026 के हज के लिए आवेदन जल्द शुरू होगा और इस यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों को जल्द से जल्द आवेदन करना चाहिए। रीजीजू ने कहा, इस बार कुल 64 लोगों की मौत हुई, पिछली बार 200 से अधिक जानें गई थीं।

# हिमाचल-उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी दो हफ्ते में 45 लोगों की मौत, कई हुए लापता

नई दिल्ली, एजेंसी

दो सप्ताह में हिमाचल में हो रही बारिश की घटनाओं में 43 लोगों की मौत हो गई है और 37 लोग लापता हैं। वहीं, गुरुवार को उत्तराखंड के भीमताल में उफनती झील में भारतीय वायुसेना के दो कर्मी डूब गए। ओडिशा के भुवनेश्वर में निचले इलाकों में जलभराव से लोग परेशान रहे।

हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून को दस्तक दी तथा बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से राज्य को अब तक 5,000 करोड़ का नुकसान हो चुका है। राज्य में जान गंवाने वाले 43 लोगों में से 14 की मौत बादल फटने से, 8 की अचानक आई बाढ़ में और एक की मौत भूस्खलन में हुई, जबकि 7 लोगों की डूबने से मौत हुई। सबसे अधिक 17 मौतें मंडी जिले में हुईं, जहां मंगलवार को बादल फटने, अचानक आई बाढ़ तथा भूस्खलन की 10 घटनाओं ने तबाही मचाई। वहीं भारी बारिश उत्तराखंड में चारधाम यात्रा बाधित हुई है और उत्तरकाशी के कई गांवों में खाद्यान्न की कमी हो गई है।

### अमित शाह को सीएम धामी ने स्थिति से कराया अवगत

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की और केदारनाथ धाम सहित आपदा के लिहाज से राज्य के संवेदनशील जिलों की स्थिति का जायजा लिया। धामी ने एक्स पर कहा कि गृह मंत्री ने आश्वासन दिया कि केंद्र की आपातकालीन राहत एजेंसियों एनडीआरएफ/आईटीबीपी (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) आदि को तैनात किया जाए ताकि चारधाम यात्रा बाधित न हो और श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।

### कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी

स्थानीय मौसम विभाग ने 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है, जिसमें शनिवार से मंगलवार तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि पर्वतीय राज्य उत्तराखंड में भारी बारिश के बीच भीमताल में उफनती झील में भारतीय वायुसेना के दो कर्मी डूब गए। क्षेत्राधिकारी प्रमोद शाह ने बताया कि पठानकोट (पंजाब) के प्रिंस यादव (22) और बिहार के मुजफ्फरपुर के साहिल (23) वायुसेना के 8 कर्मियों के उस समूह में शामिल थे जो नैनीताल में छुट्टियां मनाने गया था। करीब एक घंटे बाद यादव और कुमार के शवों को झील से बाहर निकाल लिया गया।

## एक नजर

### हिमाचल:सिलेंडर विस्फोट में मुरादाबाद के मजदूर की मौत

**हमीरपुर (हिप्र)।** हमीरपुर के जल शक्ति विभाग के पंप हाउस में रसोई गैस सिलेंडर फटने से मुरादाबाद निवासी प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि कमरे में मौजूद 6 अन्य मजदूर बाहर निकलने में सफल रहे। मजदूरों का समूह गुरुवार शाम हमीरपुर पहुंचा और उखली गांव में जल शक्ति विभाग के पंप हाउस के कमरे में ठहरा था। जब विस्फोट हुआ तब मजदूर खाना बना रहे थे। हादसे में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कमरे में मौजूद छह अन्य बाहर भागने में सफल रहे।

### पीसीआई प्रमुख के परिसरों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय भेषजी परिषद (पीसीआई) के अध्यक्ष मोंटू एम पटेल के परिसरों पर छापेमारी की है, जिनके खिलाफ फार्मेसी कॉलेजों के निरीक्षण और अनुमोदन प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार एवं प्रणालीगत अनियमितताओं के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

### झारखंड के पूर्व मंत्री साव के खिलाफ ईडी के छापे

**रांची।** ईडी ने झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ अवैध रेत खनन और जबरन वसूली से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को कई स्थानों पर छापे मारे। हजारीबाग और रांची में सुबह ही कम से कम आठ ठिकानों पर छापे मारे गए। सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

## भारी बारिश से बाढ़, डूबे ट्रक




मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुई भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया। तेज बहाव में सड़क पर खड़े ट्रक पानी में डूबे हुए नजर आए। बाढ़ जैसे हालात से जनजीवन प्रभावित हो गया है, जिस पर प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। एजेंसी

# नेशनल हेराल्ड : सोनिया के वकील ने ईडी के मामले को अजीब बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को कहा कि ईडी का मामला वास्तव में एक अजीब मामला है। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू द्वारा 3 जुलाई को मामले में दायर आरोपपत्र के बिंदु पर दलीलें पूरी किए जाने के बाद सिंघवी ने यह बात कही।

सिंघवी ने कहा, यह बिना किसी संपत्ति, बिना किसी उपयोग या संपत्ति प्रयोजन के, धनशोधन का एक कथित मामला है। ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की 2,000 करोड़ की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण पर साजिश व धनशोधन का आरोप लगाया है।



● ईडी के आरोपपत्र पर कोर्ट में सिंघवी ने कहा- बिना किसी संपत्ति के धनशोधन का यह एक कथित मामला है

# ईडी ने की रान्या राव की 34 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** ईडी ने सोना तस्करी से जुड़े धन शोधन के मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की 34 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने कार्रवाई करते हुए विक्टोरिया लेआउट में एक आवास और बेंगलुरु के अर्कावती लेआउट में एक आवासीय भूखंड, तुमकुर में एक औद्योगिक भूखंड और अनेकल तालुक में एक कृषि भूमि को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जब्त किया गया है। इन संपत्तियों का कुल बाजार मूल्य लगभग 34.12 करोड़ रुपये है। कन्नड़ अभिनेत्री राव को तीन मार्च को दुबई से आने के बाद बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था।



# निजी मेडिकल कॉलेजों के नियामक ढांचे में हेरफेर

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के अधिकारियों, बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, जो भ्रष्टाचार और मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे में हेरफेर सहित कई कृत्यों में शामिल थे।

एजेंसी ने प्राथमिकी में 34 लोगों के नाम दर्ज किए हैं, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के 8, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण का एक अधिकारी और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के निरीक्षण दल से जुड़े 5 डॉक्टर शामिल हैं। टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के चेयरमैन डी पी सिंह, गीतांजलि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मयूर रावल, रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के चेयरमैन रविशंकर जी महाराज और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया का नाम भी प्राथमिकी में शामिल है।

● सीबीआई ने सरकारी अधिकारियों समेत 34 पर दर्ज किया मामला

# मणिपुर के पहाड़ी जिलों में 200 से अधिक हथियार बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के 4 पहाड़ी जिलों में सुरक्षा बलों 200 से अधिक हथियार और युद्ध संबंधी सामग्री बरामद किए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संयुक्त अभियान में बरामद विस्फोटकों में इंसास राइफलें, सेल्फ-लोडिंग राइफलें (एसएलआर) और परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) शामिल थे। एडीजीपी लहरी दोरजी ल्हाटू ने कहा, कई स्थानों पर हथियार छिपाकर रखे जाने की जानकारी पर अभियान चलाया गया।

# यूपीएस में शामिल कर्मियों को एनपीएस जैसा कर लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने इस यूपीएस योजना का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के समान कर लाभ देने के लिए जरूरी बदलाव किए हैं।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यूपीएस को कर ढांचे के तहत शामिल करना पारदर्शी, लचीले और कर-कुशल विकल्पों के माध्यम से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में सरकार का एक और कदम है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि एनपीएस के तहत उपलब्ध कर लाभ यूपीएस पर भी लागू होंगे क्योंकि यह एनपीएस के तहत एक विकल्प है। ये प्रावधान मौजूदा एनपीएस संरचना के साथ समानता सुनिश्चित करते हैं और यूपीएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को पर्याप्त कर राहत और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।

सिविल सेवा में भर्ती होने वाले कर्मचारियों के लिए एनपीएस के तहत एक विकल्प के तौर पर यूपीएस को लागू किया गया था।

● सरकार ने कर्मचारियों के हित में किया योजना में जरूरी बदलाव

# नीट-यूजी 2025 के नतीजों को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक प्रश्न में कथित त्रुटि से नीट-यूजी 2025 के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसने दो दिन पहले इसी तरह की एक याचिका खारिज की थी और वह व्यक्तिगत परीक्षाओं पर विचार नहीं कर सकती। पीठ ने कहा, हमने समान मामलों को खारिज कर दिया है। हम सहमत हैं कि कई सही उत्तर हो सकते हैं। लेकिन हम उस परीक्षा में हस्तक्षेप नहीं कर सकते जिसमें लाखों अभ्यर्थी बैठते हैं।

## एक नजर



किदांबी श्रीकांत। ● एजेंसी

### श्रेयांशी क्वार्टर फाइनल में हारकर कनाडा ओपन से बाहर

**कालगैरी :** युवा भारतीय शटलर श्रेयांशी वालीशेट्टी का कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क की अमाली शुल्ज से हारने के बाद समाप्त हो गया। विश्व की 75वें नंबर की खिलाड़ी वालीशेट्टी ने शुरुआती गेम में बढ़त गंवा दी और विश्व की 69वें नंबर की खिलाड़ी शुल्ज से 53 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 19-21, 19-21 से हार गईं। वलीशेट्टी ने बृहस्पतिवार रात को विश्व की 45वें नंबर की खिलाड़ी मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन को मात्र 35 मिनट में 21-15, 21-14 से हराकर 240,000 डॉलर की पुरस्कार राशि की इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। दिन में अभी किदाम्बी श्रीकांत और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम पुरुष एकल में खेलने उतरेंगे।

### भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के नये कोच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने खराब फॉर्म से जूझ रही पुरूष टीम के नये मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और आवेदन करने की आखिरी तारीख 13 जुलाई है। स्पेन के मानोलो मारकेज के जाने के बाद नये कोच की तलाश शुरू की गई। मारकेज ने एआईएफएफ के साथ आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। वह पिछले साल ही टीम से जुड़े थे। एआईएफएफ ने अपनी वेबसाइट पर लिखा सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच एआईएफएफ महासचिव को रिपोर्ट करेगी और सभी मैचों और टूर्नामेंटों में टीम के प्रदर्शन के लिये जवाबदेह होगा। इसमें कहा गया मुख्य कोच राष्ट्रीय टीम विभाग, राष्ट्रीय टीम निदेशक और तकनीकी निदेशक के साथ मिलकर काम करेगा।

### भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 37वें स्थान पर

**रबात (मोरक्को) :** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर यहां 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 37वें स्थान पर हैं। एशियाई टूर पर 11 जीत के साथ सबसे सफल भारतीय भुल्लर मौजूदा एशियाई टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन जॉन कैटलिन से चार शॉट पीछे हैं। भुल्लर ने तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाये।

### नूपुर विश्व मुक्केबाजी कप के फाइनल व अविनाश सेमीफाइनल में

**अस्ताना :** भारतीय मुक्केबाज नूपुर (80 से अधिक किग्रा भार वर्ग) ने अस्ताना में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के फाइनल में जबकि अविनाश जामवाल (65 किग्रा) ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की जिससे भारत की पदकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नूपुर ने शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए तुर्की की सेमा दुस्ताज को 5-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इससे पहले दिन में अविनाश ने पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में प्रभावित किया। उन्होंने अमेरिका के रेने कैमाचो को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई और अपना पदक पक्का किया।

### पंकज आडवाणी राष्ट्रमंडल बिलियर्ड्स के क्वार्टर फाइनल में

**बालाक्लावा (मॉरीशस) :** भारत के कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रमंडल बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-रेड स्नूकर के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। आडवाणी ने धीमी शुरुआत के बाद ऑस्ट्रेलिया के जेवियर डॉ को 3-1 से मात दी। दूसरे फ्रेम में 42 का क्लीयरेंस उनकी पहले दौर की जीत का मुख्य आकर्षण रहा।

6 विकेट




मोहम्मद सिराज।

# सिराज के तूफान से भारत ने कसा शिकंजा

## तीसरा दिन : ब्रुक और स्मिथ ने तेज शतक लगाकर इंग्लैंड को फालोआन से बचाया, टीम इंडिया ने 244 रन की बढ़त बनाई

**बर्मिंघम, एजेंसी**

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने घातक गेंदबाजी करते हुए छह विकेट झटककर इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को चायकाल के बाद 407 रन पर ढेर कर दिया और भारत को पहली पारी में 180 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी में तेज बल्लेबाजी करते हुए स्टंप्स तक एक विकेट खोकर 64 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 244 रन की हो गयी है। यशस्वी जायसवाल 28 रन बनाकर जोश टंग की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। जायसवाल ने 22 गेंदों की अपनी पारी में छह चौके लगाए। स्टंप्स के समय के एल राहुल छह चौकों की मदद से 28 और करुण नायर सात रन बनाकर क्रीज पर हैं।

**सिराज ने इंग्लैंड को धराशायी किया :** इससे पहले इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 77 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहले दो सत्रों में अपना दबदबा बनाया लेकिन तीसरे सत्र में सिराज ने इंग्लैंड को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। सिराज ने सुबह के सत्र में दो विकेट झटके थे और आखिरी सत्र में तीन विकेट लेकर 70 रन पर छह विकेट हासिल किए। कल दो विकेट लेने वाले आकाशदीप सिंह ने आज दो विकेट निकाले और 88 रन देकर चार विकेट हासिल किये। सिराज ने चौथी टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी एक पारी में दो बल्लेबाजों ने 150+ का स्कोर बनाया हो और उसी पारी में छह बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए हों। स्मिथ और ब्रूक के बीच हुए 303 रनों की साझेदारी ने इंग्लैंड को एक बेहद खराब स्थिति से अच्छी स्थिति में जरूर ला दिया है लेकिन बाकी के बल्लेबाजों का साथ मिलता तो वे अच्छी जगह पर होते। आकाश दीप और सिराज ने दूसरे नई गेंद के साथ कमाल की गेंदबाजी की। सिराज ने छह विकेट हासिल किए और आकाश दीप ने चार विकेट।




इंग्लैंड के बल्लेबाज जेमी स्मिथ और हैरी ब्रूक अपनी शतकीय पारी के दौरान एक-दूसरे को बधाई देते हुए। ● एजेंसी

### स्मिथ और ब्रूक की आकर्षक शतकीय पारियां

जेमी स्मिथ 184 रन पर नाबाद रह गए। उन्होंने 207 गेंदों का सामना कर अपनी पारी में 21 चौके और चार छक्के लगाए। हैरी ब्रूक ने 234 गेंदों पर 158 रन में 17 चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले इंग्लैंड ने चायकाल तक पांच विकेट खोकर 355 रन बना लिए थे। दिन का दूसरा सत्र पूरी तरह से इंग्लैंड के नाम रहा। इस सेशन में इंग्लैंड ने कुल 106 रन बनाए और कोई विकेट नहीं गंवाया। भारत ने स्मिथ और ब्रूक के खिलाफ जो कुछ भी प्लान किया, वह विफल रहा। हालांकि पिछले कुछ ओवरों में जडेजा को टर्न एंड बाउंस मिला है लेकिन सुंदर अभी भी लय नहीं पकड़ पा रहे थे। भारत उम्मीद करेगा कि अगले सेशन में जल्दी कुछ विकेट लिए जाएं। दूसरे तरफ बैजबॉल वाली टीम निश्चित ही ड्रॉ के लिए नहीं खेलेगी, ऐसे में कुछ चौंकाने वाले फैसले लिए जा सकते हैं।

**दूसरी नयी गेंद भारत के लिए भाग्यशाली साबित हुई :** भारत ने दूसरी नयी गेंद के साथ इंग्लैंड की कमर तोड़ दी। इंग्लैंड ने लंच तक पांच विकेट पर 249 रन बनाये थे। इंग्लैंड ने कल के तीन विकेट पर 77 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में इंग्लैंड के खाते में सात रन और जुड़े थे कि मोहम्मद सिराज ने जो रूट (22) को अपना शिकार बनाकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद अगली ही गेंद पर कप्तान बेन स्टोक्स (शून्य) को भी आउटकर भारत को पांचवी सफलता दिलाई। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये जेमी स्मिथ ने हैरी ब्रूक के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने अर्धशतक पूरे किये। इसके बाद जेमी स्मिथ ने 47वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरा शतक है। लंच तक जेमी स्मिथ तथा हैरी ब्रूक क्रीज पर मौजूद थे। जब सिराज ने दिन की शुरुआत में दो गेंदों में लगातार दो विकेट झटके तो ऐसा लगा कि भारत इस मैच पर पूरी तरह से हावी हो चुका है लेकिन स्मिथ और ब्रूक के बीच कमाल की साझेदारी हुई।

**भारत पहली पारी : 587/10**

**इंग्लैंड पहली पारी**

**407/10** (89.3 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैक क्रॉउली का नायर बो सिराज | 19 |
| बेन डकेट का गिल बो आकाश दीप | 00 |
| ओली पोप का राहुल बो आकाश दीप | 00 |
| जो रूट का पंत बो सिराज | 22 |
| हैरी ब्रुक बो आकाश दीप | 158 |
| बेन स्टोक्स का पंत बो सिराज | 00 |
| जेमी स्मिथ नाबाद | 184 |
| क्रिस वोक्स का नायर बो आकाश दीप | 05 |
| ब्राइडन कार्स पगबाधा सिराज | 00 |
| जोश टंग पगबाधा सिराज | 00 |
| शोएब बशीर बो सिराज | 00 |

**गेंदबाजी :** आकाश दीप 20-2-88-4, सिराज 19.3-3-70-6, प्रसिद्ध 13-1-72-0, नितीश 6-0-29-0, जडेजा 17-2-70-0, सुंदर 14-0-73-0

**भारत दूसरी पारी**

**64/1** (13 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल पगबाधा टंग | 28 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 28 |
| करुण नायर नाबाद | 07 |

**गेंदबाजी :** क्रिस वोक्स 5-0-28-0, ब्राइडन कार्स 5-1-23-0, जोश टंग 3-1-12-1

### उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसी बचपन में करता था : गिल


**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसे अपने शुरुआती दिनों में करते थे। बल्लेबाजी में लय और लुत्फ दोनों पर फोकस था। यह पूछने पर कि श्रृंखला से पहले क्या उन्होंने अपनी तकनीक में बदलाव किया है। गिल ने मेजबान प्रसारक से कहा मैंने आईपीएल के आखिर में और इस श्रृंखला से पहले इस पर काफी काम किया। मैंने मूल रूप से शुरुआती मूवमेंट पर काम किया।

# कोहली की राह पर शुभमन पंत और जायसवाल : वॉन

**बर्मिंघम, एजेंसी**

● **इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा भारत को नंबर एक टेस्ट टीम का दर्जा दिला सकते हैं तीनों खिलाड़ी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि विराट कोहली की अनुपस्थिति में भारतीय टेस्ट टीम को आगे ले जाने की जिम्मेदारी नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को मिलकर उठानी होगी। वॉन ने कहा कि कोहली ने अपने समय में अकेले ही यह जिम्मेदारी उठाई थी। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए ऐसा लगता है कि भारतीय बल्लेबाजी क्रम कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आराम से आगे बढ़ रहा है। लेकिन वॉन ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि अच्छी शुरुआत का यह मतलब नहीं है कि काम पूरा हो गया है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने वॉन ने कहा गिल, जायसवाल और पंत को भारतीय टेस्ट टीम को उसी तरह आगे ले जाना होगा जैसा विराट कोहली अकेले करते थे। मैं देख रहा हूं कि इनका ग्रुप सही तरीके से खेल रहा है। उन्होंने कहा इनके पास शानदार मौका है कि वे उसी तरह ही विरासत छोड़े जैसा विराट कोहली भारतीय टेस्ट टीम के लिए छोड़कर गए हैं। अगर ये खिलाड़ी नंबर एक टेस्ट टीम का दर्जा दिलाने वाली कोहली की ऊर्जा और इतने लंबे समय तक पड़े उनके प्रभाव के करीब भी पहुंच सके तो उनका काम अच्छा होगा।



कोहली और रोहित ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट से संन्यास की घोषणा की और वॉन ने कहा कि भारत में हमेशा ही प्रतिभा की भरमार रहेगी लेकिन कोहली जैसे खिलाड़ी को पाना आसान नहीं है। वॉन ने कहा आप दो महान खिलाड़ियों के संन्यास लेने या टीम से बाहर जाने के बाद आप अचानक आगे नहीं बढ़ सकते। शुभमन ने कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर शानदार शुरुआत की है। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। बल्लेबाजी के मामले में मुझे नहीं लगता कि टीम को बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा यह वह प्रतिस्पर्धी ऊर्जा है जो विराट टेस्ट टीम में लेकर आए। वह वो जज्बा और उत्साह लेकर आए जिसकी आपको जरूरत होती है। वह रणनीतिक रूप से भी बहुत अच्छे थे। हालांकि कप्तान के तौर पर शुभमन इसमें बेहतर हो सकते हैं।

## भारत का बांग्लादेश दौरा स्थगित होने की संभावना

**नई दिल्ली :** भारतीय टीम का बांग्लादेश का आगामी दौरा स्थगित होने की संभावना है क्योंकि बीसीसीआई देश में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंतित है।

पिछले साल राजनीतिक अस्थिरता के बाद बांग्लादेश के हालात तनावपूर्ण हैं, जिसके कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को हटा दिया गया था। भारत को 17 से 31 अगस्त तक चटगांव और ढाका में तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया बीसीसीआई जाहिर तौर पर राजनीतिक अस्थिरता और प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति को लेकर सतर्क है। हालांकि यह श्रृंखला रद नहीं हुई है, लेकिन यह बाद की तारीख में 2026 में आयोजित की जाएगी क्योंकि विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए वनडे चैंपियनशिप अंक इससे जुड़े हैं। समझा जाता है कि बीसीसीआई चाहता है कि बांग्लादेश में आम चुनाव होने के बाद ही दौरा आगे बढ़े तथा कानून-व्यवस्था का ख्याल रखने के लिए वहां एक स्थिर सरकार हो।

# नाओमी का सफर तीसरे दौर में खत्म

**लंदन, एजेंसी**

पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका शुक्रवार को अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-4 से हार के साथ ही विम्बलडन के तीसरे दौर से बाहर हो गई। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका की मौजूदा रैंकिंग में 50वें स्थान है। उन्होंने अपने सभी ग्रैंड स्लैम खिताब हार्ड कोर्ट (यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन दोनों में दो-दो बार) पर हासिल किए है। ओसाका इस साल ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने पिछले चार में से तीन मैच हारकर पहुंची थीं और उनका करियर रिकॉर्ड वहां 5-4 का था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 और 2018 में तीसरे दौर में पहुंचना था। उन्होंने 2021, 2022 और 2023 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था।



नाओमी ओसाका।

### वांग शिनयू दूसरे दौर में बाहर

चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गईं। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने गुरुवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया। वांग ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला। वांग ने कहा 4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला।

### बेन शेल्टन ने रिंकी हिजिकाता को हराया

**लंदन :** दो बार ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्ट ने शुक्रवार को यहां विम्बलडन के दूसरे दौर में रिंकी हिजिकाता को 6-2, 7-5, 6-4 से हरा दिया। यह मैच अंधेरे के कारण तीसरे सेट में स्थगित कर दिया गया था। अमेरिका के 10वें वरीय शेल्टन 2023 अमेरिकी ओप और इस साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंचे थे। अब शेल्टन का सामना 105वीं रैंकिंग के हंगरी के मार्टन फुकसोविच से होगा।

## डूरंड कप फुटबॉल 23 से, 24 टीमें हिस्सा लेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 134वें चरण में कुल 24 टीमें खिताब हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी जो 23 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों में खेला जाएगा। इन 24 टीमों को छह ग्रुप में रखा जाएगा और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, मेघालय और असम में खेला जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में भारतीय सेना द्वारा आयोजित टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान, भारतीय सेना के प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी ताकत होती है। भारत में ये राष्ट्रीय एकीकरण के लिए ताकतवर साधान रहे हैं।



# नीरज को भारत में भाला फेंक क्रांति की उम्मीद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

तीन ओलंपिक भाला फेंक पदक विजेताओं नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर और जूलियस येगो के साथ बैठे हुए सचिन यादव काफी उत्साहित दिख रहे थे लेकिन चमचमाते मंच पर देश के स्टार की मौजूदगी ही काफी अहमियत रखती है। यह चोपड़ा के उस ख्वाब की ताबीर है जिसमें वह भाला फेंक को पूरे देश में हर घर तक पहुंचाना चाहते हैं। इस लिहाज से शनिवार को होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक भारत में मोंडो क्लासिक के बराबर हो सकती है जो विश्व रिकॉर्डधारी और ओलंपिक चैंपियन अर्मांडो डुप्लांटिस द्वारा स्वीडन में अपने गृहनगर उप्साला में होने वाला पोल वॉल्ट टूर्नामेंट है।

**नीरज चोपड़ा क्लासिक**




बेंगलुरु : भाला फेंक खिलाड़ी जर्मनी के थॉमस रोहलर, भारत के नीरज चोपड़ा और सचिन यादव भारत (बाएं से) पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए। ● एजेंसी

डुप्लांटिस अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की इच्छा से प्रेरित रहते हैं और अभी तक 15 दफा ऐसा कर चुके हैं। लेकिन चोपड़ा की महत्वकांक्षा इससे बड़ी है। चोपड़ा भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों की अगली पीढी को प्रेरित करने के अपने विचार पर बात करते हुए भावुक हो गए और उन्होंने कहा सबसे पहले मैं जूलियस, थॉमस और भारत के सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। सभी मेरे अच्छे दोस्त हैं और यहां आने के लिए आपका शुक्रिया। आखिरकार हम इतने महान भाला फेंक खिलाड़ियों के साथ यहां बैठे हैं। मैं बहुत खुश हूं कि भारत में इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मेजबान देश का प्रतिनिधित्व भी अच्छा रहे जिससे उनके और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन के अलावा रोहित यादव, साहिल सिल्वाल और यशवीर सिंह इसमें खेलेंगे। ये सभी युवा भारतीय भाला फेंक एथलीट जर्मनी के 2016 ओलंपिक पदक विजेता रोहलर से आंतरिक रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि उन्होंने उनके लोकप्रिय यूट्यूब चैनल से काफी गुर सीखे हैं। रोहलर ने कहा कि उभरती हुई प्रतिभाओं से अपने अनुभव और जानकारी साझा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा मैं हमेशा ही जानकारी साझा करना पसंद करता हूं क्योंकि तभी मैं खेल में छाप छोड़ सकता हूं। मेरे लिए दूरी, पदक और ये सभी चीजें बस कागज पर लिखे नंबर हैं। मैं खेल में छाप छोड़ सकता हूं। इसलिये मुझे प्रतिभाओं से बात करने में हिचक नहीं होती। मैं खुश हूं कि मैं इनमें से कईयों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता हूं। चोपड़ा को अपने प्रयासों की बदौलत सहयोग मिलना भी शुरू हो गया है और काफी प्रायोजक इन टूर्नामेंट का प्रायोजन करने के इच्छुक हैं। नीरज चोपड़ा क्लासिक को जेएसडब्ल्यू और बीपीसीएल का समर्थन मिला है।

## मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है : कार्लसन

**जगरेब :** विश्व चैंपिनयन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है।



भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैंपियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी। कार्लसन ने हार के बाद 'टेक टेक टेक' से कहा ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है।

